

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 329 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 16 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# PM मोदी की 'ग्लोबल लीडर अप्रूवल लिस्ट' में बादशाहत कायम, बाइडेन और ऋषि सुनक छूटे काफी पीछे

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. अपनी जी20 सफलता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं की लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग लिस्ट में टॉप पर अपना स्थान बरकरार रखा है. उनके बाद स्विस राष्ट्रपति एलेन बर्सेट 64 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर और मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर तीसरे स्थान पर हैं.

जून में जारी अंतिम अप्रूवल रेटिंग के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की ताजा रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है और उन्होंने 40 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ सातवां स्थान बरकरार रखा, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 27 प्रतिशत रेटिंग के साथ 12वें स्थान से गिरकर 15वें स्थान पर आ गए हैं.

हालांकि, 76 प्रतिशत के साथ प्रधानमंत्री मोदी की लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग में दो



प्रतिशत अंक की गिरावट आई है. डिसिजन इंटेलीजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा 14 सितंबर को 'ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग ट्रैकर' जारी किया गया है. कंपनी ने फरवरी में भी पीएम मोदी को 78 प्रतिशत स्कोर के साथ अपनी अप्रूवल रेटिंग में शीर्ष पर रखा था. तब से, उनके अप्रूवल रेटिंग में दो प्रतिशत अंक की गिरावट आई है.

मॉर्निंग कंसल्ट के अनुसार, लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग 6 से 12 सितंबर तक एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित हैं. इसमें कहा गया है कि रेटिंग अलग-अलग सैम्पल साइज के साथ प्रत्येक देश में वयस्क निवासियों के सात-दिवसीय औसत पर आधारित हैं. नई दिल्ली में भव्य जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन – जिसमें भाग लेने वाले सदस्य देशों के अधिकांश नेताओं ने प्रशंसा की – 9 और 10 सितंबर को आयोजित किया गया था. सूची में 22 देशों के नेताओं की रैंकिंग शामिल है, जिनमें से अधिकांश जी20 सदस्य हैं.

सूची के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के एंथोनी अल्बानीज 48 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर, जबकि इतालवी पीएम जियोर्जिया मेलोनी 42 प्रतिशत के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे. पीएम मोदी के अलावा, जो दक्षिणपंथी बीजेपी से हैं, मेलोनी शीर्ष 10 में एकमात्र अन्य वैश्विक नेता हैं जिनकी पार्टी, ब्रदर्स ऑफ इटली, राजनीति में दक्षिणपंथी से लेकर सुदूर दक्षिणपंथी तक का स्थान रखती है. आयरिश प्रधानमंत्री या ताओसीच, लियो वराडकर की पार्टी की राजनीतिक स्थिति केंद्र-दक्षिणपंथी है. बाकी नेता – स्विट्जरलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, स्पेन और कनाडा उन पार्टियों से हैं जो केंद्र-वामपंथी से वामपंथी हैं या सामाजिक उदारवाद (अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी) का पालन करते हैं.

## उप जिलाधिकारी सदर ने की डूब क्षेत्र में प्लोटिंग करने वालों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई।

### हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में हो रही अवैध प्लोटिंग को उप जिलाधिकारी सदर ने कराया ध्वस्त।

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 15 सितंबर 2023 उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में डूब क्षेत्र में हो रही अवैध प्लोटिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी गण अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार द्वारा डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में तहसील सदर के ग्राम सफीपुर में गाटा संख्या 13, 14म,15 की लगभग 3.5 हेक्टेयर भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराने की बड़ी कार्रवाई की गई है। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि उक्त जमीन हिंडन नदी का डूब क्षेत्र है और जिस पर रविंद्र टाइगर व शैलेश गर्ग के द्वारा अवैध रूप से प्लोटिंग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि यह 40 बीघा जमीन थी, जोकि लगभग 20 करोड रुपए की है। बिल्डिंग मटेरियल को हटाने की कार्रवाई 2 दिन में पूर्ण कर ली जाएगी साथ ही



# यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड फेयर: राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के टीम भी होंगे शामिल

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

उत्तर प्रदेश में 21 से 25 सितंबर, 2023 तक पहला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू और वढ के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के टीम भी इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनेंगे। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनर श्री मनीष वर्मा ने उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के टीम को आज निमंत्रण पत्र भेजा है ।

पहला यूपी इन्टरनेशनल ट्रैड फेयर मे शामिल होने के लिए जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने निमंत्रण पत्र विकास जैन प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के घर पर भिजवाया है। निमंत्रण पत्र मिलने के बाद टीम मे काफी हर्ष का माहौल है और इस सम्मान के लिए जिलाधिकारी श्री मनीष वर्मा का आभार व्यक्त किया है।




बताते चले कि इस आयोजन को लेकर तैयारी जोरो शोरो पर है। इसमे देश तथा विदेश के उद्योग तथा उनसे जुड़े प्रतिनिधी शामिल होंगे जिसकों लेकर सुरक्षा तथा सफाई के साथ-साथ रहने और ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार भी जारी है।

## हरियाणा नूंह हिंसा मामला

# कांग्रेसी विधायक मामन खान को लिया पुलिस ने हिरासत में

**विनोद कश्यप, प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के कांग्रेसी विधायक मामन खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहाँ यह बताना भी जरूरी है कि 14 सितम्बर को उच्च न्यायालय ने मामन खान की गिरफ्तारी की रोक पर अपील ठुकराते हुए अन्य विकल्पों के इस्तेमाल की ही छूट दी थी। यानि इस मामले में मामन खान को राहत नहीं मिल पाई थी।

सूत्रों के मुताबिक मामन खान को करीब 9 बजे आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा के मामले में पुलिस की टीम ने जहाँ कांग्रेस विधायक मामन खान को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है वहीं इस इलाके में अब इंटरनेट की सेवाएं भी दो दिन के लिए बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा नूंह जिला में धारा 144 लागू की गई है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार प्रातः काल हरियाणा पुलिस की टीम ने कांग्रेस विधायक को नूंह हिंसा मामले में गिरफ्तार किया। इससे पहले विधायक मामन खान ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था लेकिन अब पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। इधर मामन खान की गिरफ्तारी के बाद नूंह में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। नूंह में गृह विभाग की तरफ से दो दिनों के लिए इंटरनेट और मोबाइल एसएमएस सेवाओं पर रोक लगा दी है वहीं जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है।



फिलहाल, मामन खान को अब नूंह जिला अदालत में पेश किया जा रहा है। यहां से पुलिस मामन खान की रिमांड हासिल करेगी। जिला अदालत के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। साथ ही कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा बढ़ाई गई है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। नूंह के डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि, कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए हमने धारा 144 लागू की है। साथ ही इंटरनेट भी बंद करने के आदेश दे दिए गए हैं।

नूंह जिले में 15 सितंबर को सुबह 10:00 बजे से 16 सितंबर को 23:59 बजे तक मोबाइल इंटरनेट अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा। लोगों से अपील है कि वे शुक्रवार की जुमे की नमाज घर में ही करें।

### 60 एफआईआर के साथ अब तक 330 लोग गिरफ्तार

नूंह हिंसा को लेकर एसपी नरेंद्र



बिजारनिया ने बड़ी जानकारी दी है। एसपी नरेंद्र बिजारनिया ने बताया कि, हिंसा में कार्रवाई के तहत अब तक 60 एफआईआर दर्ज.की गईं हैं और 330 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया से हिंसा भड़काने को लेकर 11 लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज. हुए हैं और 5 लोग गिरफ्तार हुए हैं। बिजारनिया के अनुसार, जांच में यह पाया गया है कि कुछ यूट्यूब और टेलीग्रम चैनल ऐसे हैं जिनका कनेक्शन सीमा पार (पाकिस्तान) से है। इनका किसी भी अप्रीय घटना में हिंसा भड़काने का काम होता है।

### मामन खान पर हरियाणा सरकार के मंत्री का बड़ा बयान

इधर, कांग्रेस विधायक मामन खान की गिरफ्तारी को लेकर हरियाणा सरकार के एक मंत्री का बड़ा बयान सामने आया है। कैबिनेट मंत्री देवेंदर सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा के भाईचारे को खराब करने में कोई भी इंसान लिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। विधायक भी आम नागरिक है और अगर गलती की है तो उस पर कानूनी कार्रवाई बनती है और कार्रवाई होगी।

### बृजमंडल यात्रा के दौरान हुई थी हिंसा

नूंह में 31 जुलाई को हिंदुओं की धार्मिक बृजमंडल यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा में शामिल लोगों पर दूसरे समुदाय की तरफ से अचानक पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते हालात इस कदर बिगड़ गए कि, जमकर पत्थरबाजी हुई और आगजनी की गई। यात्रा में शामिल कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं कई गाड़ियां पथराव में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त की गईं। पत्थरबाजों ने पुलिस फोर्स पर भी पथराव किया और उनकी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। साथ ही हिंसा में छह लोग मारे गए।

# गड्ढों में तब्दील सड़क को लेकर छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर यह तो सच है कि सड़के क्षेत्र के विकास में अहम रोल अदा करती हैं। लेकिन जब सड़के जर्जर क्षतिग्रस्त और गढ्ढों में तब्दील हों तो क्षेत्र का विकास होना कैसे संभव माना जाए। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां पर क्षतिग्रस्त एवं गढ्ढे युक्त सड़क को लेकर छात्रों ने आंदोलन के चेतावनी दी है। लेकिन अब देखना है कि छात्रों के आंदोलन से पहले विभागीय अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद टूटती है या नहीं, मिली जानकारी के अनुसार जनपद में जिम्मेदारों की भ्रष्ट नीतियों के कारण सड़कें तालाब बन गयी है। जिससे राहगीरों को सफर करने में बेहद कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है,राहगीर जान जोखिम मे डालकर अपना यात्रा कर रहें हैं। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र डुमरियागंज के भड़रिया भरवठिया मार्ग में बड़े बड़े गढ्ढें हैं। जबकि शासन की मंशा है कि सड़के गढ्ढा मुक्त हो लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण शासन के मंशा पर पानी फिर रहा है। क्षेत्र के देवरिया चमन निवासी गिरधर प्रसाद चतुवेर्दी ने कहा कि इस सडक पर दो इण्टर कालेज है सैकड़ो की संख्या मे बच्चें पढ़ने जाते हैं,बच्चो की साइकिल जल्दी खराब हो जाती है,तथा कई बार बच्चों के गिरने से किताब कापी भी खराब हो गयीं है। वहीं पेड़रियाजीत निवासी बलेसर यादव ने बताया की बरसात के समय में गढ्ढों में बारिश की पानी भरने से अंदाजा नही हो पाता है कि गढ्ढें कितने बड़े हैं।

और लोग उसमें गिरकर चोटिल हो





जाते हैं। वहीं बलेसर यादव ने कहा कि सड़क बनवाने के नाम पर अभी तक केवल आश्वासन ही मिलता आ रहा है। सडक की स्थिति जस की तस बनी हुई है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सड़क बनने के बाद आज तक मरम्मत तक नहीं किया गया है। सड़क पर पूरी तरह से गढ्ढों का रूप ले चुकी है। क्षेत्रीय लोगों ने सड़क बनवाने की मांग की है। तो वहीं छात्रों में भरवठिया भड़रिया मार्ग को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिला रहा है। छात्रों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द सड़क नहीं बनवाया गया तो हम लोग मिलकर सड़क पर एक बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।




# गिल के शतक पर फिरा पानी !

**नई दिल्ली.** शाकिब अल हसन की कप्तानी पारी के बाद बांग्लादेश ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत को रोमांचक मैच में 6 रन से हरा दिया. टीम इंडिया 266 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी. टीम इंडिया 1 गेंद बाकी रहते 259 रन पर ढेर हो गई. शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़े, बावजूद इसके भारतीय टीम को फाइनल से पहले हार झेलनी पड़ी है. भारत को पिछले 4 वनडे में बांग्लादेश ने तीसरी बार हराया है. हालांकि टीम इंडिया के लिए यह मुकाबला



महज औपचारिकता भर था क्योंकि भारतीय टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है जहां रविवार को वह श्रीलंका से भिड़ेगी.

भारत ने इस मुकाबले में 5 बदलाव किए थे. फाइनल से पहले भारतीय टीम ने अपने 5 मुख्य खिलाड़ियों को आराम दिया था. टीम इंडिया की ओर से गिल ने जहां शतकीय पारी खेली वहीं अक्षर पटेल 42 रन बनाकर आउट हुए. सूर्यकुमार ने 26 रन का योगदान दिया. बांग्लादेश की ओर से पेसर मुस्ताफिजुर रहमान ने 3 जबकि डेब्यूटेंट तनजीम हसन शाकिब और मेहदी हसन मिराज ने 2-2 विकेट लिए.

24 वर्षीय शुभमन गिल ने 117 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. उन्होंने शतकीय पारी में 6 चौके और 4 छक्के जड़े. गिल ने 133 गेंदों पर 121 रन की पारी खेली. गिल के वनडे करियर का यह छठा शतक है. वह इस साल 2023 अभी तक 6 इंटरनेशनल शतक जड़ चुके हैं. इस दौरान उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अभी तक इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 5 सेंचुरी जड़ी है.

# भीड तंत्र के खतरों से अनभिज्ञ समाज।

## भीड़ का न्याय सामाजिक शांति को खतरा

**दैनिक समाज जागरण**

देश के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र

द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।


**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# लीजिये हाजिर हैं नए चुनावी मुद्दे

**दैनिक समाज जागरण**

अधजल गगरी छलक ही जाती है। भाजपा के सर पर रखी सत्ता की गगरी छलक गयी है,उसमें से आगामी चुनावों के लिए जो मुद्दे छलक कर जमीन पर गिरे हैं उन्हें देखकर आपको निराशा होगी । भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान में अपनी चतुरंग सेना लेकर उतरने को आतुर आईएनडीआई ऐ की गगरी के छलकने का इन्तजार है। प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के बीना में खुद अपनी पार्टी के नए चुनावी मुद्दों की बीन बजाई । उन्होंने जी-20 की सफलता और सनातन धर्म पर मंडराते कथित खतरों को लेकर जन-संसद में हाजिर होने के संकेत दे दिए हैं। दुनिया मोदी जी को मदारी,जादूगर समझे बैठी थी लेकिन वे सनातन सपेरे निकले। पूरे एक दशक देश की बागडोर सम्हालने वाली भाजपा के पास जनता के सामने परोसने के लिए उपलब्धियों के नाम पर जब कुछ नहीं बचा तब ऐसे मुद्दों के जरिये जंग जीतने की कोशिश की जा रही है जो दरअसल मुद्द्दे हैं ही नहीं। जो असली मुद्दे थे उन्हें या तो ताक पर रख दिया गया ,या फिर उनके ऊपर धूल डाल दी गयी ,क्योंकि न तो जी-20 की कथित कामयाबी कोई मुद्दा है और न सनातन पर कोई खतरा है। असली बात है आईएनडीआईए की मौजूदगी ,जो भाजपा को भयभीत किये हुए है।किसी राज्य के एक अदने से मंत्री के सनातन विरोधी बयान को पूरे विपक्ष के माथे पर ठीकरा बनाकर फोड़ने की भाजपा की मजबूरी देखकर हँसी आती है। पता नहीं कैसे भाजपा जी-20 की एक बैठक से जनता का माथा ऊंचा और सीना चौड़ा करना चाहती है ? देश में जैसे-जैसे पांच विधानसभाओं के साथ ही आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं,वैसे-वैसे भाजपा की धड़कने तेज हो रहीं है। हांथों के तोते उड़ते दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि भाजपा ने अपना पूरा समय सत्ता पर काबिज रहने के लिए बिसातें बिछाने में खर्च कर दिया। बीते एक दशक में भाजपा ने अपनी चाल,चरित्र और चेहरे में बदलाव की जो भी कोशिशें की वे ' उलटे बांस बरेली 'जैसी साबित हुई। भाजपा पर्याप्त बहुमत के बावजूद ऐसा कुछ हासिल नहीं कर पायी कि जिस बिना पर देश की जनता उसे बिना रोये-गिड़गिड़ाए हंसी-खुशी अपना समर्थन दे दे। ये सभी सत्तारूढ़ दलों के साथ होता है ,उनमें चाहे श्री नरेंद्र मोदी जैसा चमत्कारी नेता हो या न हो। कांग्रेस की एक दशक पुरानी सत्ता भी 2014 में ऐसी ही आत्ममुग्धताओं और लापरवाही की वजह से गयी थी।

भाजपा की एक दशक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में खुद भाजपा को समाप्त करना शामिल है । कांग्रेस में चाहे इंदिरा गाँधी की सरकार हो चाहे राजीव गांधी की सरकार कम से कम एक ही कद के तमाम नेता हुआ करते थे,जो एक-दूसरे को टोक सकते थे,रोक सकते थे,आँखें दिखा सकते थे। माननीय अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं लेकिन आज की सरकार में नरेंद्र मोदी के कन्धों तक पहुँचने वाला कोई नेता बचा ही नहीं है। वे अपने ' कटआउट 'आकार के सामने किसी भी दूसरे नेता की मौजूदगी बर्दाश्त कर ही नहीं पाए । यहां तक की



मोदी जी के हनुमान गृहमंत्री श्री अमित शाह की परछाईं भी जी-20 के दौरान किसी को नजर नहीं आयी। एक विदेश मंत्री जयशंकर और वित्त मंत्री सीता माता को अवश्य मोदी जी की कुर्सी के पीछे तालियां बजाते हुए जरूर देश और दुनिया ने देखा। मोदी जी को अपने दल के ही नहीं विपक्ष के भी कद-काठी के नेता पसंद और बर्दाश्त नहीं है। इसीलिए विदेशी मेहमानों के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया। बात मुद्दों की की जाये तो तमिलनाडु के एक युवा मंत्री के सनातन विरोधी बयान को पूरे विपक्ष का बयान बताने में लगी सकल भाजपा दरअसल धर्म ध्वजाधारक राजनीतिक दल बनी रहना चाहती है । भाजपा शायद नहीं जानती कि उदयनिधि उस खेत की मूली भी नहीं हैं जिस खेत से दो दशकों तक अंग्रेजी सत्ता की फसल होती रही। उदयनिधि उस खेत की खरपतवार भी नहीं है जिस खेत से देश में चार-पांच सौ साल तक मुगलों ने सत्ता की अरहर उगाई। इन दोनों के रहते जब देश का सनातन धर्म खतरे में नहीं पड़ा तो एक अदने से उदयनिधि के बयान से हमारे सनातन धर्म को क्या खतरा हो सकता है ? सनातन धर्म कोई छुईमुई नहीं जो किसी के एक बयान से मुरझा जाये। उदयनिधि को तो हमारे देश की बाबा मंडली ही फूंक में उड़ा सकती है ,उसके लिए भाजपा क्यों हलकान है ? फिर भाजपा को सनातन धर्म की रक्षा का ठेका किसने दिया है ? सनातनी खुद ये काम बाखूबी कर सकते हैं। लेकिन मजबूरी का नाम भाजपा होता है । भाजपा मंदिर-मस्जिद और धर्म से बाहर आकर खेल ही नहीं सकती।

मुझे भाजपा बहुत अच्छी पार्टी लगती है क्योंकि उसके पास एक सुगठित संगठन है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसी एक मात्र संस्था है। विपक्ष के पास ऐसा कुछ नहीं है । विपक्ष की सबसे बड़ी और पुरानी पार्टी कांग्रेस अपना संगठन और मात्र संस्थाओं को कब का होम कर चुकी है। फिर भी भाजपा में घबड़ाहट है ,उसे जनता के असनतोष की आहट साफ सुनाई दे रही है । आप कभी मध्यप्रदेश आकर देखिये ,वहां विधानसभा चुनाव से पहले संघ खुद रूप बदलकर भाजपा को बचने के लिए चुनाव मैदान में है । संघ ने अपने ही कुछ प्रचारकों को कथित बागी बनाकर एक राजनीतिक दल का गठन करा दिया है जो भाजपा विरोधी वोटों को विपक्ष के पास जाने से रोकने की कवायद करेगा। मध्यप्रदेश में भाजपा की दो इंजन वाली सरकार है लेकिन उसे भी चुनाव मैदान में उतरते ही भावनात्मक खेल खेलना पड़ रहा है । भाजपा राखियां बंधवाकर महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए की खैरात बांटने पर विवश है।

भाजपा के लिए मध्यप्रदेश ही जंग का पहला मोर्चा है । पिछले कुछ वर्षों में भाजपा अनेक मोर्चों पर मुंह की खाती आ रही है । माननीय मोदी जी की बाहुबली और अद्भुद सरकार की तमाम ऐतिहासिक उपलब्धियों के बावजू न पंजाब ने उन्हें टिकने दिया न हिमाचल ने । बंगाल के बाद कर्नाटक ने भी माननीय मोदी जी को खारिज कर दिया । राजस्थान,छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश पहले ही 2018 में मोदी जी को खारिज कर चुके थे । भाजपा ने जैसे-तैसे विभीषणों के सहारे भाजपा में सत्ता हासिल कर ली लेकिन तीन साल बाद भी प्रदेश में भाजपा की सत्ता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसीलिए माननीय मोदी जी ने मध्यप्रदेश के बीना शहर में अपना पिटारा सबसे पहले खोला और उसमें से कथित रूप से खतरे में पड़ा सनातन धर्म और हजारों करोड़ के खर्चे से समपन्न जी 20 की बैठक की कामयाबी का गुब्बारा निकला। हालाँकि पिटारों से सरी-सर्प ही निकलते हैं लेकिन मै मोदी जी के मुद्दों को सरी-सर्प नहीं कह सकता। ऐसा कहना गलत होगा,क्योंकि मुद्दे तो मुद्दे होते हैं ,फिर चाहे वे सरी-सर्प हों या न हों।

भाजपा से पहले देश में कांग्रेस के पास भी कई बार मुद्दों का अभाव होता रहा लेकिन कांग्रेस के पांच दशक के राज में न धर्म संकट में आया और न किसी बैठक को कामयाबी के तौर पर चुनावों में इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस ने 1971 में पाकिस्तान के टुकड़े जरूर किये ,धर्म के नहीं और उसका फायदा भी कांग्रेस को मिला । भाजपा ने भी कांग्रेस से प्रेरणा लेकर 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक की और उसका लाभ भी उठाया ,लेकिन अब सारे कारतूस चलाये जा चुके हैं। भाजपा सरकार पिछले एक दशक में न पाकिस्तान का कुछ बिगाड़ पायी और न चीन का। भाजपा के भारत के अपने तमाम पड़ौसियों से रिश्ते प्रगाढ़ होने के बजाय और बिगड़ गए। यहां तक की जी -20 समूह के सदस्य चीन से भी अब भारत की अदावत है जबकि चीन से ही भाजपा का भारत सबसे ज्यादा आयात करता है। ये वो ही चीन है जो आज भी लद्दाख में भारत की सैकड़ों किमी लम्बी जमीन पर काबिज है ।लेकिन ये कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। मुद्दा तो सनातन धर्म को खतरे में डालने वाला उदयनिधि जैसे पिद्दी नेता का बयान है। खुद महाबली प्रधानमंत्री को अपनी प्रत्यंचा पर उदयनिधि के बयान की काट का बाण चढ़ाना पड़ा है।

देश आगे बढ़ रहा है या पीछे जा रहा है इसे लेकर अब भ्रम की स्थिति है । देश में 80 करोड़ लोगों को दो वक्त का भोजन न मिलना मुद्दा है या जी-20 को वो बैठक जिसकी कामयाबी या विफलता से भारत के आम आदमी का कोई लेना-देना नहीं है । ऐसी बैठकें हजारों करोड़ रुपए खर्च करने के बजाय एक पांच सितारा होटल में आसानी से हो सकतीं थी । हुई भी है। भारत से पहले इंडोनेशिया में भी हुई । वहां की सरकार ने तो बैठक की कामयाबी को वोटों में बदलने की कोई कोशिश नहीं की। उससे पहले जिन देशों में जी-20 की बैठकें हुईं वहां न सोने-चांदी के बर्तनों की जरूरत पड़ी और न किसी शहर को बेचिराग करने की जरूरत महसूस की गयी।वहां के किसी प्रधानमंत्री ने अपनी जनता से नहीं पूछा कि -माथा ऊंचा हुआ या नहीं ? सीना चौड़ा हुआ या नहीं ? सत्तारूढ़ भाजपा के पिटारे में सरी-सर्पों के अलावा क्या और बाकी है वो भी गणेश चतुर्थी के दिन होने वाले संसद के विशेष अधिवेशन में सामने आ जाएगा। अभी तो जो सामने आया है उसे देखकर लगता है कि संसद के विशेष सत्र की कोई जरूरत थी ही नही। जिन विधेयकों को पारित करने के लिए संसद का बिना प्रश्नकाल वाला सत्र बुलाया गया है उन सभी को संसद के पिछले सत्र में ही ध्वनिमत से पारित कराया जा सकता था। ये सत्र सिर्फ तमाशे के लिए बुलाया गया लगता है ।इस सत्र में हंगामे होंगे,चीखें सुनाई देंगी । अट्टहास किये जायेंगे। उपलब्धियों के ढोल बजाए जायेंगे और इस सत्र के समापन के साथ ही देश में चुनावी बिगुल बजेगा,रणभेरियों की आवाजें सुनाई देंगी ।

**@ राकेश अचल**

# वास्तु, शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा

**दैनिक समाज जागरण**

भगवान विश्वकर्मा को देवशिल्पी यानी की देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। त्रिलोका या त्रिपक्षीय उन्हें त्रिलोका या त्रिपक्षीय युग का भी निमार्ता माना जाता है। साथ ही विश्वकर्मा जी में अपने शक्ति से देवताओं के उड़ान रथ, महल और हथियार का भी निर्माण किया था। यहाँ तक की रावण की लंका और कृष्ण की द्वारका पुरी जगन्नाथ जी का मंदिर और ना जाने कितने शिल्पों को साकार और निर्मित किया था। ये सभी विश्वकर्मा भगवान द्वारा ही बनाया गया था। न सिर्फ स्वर्ग बल्कि उन्हें इस पूरे सृष्टि का निमार्ता माना जाता है। उन्होंने सत्य युग में सोने की लंका जहाँ असुर राज रावण रहा करता था, त्रेता युग में द्वारका शहर, जहाँ श्री कृष्ण थे, द्वापर युग में हस्तिनापुर शहर का निर्माण जो पांडवों और कौरवों का राज्य था।

इन सभी का निर्माण और वास्तु, शिल्प भगवान श्री विश्वकर्मा द्वारा किया गया। विश्वकर्मा पूजा लगभग सभी दफ्तरों और कार्यालयों में मनाया जाता है, परन्तु इंजिनियर, आर्किटेक्ट, चित्रकार, मैकेनिक, वेल्डिंग दुकान वालें, या कारखानों में इसको मुख्य तौर से मनाया जाता है। इस दिन ऑफिस और कारखानों के लोग अपने कारखानों और कार्यालयों की अच्छे से साफ-सफाई करते हैं, और विश्वकर्मा भगवान के मिट्टी की मूर्तियों को पूजा के लिए सजाते हैं। घरों में भी लोग अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, घर और गाडी मोटर की पूजा करते हैं। उत्तर भारत में यह पूजा बड़े उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस पूजा में आदि शिल्पकार और वास्तुकार हृभगवान विश्वककर्माष की पूजा की जाती है। इस दिन सभी राजमिस्त्री, बुनकर, कारीगर जो लोहे और अन्य धातुओं से वस्तु निर्माण करते है, इंजीनियर, राजमिस्त्री, मजदूर, शिल्पकार, कामगार, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिशियन, टेक्निशियन, ड्राइवर, बढ़ई, वेल्डर, मैकेनिक, सभी औद्योगिक घराने के लोग इस पूजा को बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन कारखानों, वर्कशाप की साफ सफाई की जाती है। गुब्बारे, रंग बिरंगे कागजों से कार्यस्थल को सजाया जाता है। औजारों की सफाई, रंगाई पुताई की जाती है। सभी लोग सुबह नहाकर पूजा स्थल पर भगवान विश्वकर्मा की फोटो लगाते हैं। उस परफूल माला चढ़ाते हैं। धूप, दीपक, अगरबत्ती जलाकर उनकी पूरी विधि विधान से पूजा करते हैं। सर्वप्रथम पूजा के समय यह मंत्र बोलकर भगवान विश्वकर्मा का आह्वान करते हैं -ह्यॐ श्री श्रीष्टिनतया सर्वसिधहया विश्वकरमाया नमो नमःह्व मंत्र का उच्चारण पूरा कर हवन करने के बाद आरती पढ़ते है। फिर सभी को प्रसाद दिया जाता है। सभी कारीगरों को इस पूजा का इंतजार रहता है। इस दिन दुकान या फैक्ट्री में काम नही होता है। सिर्फ पूजा की जाती है। इस पूजा के अगले दिन ष्भगवान विश्वककर्माष की मूर्ति स्थापित की जाती है। फिर भगवान से आशीर्वादमांगते है और कहते है की शिल्प करते समय, कोई भवन, इमारत बनाते समय कोई दुर्घटना न हो। इस दिन श्रम की पूजा भी की जाती है। बिना श्रम के कुछ भी नया निर्माण कर पाना संभव नही है।

शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि भगवान विष्णु की नाभि- कमल से ब्रह्मा जी उपन्न हुए थे। उन्होंने सृष्टि की रचना की। उनके पुत्र धर्म के सातवें पुत्र थे भगवान विश्वककर्मा। उनको जन्म से ही वास्तुकला में महारत प्राप्त थी। इसलिए मनुष्य के जीवन में सदैव विश्वकर्मा पूजा का महत्व है। यदि मनुष्य के पास शिल्प ज्ञान न हो तो वह कोई भी भवन, इमारत नही बना पायेगा। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को ह्यवास्तुशास्त्र का देवताह्व भी कहा जाता है। इनको ह्वप्रथम इंजीनियरह्व, ह्यह्यदेवताओं का इंजीनियरह्व और ह्वमशीन का देवताह्वह्व भी कहा जाता है।

विष्णुपुराण में विश्वकर्मा को देवताओं का ह्यह्यदेव बढ़ईह्वह्व कहा गया है। यह पूजा करने से अनेक फायदे है। इससे व्यापार में तरक्की होती है। पूजा करने से मशीन खराब नही होती है। व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होती है। जिस व्यक्ति के पास एक कारखाना होता है, उसके पास अनेक कारखाने हो जाते हैं।


**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

## यह देश है उन मतवालों का

यह देश है उन रखवालों का
आजादी के मातवालों का,
रखने को शान तिरंगे की
जिन लोगों ने जान गवांई है।

कोड़े खाए नंगे तन पर
हर जुल्म फिरंगी का झेला,
दर - दर भटके भूखे प्यासे
सीने पर गोली खाई है।

वो पागल थे,दीवाने थे
आजादी के परवाने थे,
था इश्क वतन से ही उनको
प्रेम की रीत निभाई है।

कूद पड़े जो समर भूमि में
दे दी प्राणों की आहुति,
अपने शीश की बलि चढ़ा
वतन की लाज बचाई है।

धन्य - धन्य वो मात हमारी
धन्य है उनकी गोद के लाल,
बहा लहू की नदियां फिर
हमने आजादी पाई है।

जब तक तन में प्राण हमारे
और रगों में खून है,
देश की खातिर जीना मरना
यही शपथ दोहराई है।
कसम वतन की खाई है।

**बिंदू अग्रवाल शिक्षिका**
**मध्य विद्यालय गलगलिया।**

## *समय: तब और अब*

चुपके चुपके कैसे समय बदलता है,
चुपके से ही जीवन परिवर्तित होता है,
एक रुपये में दस चीजें आती थी,
अब सौ रुपये में एक चीज ही आती है,
आज का समय यह ऐसा है ।

आओ मैदान में चलें यार खेलने,
मित्रों को यह कह के बुलाते थे,
आनलाइन आओ यार कहकर,
अब तो इंटरनेट पर बुलाते हैं ।
आज का समय यह ऐसा है ।

भाई- बहन की चाकलेट
चोरी करके खा जाते थे,
अब उनके बच्चों को चाकलेट
सब ऑनलाइन ही भिजवाते हैं।
आज का समय यह ऐसा है।

दो मिनट बस दो मिनट माँ,
तब सबका जीवन ऐसा था,
अब अलार्म लगाकर सोते हैं,
आज समय सभी का ऐसा है।
आज का समय यह ऐसा है।

ज़िद करके चिल्लाना वह,
अपनी बात मनवाता था,
अब आँसू आये तो छिपाते हैं,
जब कुछ ऐसा होता जाता है।
आज का समय अब ऐसा है।

हम भी इतिहास रचाएँगे,
जब हम बड़े हो जाएँगे,
काश फिर बचपन आ जाये,
अब ऐसा दिल में आता है।
आज का समय अब ऐसा है।

पहले मिलकर प्लान बनाते थे,
बहुत समय मिल जाता था,
अब समय कहाँ है मिलने का,
पहले प्लान बने फिर मिल पाते हैं।
आज का समय अब ऐसा है।

तब माता-पिता से डरते थे,
कि वह नाराज हो जाएँगे,
माता-पिता रहें सकुशल,
अब प्रभु से यही मनाते हैं।
आज का समय अब ऐसा है।

चेहरे की हंसी से गम को भुला दो,
कम बोलो पर सब कुछ बता दो,
खुद ना रुठो पर सबको हंसा दो,
यही राज है इस जिंदगी का,
जियो और जीना सिखा दो,
आज का समय अब ऐसा है।

जीवन के इस पड़ाव पर
आदित्य आज समझ रहे हैं कि,
चुपके चुपके कैसे समय बदलता है।
चुपके से ही जीवन परिवर्तित होता है।
आज का समय अब ऐसा है।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य, लखनऊ**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# साथिया कार्नर में मिलेगा किशोरों की समस्याओं का समाधान

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उत्तर प्रदेश(यूपी),माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित चार दिवसीय आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में 12 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 को आयोजित किया गया।

उत्तर प्रदेश में अभिनव प्रयोग के अंतर्गत प्रदेश के 18 मण्डल मुख्यालयों से चयनित दो इन्टर कॉलेजों के शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उनके मध्यम से विद्यालयों में पढने वाले किशोर-किशोरियों को काउंसलिंग करने हेतु साथिया कॉर्नर की स्थापना किया जा रहा है।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में साथिया कॉर्नर की स्थापना एवं प्रबंधन के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख विषय के रूप में पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य,शारीरिक चोट एवं लिंग आधारित हिंसा,नशावृत्ति,मानसिक स्वास्थ्य,असंक्रामक बीमारियाँ,जेंडर एवं इंटरनेट तथा सोशल मीडिया रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ मनोज शुक्ल,महाप्रबन्धक आर.के.एस.के. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उत्तर प्रदेश, शिवानी,माध्यमिक शिक्षा परिषद,उत्तर प्रदेश से,सहायक निदेशक, अमित सिंह संयुक्त निदेशक,परिवार कल्याण तथा शिल्पा नायर,राज्य निदेशक, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ मनोज



शुक्ल,महाप्रबन्धक आर.के.एस.के. ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साथिया कॉर्नर, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में एक अभिनव पहल है, यह पहल निश्चित रूप से किशोरों से सम्बन्धित विषयों एवं समस्याओं की काउन्सलिंग के माध्यम से हल व निराकरण करने में सहायक होगा और इसके परिणामों को द्रष्टिगत रखते हुए भविष्य में इस कार्यक्रम का विस्तार होगा।

इस दौरान राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज से किशोरियां एवं राजकीय जुबली इंटर कॉलेज से आये किशोरों ने काउंसलिंग कार्यक्रम की आवश्यकता को बताया,और पहल की सराहना की।किशोरों ने इस सम्बन्ध में टीचर काउंसलर के साथ चर्चा में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की किशोरों से सम्बन्धित सेवाओं के सम्बन्ध में कुछ सुझाव भी दिए। इसमें विद्यालय में लैंगिंक असमानता, पोषण,मानसिक स्वास्थ्य,यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य विषयक जानकारी पर नियमित सत्र आयोजित करने हेतु, पेरेंट्स टीचर मीटिंग के दौरान पेरेंट्स के लिए सकारात्मक सत्र/किशोर कल्याण विषयक सत्र आयोजित करने हेतु सुझाव दिया,इसी क्रम में किशोरियों ने कहा कि जिस प्रकार से पैड का वितरण स्कूल में किया जाता है, उसी प्रकार से शत-प्रतिशत वितरण स्कूल न जाने वाली किशोरियों के लिए भी होना चाहिए, साथ ही जेंडर सम्बन्धी विषयक भी जागरूकता के लिए नियमित सत्र होना चाहिए।इन किशोर-किशोरियां हेतु पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया द्वारा उक्त विषयक प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित भी किये जा रहे है।

उपस्थित प्रतिभागियों के कहा कि यह कार्यक्रम किशोर-किशोरियों की जिज्ञासा एवं उनकी काउंसलिगं सम्बन्धी आवश्यकता को पूरा करेगा, इस चार दिनों में किशोरों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी मिली है। जोकि भविष्य में इस कार्यक्रम के संचालन में मददगार होगी। उक्त प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ आनंद अग्रवाल, इन्द्रजीत, रीता बनर्जी, डॉ नीरू वर्मा, ज्ञानेश्वर, ए.के.त्रिपाठी, के साथ साथ पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया से शिल्पा नायर, सौबिक बंदोपाध्याय, अभिषेक पाठक, बलबीर सिंह एवं अमितोष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का भाजपा महानगर कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर का अध्यक्ष घोषित होने के उपरांत आनंद द्विवेदी ने हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और हनुमान जी व सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके पश्चात आनंद द्विवेदी भाजपा महानगर कार्यालय कैसरबाग पहुंचे इस दौरान युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह,यशवेंद्र सिंह व बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकताओं का काफिला उनके साथ था। कार्यालय पहुंचने पर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग और कार्यकताओं द्वारा ढोल नगाड़े व पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। जबरदस्त आतिशबाजी के साथ नए अध्यक्ष का कैसरबाग कार्यालय पर स्वागत हुआ। महानगर पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठों विभागों के संयोजकों, मण्डल अध्यक्षों तथा पार्षदो द्वारा अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ और मालाओं से स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष/सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने आनंद द्विवेदी को अंग वस्त्र व पुष्प कुछ भेंट कर बधाई दी।

महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी ने नए अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने लखनऊ महानगर संगठन में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। लगातार 7 वर्ष 8 महीने लखनऊ अध्यक्ष के रूप में संगठन में अपने दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन किया है। जनवरी 2016 से लखनऊ महानगर अध्यक्ष



के रूप में लगातार दूसरा कार्यकाल पूरा किया और पार्टी ने उच्च सदन से सदस्य विधान परिषद भी मनोनीत किया है।

मुकेश शर्मा के नेतृत्व में नगर निकाय 2023 चुनाव में भी महापौर ने 2 लाख से अधिक रिकार्ड मतों से विजय हासिल की और सर्वाधिक 80 पार्षद विजयी हुए।

स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद द्विवेदी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश नेतृत्व ने एक समान्य से कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी व सम्मान दिया है इसे कार्यकर्ता, जनता एवं प्रदेश हित मे सदैव सच्चाई, इमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महानगर कार्यालय पर मुख्य रूप से महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, रामऔतार कनौजिया, सुनील यादव, उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, सौरभ बाल्मीकि, महानगर मंत्री आमोद कुमार, लखविन्दरपाल सिंह, अनीता सिंह, संदीप शर्मा, दीपू शुक्ला, बलदेव रामानी, ऋषि शर्मा,अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष विपिन सोनकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष गणेश वर्मा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित रहे । स्वागत कार्यक्रम के उपरांत आनंद द्विवेदी एयरपोर्ट गये और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में परिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष चतुर्थ चरण में प्रवेश के इच्छुक अभ्यार्थी अपने आनलाईन आवेदन / विकल्प पत्र दिनांक 20.09.2023 तक संस्थान कार्यालय में कराये जमा।

**समाज जागरण**

जनपदीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य राधा कृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपदीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा, बादलपुर, एन.टी.पी.सी. दादरी एवं जेवर की रिक्त सीटों के सापेक्ष चतुर्थ चरण की प्रवेश प्रक्रिया अन्तर्गत परिषद कार्यालय लखनऊ द्वारा रउश्ळ पोर्टल पर उपलब्ध करायी गयी वरिष्ठता सूची व अभ्यार्थी के विकल्प के अनुरूप चयन समिति द्वारा व्यवसाय आवंटित किये जायेंगे। अतः इच्छुक अभ्यार्थी द्वारा अपने आनलाईन आवेदन / विकल्प पत्र दिनांक 20.09.2023 तक संस्थान कार्यालय में जमा कराने के उपरान्त दिनांक 21.09.2023 को चयनित सूची संस्थानों के सूचना पटो पर चस्पा करा दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि चयनित सूची संस्थानों के सूचना पटो पर चस्पा होने के उपरांत अभ्यार्थी अंतिम तिथि 23.09.2023 तक ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# इण्डियन स्टील एसोसिएशन द्वारा आयोजित ‘इन्फ्राबिल्ड समिट-2023’

**प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उ0प्र0 में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए, आज राज्य ह्यनए भारत के नए उ0प्र0ह्न के रूप में भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बना है: मुख्यमंत्री**

**राज्य सरकार ने 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बनाई, आज देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफार्म निवेश मित्र प्रदेश में**

**प्रदेश की पहचान एक्सप्रेस-वे स्टेट के रूप में हो रही, ईस्टर्न तथा वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने उ0प्र0 में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाया**

**प्रदेश में हाउसिंग के क्षेत्र में अनेक सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया गया**

**देश का पहला इन्लैण्ड वॉटर-वे जनपद वाराणसी से हल्दिया के मध्य प्रारम्भ**

**देश की आबादी का हर पांचवा व्यक्ति उ0प्र0 में निवास करता, यह देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार तथा श्रम बाजार**

**प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, लेकिन उ0प्र0 इससे भी बड़ा बाजार, पड़ोसी राज्यों तथा नेपाल राष्ट्र की बड़ी आबादी अपने रोजगार तथा व्यापार के लिए उ0प्र0 पर निर्भर**

**सभी उद्यमी उ0प्र0 को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते, प्रदेश सरकार इसमें हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर**

**मुख्यमंत्री ने इण्डियन स्टील एसोसिएशन तथा डेलॉयट इण्डिया द्वारा बनायी गई नॉलेज रिपोर्ट ह्यअनलॉकिंग स्टील पोटेंशियल इन इण्डियन बिल्डिंग एण्ड कन्सट्रक्शन इण्डस्ट्रीह्न को जारी किया**

लखनऊः 15 सितम्बर, 2023

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। आज राज्य ह्यनए भारत के नए उत्तर प्रदेशह्न के रूप में भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बना है। उत्तर प्रदेश देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। राज्य ने ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में एक लंबी छलांग लगाई है। प्रदेश में निवेश की सम्भावनाओं को साकार करने के लिए कानून-व्यवस्था की स्थापना के साथ ही, सुरक्षा का वातावरण बनाया गया है। इसके परिणामस्वरूप विगत 06 वर्षों में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। कहीं किसी प्रकार की कोई अराजकता नहीं है। सभी पर्व और त्योहार शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी आज यहां इण्डियन स्टील एसोसिएशन द्वारा आयोजित ह्यइन्फ्राबिल्ड समिट-2023ह्न के शुभारम्भ के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने इण्डियन स्टील एसोसिएशन तथा डेलॉयट इण्डिया द्वारा बनायी गई नॉलेज रिपोर्ट ह्यअनलॉकिंग स्टील पोटेंशियल इन इण्डियन बिल्डिंग एण्ड कन्सट्रक्शन इण्डस्ट्रीह्न को जारी किया। मुख्यमंत्री जी ने इण्डियन स्टील एसोसिएशन द्वारा इन्फ्राबिल्ड समिट का आयोजन देश में सर्वाधिक संभावनाओं वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि शुभारम्भ सत्र की थीम ह्यट्रांसफार्मिंग कंसट्रक्शन एण्ड इन्फ्रा लैण्डस्केप-एक्सीलेरेटिंग ग्रोथ इन उत्तर प्रदेश एण्ड उत्तराखण्डह्न थी।

मुख्यमंत्री जी ने देश की सर्वाधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में सभी उद्यमियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म निवेश मित्र प्रदेश में है। राज्य सरकार ने 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बनाई है। प्रदेश सरकार के साथ होने वाले किसी भी एम0ओ0यू0 की निगरानी के लिए निवेश सारथी पोर्टल कार्य कर रहा है। किसी भी निवेशक द्वारा किए गए निवेश के लिए शासन से मिलने वाले इन्सेन्टिव के लिए भी प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश आज इन सभी कार्यक्रमों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रदेश है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की आबादी का हर पांचवा व्यक्ति उत्तर प्रदेश में निवास करता है। प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है। यह देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार तथा श्रम बाजार है। विगत 06 वर्षों में उत्तर प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के अनेक कार्य हुए हैं। प्रदेश में 13 वर्तमान या प्रस्तावित एक्सप्रेस वे हैं। इससे उत्तर प्रदेश की पहचान एक्सप्रेस-वे स्टेट के रूप में हो रही है। सभी एक्सप्रेस-वे निर्धारित समय सीमा में बनाए गए हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का कार्य प्रारम्भ होने के कुछ ही समय बाद सदी की सबसे बड़ी महामारी आई थी। इसके बावजूद समय से राजधानी लखनऊ को राज्य के पूर्वी अंचल से जोड़ने के लिए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया था। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बनने के बाद अब लखनऊ से पटना की यात्रा 05 घण्टे में पूरी की जा सकती है। एक्सप्रेस-वे के माध्यम से दिल्ली से पटना 09 घण्टे में पहुंचा जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र उत्तर प्रदेश का आर्थिक रूप से सबसे विपन्न क्षेत्र माना जाता था। यह बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से जुड़ चुका है। आज दिल्ली से चित्रकूट की यात्रा 05 घण्टे में पूरी की जा सकती है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे बुन्देलखण्ड के सभी जनपदों को आपस में जोड़ता है। प्रदेश में जनपद मेरठ से प्रयागराज के बीच गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेजी के साथ कार्य चल रहा है। वर्तमान में मेरठ से प्रयागराज जाने में 12 से 14 घंटे लगते हैं। एक्सप्रेस-वे बनने के बाद इस दूरी को मात्र 06 घण्टे में पूरा किया जा सकेगा। वर्ष 2025 तक गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य पूरा हो जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रदेश में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में नए एक्सप्रेस-वे के साथ विकास के कार्यों को तेजी के साथ आगे बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की इण्टर स्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। नेपाल से जुड़ी हुई प्रदेश की 570 किलोमीटर की सीमा के साथ ही, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखण्ड तथा दिल्ली से जुड़ी कनेक्टिविटी को फोरलेन में बदलने का कार्य किया गया है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों को फोरलेन से जोड़ा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट के कार्य किए गए हैं। प्रदेश में 04 लाख किलोमीटर सड़कों के पूरे तंत्र को सुदृढ़ करने का कार्य किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में भारतीय रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क है। ईस्टर्न तथा वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर उत्तर प्रदेश से गुजरते हैं। इसने उत्तर प्रदेश में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। दोनों डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन उत्तर प्रदेश के दादरी में है। यहां पर मल्टी मोडल लॉजिस्टिक हब के निर्माण तथा बोडाकी में मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब की स्थापना का कार्य भी युद्धस्तर पर आगे बढ़ चुका है। देश का पहला इन्लैण्ड वॉटर-वे जनपद वाराणसी से हल्दिया के मध्य प्रारम्भ हो चुका है। जनपद वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल की स्थापना की कार्रवाई भी युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाई जा चुकी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो चुकी है। वर्ष 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। वर्तमान में प्रदेश में 09 एयरपोर्ट पूरी तरह क्रियाशील हैं। इनमें तीन इण्टरनेशनल एयरपोर्ट शामिल हैं। इस वर्ष के अंत तक प्रदेश में 10 नए एयरपोर्ट क्रियाशील कर दिए जाएंगे, जिनमें जनपद अयोध्या तथा एन0सी0आर0 में नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट दो नए इण्टरनेशनल एयरपोर्ट भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में हाउसिंग के क्षेत्र में भी अनेक सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से 55 लाख गरीब परिवारों को एक-एक आवास विगत 06 वर्षों में उपलब्ध कराए हैं। उत्तर प्रदेश ह्यएक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की दिशा में आगे बढ़ चुका है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी उद्यमी प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। प्रदेश सरकार इसमें हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर है। आज इण्डियन स्टील एसोसिएशन प्रदेश की संभावनाओं आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश आपके हर सुझाव का स्वागत करेगा तथा इसमें पूरा सहयोग करेगा। इस क्षेत्र में अनेक निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में अच्छा कार्य किया है। इनमें भूषण स्टील, गैलेंट स्टील, रिमझिम स्टील तथा अंकुर उद्योग सहित अनेक नए निवेशक उत्तर प्रदेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश के श्रम बाजार तथा उपभोक्ता बाजार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी उद्यमियों का सहयोग मिलेगा। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, लेकिन उत्तर प्रदेश इससे भी बड़ा बाजार है। पड़ोसी राज्यों की बड़ी आबादी तथा नेपाल राष्ट्र की बड़ी आबादी अपने रोजगार तथा व्यापार के लिए उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। मुख्यमंत्री जी ने सभी उद्यमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए जाने वाले निवेश को प्रदेश सरकार पूरी सुरक्षा देगी तथा अपना सहयोग भी देगी।

इस अवसर पर इण्डियन स्टील एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दिलीप ओमेन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। इसमें उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य के विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। भारत को 05 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य की इकोनॉमी को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने का संकल्प लिया है। निर्माण उद्योग के लिए स्टील मुख्य भूमिका निभाता है। उत्तर प्रदेश तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था है। यहां स्टील उपयोगकर्ता तथा स्टील उत्पादनकताओं की दृष्टि से स्टील उद्योग के लिए अनेक सम्भावनाएं हैं।

इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्दगोपाल गुप्ता ह्यनन्दीह्न, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह, सलाहकार मुख्यमंत्री श्री अवनीश कुमार अवस्थी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के चेयरमैन श्री अमरेन्दु प्रकाश, जे0एस0डब्ल्यू0 के जे0एम0डी0 श्री जयन्त आचार्य, टाटा स्टील लॉंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एम0डी0 श्री आशीष अनुपम सहित उद्यमी उपस्थित थे।

## पोषण के हितधारकों को संवेदनशील बनाने एवं महिला व बाल पोषण के लिए निजी निवेशकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कन्वर्जेंस विभागों व सीएसआर समूह की संयुक्त बैठक हुई संपन्न।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के संबंध में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दी प्रस्तुतीकरण।

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 15 सितंबर 2023 उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में सितंबर माह को जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण के हितधारकों को संवेदनशील बनाने एवं महिला व बाल पोषण के लिए निजी निवेशकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कन्वर्जेंस विभागों एवं सीएसआर समूह की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने एवं महिलाओं व बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए आवश्यकताओं से संबंधित पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया,




जिसमें सीएसआर समूह से यथासंभव सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न कंपनियां से आए प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने व महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए की जाने वाली सुविधा जो की पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से आप लोगों को अवगत कराई गई हैं, उन सभी को अपनी कार्य योजना में सम्मिलित करते हुए सभी सुविधाओं में सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग करना सुनिश्चित करें। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित अनेक उद्योगों के सीएसआर प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# हर विधाओं से बनाई भगवान गणेश की 10 हजार पेंटिंग्स, 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' में नाम दर्ज, BJP सासंद बोले 'सनातन धर्म' का मान बढ़ाया

नई दिल्ली. भगवान श्री गणेश की अलग-अलग विधाओं में 10,000 से ज्यादा पेंटिंग बनाने वाले




राजेश कुमार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है. चित्रकार राजेश ने कोरोना काल में ही 2000 पेंटिंग बना डाली. इन सब विधाओं के चलते अब राजेश कुमार का वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया है जिसके सम्मान में दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में ह्यगवार्नुभूतिह्न नाम से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान भाजपा सांसद मनोज तिवारी और रमेश बिधूड़ी ने कलाकार राजेश कुमार को सम्मानित भी किया.

भगवान श्री गणेश की अलग-अलग विधाओं में कोरोना काल के दौरान राजेश कुमार ने गणेश जी की 2000 से अधिक पेंटिंग बनाई है. इसमें से 719 ऐसी पेंटिंग्स है जिनको अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के द्वारा अवार्ड दिया गया है.

इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और उत्तर पूर्वी लोकसभा से भाजपा सांसद तिवारी ने कहा कि चित्रकार राजेश ने सनातन धर्म का मान बढ़ाया है. उनको पद्मश्री से सम्मानित किया जाए, इसके लिए वह प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे. आगामी 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी है. उनकी इन पेंटिंग को लेकर एक प्रदर्शनी भीं आयोजित की गई है.

दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बताया कि हमारे देश में इस तरह की प्रतिभा दबकर रह जाती थी. उनको ख्याति और पहचान नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में ऐसे लोगों को खोज कर सम्मानित किया जा रहा है. बिधूड़ी ने कहा राजेश ने सनातन धर्म का मान बढ़ाया है. उनको पद्म श्री से सम्मानित किया जाए, इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे.

वहीं, भगवान गणेश की अलग-अलग विधाओं में पेंटिंग बनाने वाले राजेश कुमार ने बताया कि अकेले कोरोना काल के दौरान में गणेश जी की 2000 से अधिक पेंटिंग बनाई है, जो रिकॉर्ड में 719 दर्ज हुई हैं. करीब 150 से ज्यादा मैटेरियल का प्रयोग करके भगवान श्री गणेश की पेंटिंग बनाई गई हैं. पेंटिंग्स ने वर्ल्ड बुक, इंडिया बुक और एशिया बुक में अपना रिकॉर्ड बनाया है. वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने पर उन्होंने कहा कि जब कोई मुकाम हासिल होता है तो खुशी होती है. आगे काम करने की प्रेरणा मिलती है. वह 1981 से पेंटिंग बनाते आ रहे हैं. अब तक वह भगवान श्री गणेश की 10,000 से ज्यादा पेंटिंग बना चुके हैं.

साहित्य प्रेमी मंडल और मास्टर टेक्सटाइल्स ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भव्य अभिनंदन कार्यक्रम गवार्नुभुति एवं विराट कवि सम्मेलन का संयोजन पंकज शर्मा एवं सुशील पांचाल और संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ प्रवीण शुक्ल ने किया. इस अवसर पर भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन, आप विधायक कुलदीप, पूर्व विधायक नसीब सिंह व एन डी शर्मा, डीसीपी आईपीएस एसके गौतम, मुखिया गुर्जर, पद्मश्री महाबली सतपाल, अरुण शर्मा, निरंजन त्यागी, शशि पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सुरिंदर वर्मा, छैलेश चौधरी, बीएमएस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीश मिश्रा, स्वदेशी जागरण मंच के मनोज गुप्ता, अशोक बंसल, निर्दोष शर्मा, आदेश शर्मा, सुरेश पाल जसाला, नमन जैन, हितेश कुमार आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही. इस अवसर पर कॉसमॉस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए. वहीं, कल्पना शुक्ला व पी के आजाद ने कविताओं के माध्यम से बधाई दी.

# मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का काम कर रहा बिंदकी बस स्टॉप खलील नगर इलाके पर संचालित अपूर्वा पाली क्लीनिक

**फतेहपुर सीएमओ साहब एक नजर इधर भी**

**चोरी की फोटो कॉपी लगा पॉली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन सूत्र**

**मानक विहीन अपूर्वा पाली क्लीनिक में नहीं है मरीजों की जीवन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**





**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर बिना डॉक्टर के परमीशन के बगैर चोरी से की गई फोटो कॉपी तो पॉली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन के लिए सीएमओ साहब के दफ्तर तक पहुंच गई और स्वास्थ विभाग की टीम क्लीनिक का निरीक्षण भी कर लिया जबकि पॉली क्लीनिक में ओटी का होना भी अवैध है लेकिन स्वास्थ विभाग की टीम को ठेंगा दिखाते हुए ओटी मे ताला लगा और अवैध समान को वहा से हटा कर मानक को पूरा दिखा दिया गया जबकि नियम यह है कि जो डॉक्टर जिस नर्सिंग होम पाली क्लीनिक या हॉस्पिटल में जो भी अपने कागज लगाएगा तो वह उस नर्सिंग होम और पाली क्लीनिक में अपनी सेवाएं देगा और उसकी सारी जिम्मेदारी होगी लेकिन मजे की बात यह है कि जब इसकी भनक मीडिया के कानो तक पहुंची तो मीडिया वालों ने जब डॉक्टर से कागज और पाली क्लीनिक में बैठ कर मरीजों के इलाज के बारे में जानकारी लिया तो डॉक्टर ने अपने कागज और अपनी सेवाएं देने से साफ मना कर दिया की मुझे तो इसकी जानकारी भी नहीं है कि मेरे कागज का प्रयोग कर पॉली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन हो रहा है और ये सब मेरे जानकारी में भी नही है की मेरा कागज कहा लग रहा है अगर इसी कोई बात है तो मै खुद इसकी जानकारी सीएमओ आफिस से करूगी!? और अगर मेरे अनुमति बगैर मेरे कागज का प्रयोग बगैर मेरे अनुमति के हो रहा है तो मै संचालिका के उपर कानूनी कार्यवाही करूगी!

जी हां हम बात कर रहे हैं बिंदकी बस स्टॉप खलील नगर मुस्लिम इंटर कालेज के पास संचालित अपूर्वा पाली क्लीनिक की जो इसके पहले काव्या नर्सिंग होम के नाम से संचालित था जो की अवैध कार्यों मे लिप्त था रोजाना के सात से आठ आबर्सन चोरी छिपे आशा बहुओं और दलालों के द्वारा लाकर किया जाता था जिसकी शिकायत का वीडियो मीडिया तक पहुंचा और मीडिया ने संज्ञान में लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया और डिप्टी सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से छापा मारकर काव्या नर्सिंग होम को सीज कर दिया था जो की पूर्ण रूप से फर्जी था दो तीन माह तक नर्सिंग होम बन्द होने से काव्या नर्सिंग होम की संचालिका अशोक कुमारी बौखला गई थी और अपने मरीजों को लेकर इधर उधर भर्ती करती रहीं लेकिन पैसा और पहुंच के आगे एक बार फिर से स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और अब चोरी की फोटो कॉपी के जरिए अपने नर्सिंग होम का नाम बदल कर अपूर्वा पाली क्लीनिक रख दिया जबकि मजे की बात यह है की जिस डॉक्टर के कागज अपूर्वा पॉली क्लीनिक में लगा कर राजिस्टेशन करवाया जा रहा है उस डॉक्टर को इसकी भनक तक नहीं है जबकि इसके पहले भी अशोक कुमारी ने अपना पहला अस्पताल लोधी गंज में मां हॉस्पिटल के नाम से संचालित किया था और वहाँ दो तीन मौतों के बाद डिप्टी सीएमओ एस्त्याक अहमद ने पुलिस प्रशासन की मौजूदमी में

सीज कर बन्द करवा दिया था इसके बाद अशोक कुमारी ने अपना दूसरा नर्सिंग होम काव्या नर्सिंग होम के नाम से बिंदकी बस स्टॉप के पास खलील नगर में खोला जहा रोज अनलीगल केस कर आशा बहुओं और दलालों के साठ गांठ से मरीजों को लूटती रही जहा रोजाना सात आठ अबारसन किया जाता था जिसकी भनक मीडिया के कानो में पड़ी और मीडिया ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और स्वास्थ विभाग की टीम ने छापा मारकर अवैध नर्सिंग होम को फिर सीज कर दिया लेकिन पैसे और पहुंच के कारण एक बार फिर स्वास्थ विभाग को झुकना पड़ा सीज अस्पताल का ताला खोलना पड़ा और अब काव्या नर्सिंग होम की जगह अपूर्वा पाली क्लीनिक रख दिया गया जबकि जो डॉक्टर के कागज अपूर्वा पाली क्लीनिक में दिखाया गया है वह पूरी तरह से फर्जी है डॉक्टर को खुद नही मालूम की मेरे कागज कहा लग रहे हैं सवाल यह उठता है की चोरी के कागज से पाली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन तो हो जायेगा लेकिन अगर फिर कोई घटना हुई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा जेल कौन जायेगा डॉक्टर साहब या अशोक कुमारी या जो क्लीनिक का संचालक सीएमओ साहब जरा एक बार पुनः इसकी जांच करले और फिर रजिस्ट्रेशन नंबर दे किसी के जिन्दगी से खिलवाड़ न करे!?

# बस स्टाप को छोड़कर सड़क पर खड़ी होती हैं रोडवेज बसें डग्गा मार वाहन हुए अनियंत्रित

***रोडवेज बसों, डग्गामार वाहनों की प्रतिस्पर्धा से लग जाता हैं भीषण जाम राहगीरों को होती हैं भारी परेशानी***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। करोड़ों की लागत से यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया फतेहपुर रोडवेज बस स्टाप इन दिनों व्यर्थ प्रतीत हो रहा है यात्री बसें सड़क पर ही खड़ी होती हैं जिसके कारण यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है विकलांगो बुजुर्गो महिलाओं बच्चो को सड़क किनारे भीड़ के बीच खड़ी बसों मे चढ़ना परेशानी का सबब बन जाता हैं। वही शहर के प्रमुख चौराहे ज्वालागंज के करीब जब रोड़ वेज तथा डग्गामार वाहन सड़क पर खड़े हो कर सवारिया भरते हैं तो सड़क पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं नगरवासियों का निकलना मुश्किल हो जाता हैं व्यस्तम सड़क होने के कारण यात्रियों को बसों मे चढ़ने उतरने मे भारी कठनाइयों का सामना करना पड़ता है। अवैध डग्गामार वाहन स्टैंड शासकीय आदेशों को चुनौती देते हुए रोड़ वेज बस स्टैड से महज 30 मीटर की दूरी पर चलाया जा रहा है। जब की



शासन के द्वारा साफ आदेश जारी किया गया है कि रोड़ वेज बस स्टाप से कम से कम एक किलोमीटर की दूरी तक कोई भी डग्गामार वाहन स्टैंड संचालित नही किया जा सकता। चौराहे पर यातायात पुलिस मौजूद रहती हैं लेकिन यातायात पुलिस को डग्गामार वाहन क्यों नही दिखाई पड़ते हैं। बेखौफ डग्गामार वाहनों तथा रोडवेज बसों की प्रतिस्पर्धा की वजह से जहां रोडवेज विभाग को लाखो का नुकसान हो रहा है वही यात्रियों को भारी असविधा का सामना करना पड़ रहा है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है । सूत्रों के अनुसार अवैध वाहन स्टैंड से हर महीने विभाग को दी जाती हैं मोटी रकम इसलिए डग्गामार वाहनों में तय सीमा से अधिक सावरिया ठूस ठूस कर भरी जाती हैं और यातायात पुलिस मूक दर्शक बनी देखती रहती हैं।

विचारणीय विषय यह है की शहर का प्रमुख मार्ग होने के कारण इस मार्ग से शासकीय अधिकारियों,राज नेताओ, की आवागमन बनी रहती हैं उनकी निगाह अवैध डग्गामार वाहनों, बस स्टैड होते हुए भी सड़क पर खड़ी रोड़वेजो पर क्यो नही पड़ती। या किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

# दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रेनू वर्मा की कुशल निर्देशन में एनएसएस एनसीसी रोवर्स रेंजर्स एवं खेलकूद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया नीर-क्षीर विवेकी निर्णायक मंडल के निष्पक्ष निर्णय से प्रतियोगिता में



प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु०,घना, मंतशा,प्राची प्रथम, द्वितीय नेहा दक्षभारती राठौर तथा तृतीय स्थान पर कु०सलोनी एवं नीतेश रहीं।

प्राचार्या प्रो०रेनू वर्मा ने विजयी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष प्रकट करते हुए उन्होंने मानव जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉक्टर संध्या चतुवेदी ने किया।

इस अवसर पर प्रो० विनीता गुप्ता, प्रो० विनीता यादव, प्रो० प्रेमलता,डॉ शिप्रा सिंह, डॉ शालिनी मिश्रा, डॉ शमा बी, डॉ शारदा सिंह, डॉ० पूजा सिंह सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# ऑनलाइन होने से मरीज को नहीं मिल पा रहा है उपचार

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित जिला अस्पताल में भर्ती की ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होने से रोगियों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है उन्हें समय से उपचार नहीं मिल पा रहा है।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित जिला अस्पताल में वार्ड और सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी ऑनलाइन होने से मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कभी-कभी देखने को मिलता है। वार्डों मैं पलंग खाली होने के बाद जब उन्हें ऑनलाइन नहीं किया जाता तब तक सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी मैं भर्ती रोगियों को वार्ड में नहीं भेजा जाता और इमरजेंसी में 17 बेड है वह हर समय रोगियों से भरे रहते हैं कभी-कभी तो चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को एक बेड पर दो-दो मरीजों को उपचार देने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यही नहीं इमरजेंसी में ब्रांच पर लिटाकर उपचार देना पड़ता है जब मरीज अधिक आते हैं तो बेड खाली न होने की बात कह कर अनियंत्रि ले जाने को कह दिया जिससे मरीज और उनके तीमारदार कहते दिखाई देते हैं। रिपोर्ट भी मुहैया नहीं हो पाती है गौर तलब है जब से फिरोजाबाद में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हुई है और उससे जिला




ऐसे मेडिकल कॉलेज से क्या फायदा जब यहां उपचार ही नहीं मिलता है वर्तमान समय में डेंगू और वायरल फीवर के अलावा अन्य बीमारियां फैली हुई है जिसके कारण रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ओपीडी में रोगियों की लंबी-लंबी कतारें देखी जा सकती है वही पैथोलॉजी में खून की जांच करने वालों की लाइन लगी रहती हैं अधिकांश रोगियों को समय पर जांच एसएनएस अस्पताल को कॉलेज से जोड़ दिया है तभी से जिला अस्पताल का हाल बेहाल है इस और किसी भी जन प्रतिनिधि और और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है कभी-कभी जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी निरीक्षण को आते भी हैं। परंतु वह खाना पूरी कर कर्तव्य की इतश्रीपूर्ण करके चले जाते हैं।

# विद्युत वितरण खंड प्रथम में बह रही है ईमानदारी की बयार

***उपखंड कार्यालय में एक बाबू के रहमों करम पर मसवानी मोहल्ले के दलाल की बोल रही है तूती***

***उपखंड अधिकारी की गैरमौजूदगी में बाबू और दलाल हो जाते हैं मालामाल***

फतेहपुर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी अधिशासी अभियंताओं और उपखंड अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि बिचौलियों के माध्यम से नहीं सीधे पीड़ित उपभोक्ताओं से संवाद करने के बाद उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए । जनपद में ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का पूरी तरह से अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम में पालन होता नजर आ रहा है। अधिशासी अभियंता राज मंगल सिंह ने विद्युत वितरण खंड प्रथम का पदभार ग्रहण करने के बाद अपने मातहतों को बुलाकर कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए थे कि किसी भी सीट पर दलाल नजर नहीं आना चाहिए और उनके निदेर्शों का पालन पूरी तरह से होता नजर आ रहा है। किंतु उनके नाक के नीचे उपखंड कार्यालय प्रथम में एक बाबू के रहमों करम पर मसवानी मोहल्ला निवासी एक दलाल की तूती बोल रही है। कार्यालय में बैठे बाबू से जब उपभोक्ता मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराता है तो बाबू अपने चहेते दलाल को बुलाकर उपभोक्ता द्वारा बताई गई समस्या से अवगत कराता है और दलाल को उपभोक्ता का मोबाइल नंबर देकर उपभोक्ता से संपर्क करने तथा काम करने के नाम पर मोटी रकम वसूल करके लाने के लिए कहता है। इस बात की डील बाबू और दलाल के बीच उस समय होती है जब उपखंड अधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं होते हैं। बाबू का चहेता दलाल सुबह 10:00 बजे से ही उपखंड कार्यालय पहुंच जाता है और अंदर प्रवेश तब करता है जब उपखंड अधिकारी फील्ड पर निकल जाते हैं। बाहरहाल कुछ भी हो यदि कार्यालय के बाबू की भ्रष्टाचार की जांच कर ली जाए तो भ्रष्टाचार का विशाल जिन्न सामने आ जाएगा।

# शब्दम ने किया हिन्दी मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। शब्दम संस्था द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के हिन्दी विषय में 90 या अधिक अंक लाने वाले जनपद के 30 विद्यालयों के 210 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता में हिन्दी भाषा का योगदान विषय पर गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

विद्यार्थी हिन्दी सम्मान के पीछे संस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में हिन्दी को गौरव की भाषा बनाना है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किरण बजाज ने कहा कि आज विदेशों में जो लोग उच्चासीन पदों पर हैं। वे अपनी भाषा में ही निपुणता हासिल कर वहां तक पहुंचे। विद्यार्थियों से कहना चाहूंगी कि हिन्दी में ही प्रगति है। अपने सपनों को ही आप हिंदी में ही खोजें।

मुख्य वक्ता अरविन्द तिवारी ने कहा कि हमें हिन्दी भाषा को इतना सरल बनाना है कि पूरे देशवासी उस भाषा को अपना सकें। क्योंकि संस्कृतनिष्ठ



भाषा हर व्यक्ति नहीं अपना सकता। इसलिए उसमें भारत के विभिन्न राज्यों की प्रचलित भाषाओं के शब्दों को शामिल करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.ध्रुवेन्द्र भदौरिया ने अपनी कविता सुनाते हुए कहा कि खुसरो ने तुमको चमकाया और जायसी ने अपनाया। रहीम और रसखान ने तुझको आदर देकर शीष झुकाया। फिर भी तू है एक वर्ग की,सुनकर हुयी हतासा हिन्दी। भारत मां की आशा हिन्दी। कार्यक्रम के दौरान कई विद्यार्थियों ने भी राष्ट्रीय एकता में हिन्दी भाषा का योगदान विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. महेश आलोक ने शब्दम परिचय दिया। मंजर उलवासै ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे हिन्दी शब्दकोष देखा जा सकता है। डॉ. चन्द्रवीर जैन ने गीतिका बजाज की कविता पढ़कर सुनायी। संचालन दीपक औहरी ने किया। इस अवसर पर अश्वनी जैन, अलका अग्रवाल, दीप्ती सक्सेना,मेघा सक्सेना,आशीष यादव,प्रीती औहरी, मोहित जादोंन, विवेक शुक्ला, भूपेन्द्र सिंह,राजीव प्रताप,राहुल शर्मा, अजयपाल, शिवम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अभियन्ता दिवस पर जिला विज्ञान क्लब ने देश के प्रख्यात इंजीनियर डॉ विश्वेश्वरैया को किया नमन

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यार्थियों ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर देश के प्रख्यात इंजीनयर डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जन्मजयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को अभियन्ता दिवस के विषय पर प्रकाश डालते हुए डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जीवनी को समझाते हुए बताया कि मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म कोलार जिले के चिक्काबल्लापुर में 15 सितंबर 1860 को एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम श्रीनिवास शास्त्री तथा माता का नाम वेंकाचम्मा था। उनके पूर्वज आंध्र प्रदेश के मोक्षगुंडम से यहाँ आकर बस गए थे। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या एक प्रख्यात इंजीनियर और राजनेता थे। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के निर्माण में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 1955 में देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत



किया गया था। भारत में उनका जन्मदिन अभियन्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जनता की सेवा के लिए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें नाइट कमांडर ऑफ द ब्रिटिश इंडियन एम्पायर से सम्मानित किया। वो हैदराबाद शहर के बाढ़ सुरक्षा प्रणाली के मुख्य डिजाइनर थे और मुख्य अभियंता के तौर पर मैसूर के कृष्ण सागर बाँध के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई थी। उनकी 100 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। 101 वर्ष की उम्र में 14 अप्रैल 1962 को उनका निधन हुआ। इस अवसर कु शिवानी यादव, सोनाली, स्नेहा बघेल, शालिनी, संयुक्ता, संध्या, तनवी जादौन, संध्या राजपूत, महक, भूमी गुप्ता, संस्कृति जैन, रितिक बघेल, अनुज कुशवाह, अनुराग, अयाज, ब्रजमोहन, कृष्णा, महेन्द्र सिंह, शुभम जैन, मोहन, शिवम कुमार, विकल्प शर्मा, आशीष कुमार, रितिक कुशवाह, मीर खान, हारून, लोकेश यादव, अमन कुमार, रोहित राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान का ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ।

**समाज जागरण -बृगमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारत सरकार की मनसानुसार " मेरी माटी मेरा देश " अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत , मौढा में " अमृत कलश यात्रा " का ग्राम प्रधान श्रीमती मिथलेश यादव ने पंचायत सचिवालय की मिट्टी कलश में डालकर शुभारंभ किया।

इसके बाद अमृत कलश यात्रा ने ग्राम में भ्रमण कर घर-घर जाकर मिट्टी



एकत्रित की और लोगों को देश के शहीदों की कुर्बानियां के बारे में जानकारियां दी तथा अपने गांव और देश की उन्नति को सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव , प्रधान श्रीमती मिथलेश यादव , ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार , पंचायत सहायक रूपल शर्मा , आंगनवाड़ी रेखा देवी एवं सुमन पचौरी , आशा सुमन देवी एव मंजू देवी , निर्माण कार्य समिति के अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय , निर्माण कार्य समिति के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार , रवि कुमार , उदयवीर सिंह , नीलम देवी , राजनश्री सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# नगदी तथा लाखों के जेवर लेकर किशोरी को युवक भगा ले गया

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र से किशोरी को बहला फुसला कर एक युवक भगा ले गया। किशोरी अपने घर से लाखों रुपए कीमत के जेवर तथा नगदी साथ ले गई। उसके पिता ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना उत्तर क्षेत्र निवासी संजय अपने रिश्तेदारी में गया था। परिवार के लोग भी उसके साथ गए थे। उसकी पुत्री घर पर रह गई थी। पुत्री 11 सितंबर को कोचिंग पढ़ने गई थी वहां से लौटकर नहीं आई।

चाचा ने उसकी गुमशुदगी की तहरीर थाने में दी थी। परिवार के लोग लौट कर आए तो घर की हालत देख हैरत में पड़ गए। कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी थी। उसमें रखी नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण गायब थे।

पिता ने थाने पहुंचकर नीरज शर्मा पवन शर्मा पुत्र महेश कुमार तथा मोनू सिंह पुत्र पप्पू निवासी निकाऊ खैरगढ़ के खिलाफ 13 को मुकदमा दर्ज कराया है। पिता का कहना है उनकी पुत्री घर से ₹50000 नगद दो सोने की चेन, दो मंगलसूत्र, आठ अंगूठियां जनानी, दो अंगूठी मदानी कॉलर साथ में ले गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुड़ गई है।

# खून की जांच में बेखौफ दलाली से मरीज कंगाल

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। इटवा तहसील मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभागीय तंत्रों की काली करतूतों से आए दिन सुर्खियों में रहता है। ऐसा लगता है कि जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा के चिकित्सकों से लेकर कर्मचारियों पर कोई प्रभाव नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में चिकित्सकों की मिलीभगत की वजह से अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा खून जांच के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा है। जबकि प्रदेश सरकार मरीजों के उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न प्रकार की जांच यंत्रों की एवं मेडिसिनों की सुविधाएं समय समय पर उपलब्ध कराती रहती है। और प्रदेश सरकार की मंशा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आए मरीजों का भरपूर ख्याल रखा जाए और उनको जांच व इलाज के लिए भटकना न पड़े। इसके बावजूद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा के जिम्मेदार मरीजों के दर्द को नजर अंदाज कर शासन की मंशा को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। जबकि इन नौकरशाहों को भली भांति मालूम है कि शासन तक शिकायत पहुंचने पर इनके भ्रष्ट रवैया पर गाज गिरनी तय हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा पर आए कुछ मरीजों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मलेरिया टाइफाइड टीवी सहित अन्य जांच के लिए चिकित्सकों द्वारा जांच पर्ची तो लिखी जाती है। लेकिन जब वह जांच पर्ची लेकर मरीज अस्पताल के जांच लैब में जाते हैं तब वहां मौजूद स्टाफ, कर्मचारियों द्वारा खून जांच के नाम पर सुविधा शुल्क मांगी जाती है। और सुविधा शुल्क ना देने पर मरीजों से कहा जाता है कि जांच की सुविधा यहां पर उपलब्ध नहीं है बाहर से जांच करवाना पड़ेगा। और वहीं जब मरीज सुविधा शुल्क देने को तैयार हो जाता है तब उसकी जांच अस्पताल में ही कर दी जाती है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल के कर्मचारी मरीजों को खून जांच के लिए अपने सेटिंग के पैथोलॉजी पर भेजते हैं जहां पर उनका कमीशन फिक्स रहता है। यदि मरीज किसी दूसरे पैथोलॉजी से जांच करवा कर चिकित्सक के पास जांच रिपोर्ट ले जाता है तब उस जांच रिपोर्ट को गलत साबित कर दिया जाता है और पुनः सेटिंग के पैथोलॉजी पर जांच कराने की सलाह दी जाती है। ऐसे में मरीजों को हर हाल में खून जांच के नाम पर ठगी का शिकार होना ही पड़ता है जो कि बेहद शर्मनाक विषय है। सवाल यह है कि आखिर मरीजों को कब तक ठगी का शिकार होना पड़ेगा।

# गाजीपुर-विजईपुर मार्ग की खस्ता हालत पर गम्भीर हुई कांग्रेस

**केंद्रीय गृह मंत्रालय और यूपी की राज्यपाल को पत्र लिखा पत्र**

**प्रदेश को गड्ढा मुक्त नहीं गड्ढे में ढकेल दिया है भाजपा ने: विभाकर शास्त्री**

**फतेहपुर की सड़कें गड्ढा मुक्ति नही गड्ढा युक्ति हैं प्रदेश के मुखिया के दावा हुए धरासाई**

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गाजीपुर-विजईपुर मार्ग की खस्ता हालत में सुधार के लिए जनपद के विकास दूत रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. हरिकृष्ण शास्त्री के पुत्र विभाकर शास्त्री ने गृह मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिखकर वस्तु स्थिती से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है

जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. निर्मल तिवारी ने पिछले दिनों उपरोक्त मार्ग को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को अवगत कराते हुए केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पिछले लगभग नौ वर्षों में कुछ न किए जाने से कई लाख ग्रामीणों का नारकीय जीवन होने की बात कही थी, जिसपर कांग्रेस के केंद्रीय नेता (पूर्व प्रधानमन्त्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र) विभाकर शास्त्री ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर जल्द से जल्द इस अत्यंत खस्ताहाल मार्ग का सलीके से जीर्णोद्धार करवाए जाने की महती आवश्यकता जताते हुए त्वरित गति से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

विभाकर शास्त्री ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन के बाद फतेहपुर के जनप्रतिनिधि इस मार्ग को लेकर कतई गंभीर नहीं है, इनके द्वारा इस अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग के पुनर्निर्माण के बाबत कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने कहां कि जैसा ग्रामीण बताते है कि लगभग तीस साल से इस मार्ग की हालत खराब है, जो पिछले कुछ सालों से ज्यादा खस्ताहाल हो गई है, जिसमें सुधार के प्रति जरूरी प्रयास नहीं हुए है।

उन्होंने कहा कि यूपी की योगी सरकार सिर्फ.हवा में प्रदेश को गड्ढा मुक्त बनाने का दावा करती है, मुख्यमंत्री को एक बार इस मार्ग की हालत का स्वयं जायजा लेना चाहिए, शायद तब उनको पता चलेगा कि यूपी में कितना हवाई विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले माह वह गाजीपुर और असोथर जाकर वहां के ग्रामीणों से मिलेंगे। उधर निर्मल तिवारी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो कांग्रेस इस रोड़ के निर्माण के लिए सघन प्रयास करेगी और जरूरत पड़ी तो प्रभावी ढंग से धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस समेत आईएनडीआईए गठबंधन दलों के नेता भी शामिल होंगे...!।

# जेएस विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान एकत्रित छात्र-छात्राएं और विद्यालय स्टाफ।

## *जेएस विश्वविद्यालय में फैकल्टी नोलेज शेयरिंग प्रोग्राम का आयोजन*

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। जेएस विश्वविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वाधान में शुक्रवार को फैकल्टी नोलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.शालिनी खण्डेलवाल फैकल्टी एण्ड एक्स ऐरिया को.आर्डिनेटर एचआर उपस्थित रहीं। उन्होंने कह शालिनी खण्डेलवाल जी ने अपने विचार व्यक्त किये। उनके अनुभवों से विश्वविद्यालय के आचार्यगणों को भविष्य के लिये नये शोध विचार प्राप्त हुये।

उनका व्याख्यान छात्र.छात्राओं व आचार्यो के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुआ। इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के लगभग 160 छात्र.छात्राओं एवं 102 आचार्यगणों ने सहभागिता की। व्याख्यान के समापन पर विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ.गौरव यादव ने डॉ.शालिनी खण्डेलवाल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक के तौर पर डॉ. अखिलेश उपाध्याङ्ग अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय,डॉ. गौरव कुमार गुप्ता,डॉ. नीतेश सक्सैना,डॉ. नवीन यादव,डा. इश्तियाक खान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश कुमार, प्रति कुलाधिपति डॉ. पीएस यादव, कुलपति डॉ.बीपी अग्रवाल,वाइस चेयर पर्सन डॉ. गीता यादव,ट्रस्टी अशोक कुमार,मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हिमांशू यादव और डॉ.शुभम यादव आदि मौजूद रहे।

# पशुओं के लिए चारा लेकर आ रहा युवक नदी पार करते समय डूबा, तलाश जारी

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ क्षेत्र एक रामगंगा नदी में पशुओं के लिए चारा लेकर आ रहे युवक नदी में डूब गया। अन्य साथियों ने युवक बचाने का प्रयास किया तेज बहाव होने के कारण नदी में डूब गया। युवक की डूबने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर अपनी टीम के साथ मौके पहुंचे ।प्राप्त जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र गांव जयनगर निवासी देवराज सैनी 18 वर्ष पुत्र शिवनंदन सैनी शुक्रवार प्रात 11:00 बजे पशुओं के लिए जंगल से चारा लेकर आ रहा था गांव के निकट से बहने वाली रामगंगा नदी (फीका नदी) की बीच मझदार मे जाकर फंस गया और डूबने लगा। युवक की चीख पुकार सुनकर खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण व किसान आ गए लेकिन



इससे पूर्व ही युवक डूब गया। ग्रामीणों ने राम गंगा नदी में युवक को काफी तलाश किया लेकिन उस-।का कोई पता नहीं लग सका सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों द्वारा युवक की तलाश में जुट गए तथा पीएसी गोताखोर टीम मुरादाबाद को सूचित किया परंतु गोताखोर टीम स्योहारा क्षेत्र के गांव नवादा में डूबे युवक को तलाश करने में लगा दिया गया। समाचार लिखने तक गोताखोर की टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई थी। तथा ग्रामीणों द्वारा तलाश जारी जा रही थी डूबे हुए युवक का कुछ पता नहीं चल सका।

# भूपेंद्र सिंह बाबी बने भाजपा के जिला अध्यक्ष कार्यकताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर धामपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह बाबी भाजपा के पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता वर्तमान में जिला महामंत्री है भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्षों की घोषणा की जिसमें बिजनौर भाजपा की कमान भूपेंद्र बॉबी को सौंपी है कार्यकर्ताओ ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा भूपेंद्र बॉबी को माला पहनकर बधाई दी महिला मोर्चा की अध्यक्ष मोनिका रुस्तम यादव एवं जिला महामंत्री अनामिका जैन ने जिले के कार्यकताओं के साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को भगवान जी की प्रतिमा देकर उनके नेतृत्व में जिले में भारतीय जनता पार्टी नए आयाम



स्थापित करें ऐसी प्रार्थना की है भूपेंद्र बॉबी का स्वागत करने में हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया भूपेंद्र बॉबी ने सभी कार्यकताओं को आश्वस्त किया कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है कार्यकताओं के मान सम्मान स्वाभिमान के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे स्वागत करने वाले कार्यकताओं में क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, नगर अध्यक्ष धामपुर राघव शरण गोयल, वरिष्ठ नेता रुस्तम यादव , चौधरी ईशम सिंह,राहुल तिवारी, केशव कुमार, नीलम चौहान ,धर्मवीर सिंह चौहान, तिलक राज सैनी जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा,नीरज बिश्नोई, कृष्ण बलदेव सिंह, रणजीत सिंह, गौरव कुमार, हिमांशु पाराशर, ललित कुमार, तनुज कुमार, अरविंद विश्वकर्मा, रितेश सैन, गौरव कुमार, हेमन्त कुमार, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रमोद गिरी पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत दो नजीबाबाद, ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान, अभिषेक कोहली,देव चौधरी, अभिषेक यादव,एड सरदार परवेन्द्र सिंह,आदि उपस्थित रहे

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम जल भराव की समस्या को लेकर कर रहे हैं कड़ी मेहनत

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर नजीबाबाद मे बारिश होने के बाद जनता कई सालों से जल भराव की समस्या से जूझ रही है जल भराव की समस्या के समाधान को लेकर नवयुक्त चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम दिन रात कड़ी मेहनत में लगे हुए है मूसलाधार बारिश होने पर भी वह जल भराव की समस्या को देखते हुए वह गली मोहल्ले सड़कों पर निरीक्षण करने निकल जाते है जल भराव होने पर वह गरीब जनता को खाद्य सामग्री भी वितरण करते नजर आते है



चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने जल भराव की समस्या के समाधान के लिए बाहर की टीम बुलाकर शहर का निरीक्षण कराया उन्होंने बताया कि वह जब तक इस समस्या का समाधान नहीं करा देंगे वह चैन से नहीं बैठेंगे अभी हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश से जल भराव को लेकर उन्होंने गुरुद्वारा आदर्श नगर मोहल्ला मुगलुशाह डबल फाटक के नालों तालाबों व सड़कों का सड़क पर पैदल घूमते हुए निरीक्षण किया

# हरेंद्र सिंह के भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।चौधरी हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू भैया को भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। ज्ञानदीप मंदिर दुर्गा कॉलोनी में आयोजित हिंदू जागृति मंच की बैठक में समाजसेवी और कुशल राजनेता के रूप में अपनी अच्छी और प्रशंसनीय छवि बनाने तथा पार्टी के बैनर तले लंबे समय से समाज सेवा में जुटे चौधरी हरेंद्र सिंह (रिंकू भैया) को भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त की गई। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सफल समाजसेवी, कुशल राजनेता, मृदुभाषी, सभी के दुख सुख में काम आने वाले, सब का साथ सबका विकास और सबका विश्वास में पूर्ण निष्ठा रखने वाले चौधरी हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू भैया के नाम और काम को पूरा जनपद क्षेत्र जानता है और समझता है। ऐसे में प्रांतीय संगठन ने जिला अध्यक्ष की कमान सौंपकर श्रेष्ठ और उत्तम कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी को नई ऊंचाई पर स्थापित करने में रिंकू भैया तन मन धन और समय अर्पित करके शत प्रतिशत योगदान करेंगे। ऐसा सभी जनमानस को विश्वास है। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि सरल और मृदु स्वभाव के धनी रिंकू भैया भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बनने के योग्य थे। इसलिए पार्टी ने समाज हित समर्पित अच्छी प्रतिभा का चयन किया है। हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों श्यामशरण शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, अरुण कुमार अग्रवाल, नवनीत कुमार, शलभ



रस्तोगी, सुमन कुमार वर्मा, विकास कुमार वर्मा, भारत मिश्रा, वैभव छाबड़ा, पंकज सांख्यधर, वैभव गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, अंकुर रस्तोगी, मीनू रस्तोगी, सरिता गुप्ता, आशा गुप्ता, गंगा रस्तोगी, अल्पना आर्य, रजनी गुप्ता, अमित गुप्ता, प्राची गुप्ता, नीरू चाहल, वेद प्रकाश चाहल,रूपाली गुप्ता, अमन सिंह अमित शुक्ला अरविंद शंकर शुक्ला, आयुष गुप्ता, बबीता भारद्वाज, मंजू रावत, मोहित गुप्ता, नेहा मलय, पूनम शुक्ला, प्रखर गुप्ता, शशि गंभीर, शीतल गुप्ता, सुनीता यादव, विनोद कुमार अग्रवाल, विष्णु कुमार आदि अनेक सदस्यों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर अपनी-अपनी खुशियां व्यक्त की, और रिंकू भैया को जिला अध्यक्ष बनाने के निर्णय का भरपूर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने की संचालन जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह गुर्जर ने किया।

# कृष्णा ने संकट मोचन बन बचाई द्रौपदी की लाज

शावेज अहमद रामपुर। दुशासन ने भरी सभा में द्रोपदी का चीर हरण किया। तो कृष्णा मोचन बन गए द्रोपदी की लाज बचाई तो भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बचपन के सखा सुदामा की दशा देख भगवान के आंसू भर आए। कृष्णरुक्मणी विवाह का मंचन देख लोग खुशी से झूम उठे यह दृश्य दिखाई दिया छठी महोत्सव के अंतिम दिन हुए मंचन का देर रात तक लोग श्री कृष्ण लीला का आनंद लेते रहे।

बाकर स्कूल मैदान में चल रहे श्री कृष्णा छठी महोत्सव में मुख्य अतिथि संजीव सक्सेना ने भगवान श्री बांके बिहारी जी को तिलक कर माला पहनाई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने श्री बांके बिहारी जी की आरती की और महोत्सव की आयोजिका कल्पना सक्सेना ने मंच की परंपरा के तहत मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह के सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बड़ा गर्व का विषय है कलयुग में द्वापर की लीला है और त्रेता युग यानी कि रामपुर में इसका आयोजन हो रहा है ऐसा संयोग हमारे समाज हमारे लिए बहुत हितकारी होगा ।मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद लीला का मंचन आरंभ हुआ ।मंचन के अंतिम दिन वैष्णवी कला मंच के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण विवाह, रुक्मणी मंगल ,सुदामा चरित्र, द्रोपती चीर हरण ,हल्दी वाली काली ,शिव जी का तांडव मंचन के साथ-साथ कुब्जा उद्धार, गजराज वध, मल युद्ध और उसके बाद कंस वध की लीला का मंचन किया गया ।मंचन में श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद लिया और भगवान श्री कृष्ण के जयकारे से पंडाल गूंज उठा। कंस वध के साथ ही छह दिवसीय छठी महोत्सव संपन्न हुआ। महोत्सव में पहुंचे सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर इमरान खान, राज सक्सेना,शिवा सक्सेना,सुरेंद्र कुमार सिंह, शेखर माली, सरदार सनी सिंह गिल ,अभिषेक कुमार, इशू कुमार, गौतम कुमार,नंदा सक्सेना, शिवानी, राजीव कुमार सिंह,अभय कुमार,विशाल कुमार आदि मौजूद थे छठी महोत्सव मंच का संचालन आयोजक रवि किशन सक्सेना ने किया।

# *बाइक को बचाने में हादसा: तीव्र गति कार अनियंत्रित होकर सड़क पर जा पलटी: महिला सहित तीन लोग घायल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। राष्ट्रीय राजमार्ग एक तीव्र गति कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार पलटने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। कार में एक महिला सहित पांच लोग सवार थे।जो हल्द्वानी से चलकर देहरादून की और जा रहे थे।बताया जा रहा है कि कार एक बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हल्द्वानी से देहरादून उत्तराखंड जा रही स्विफ्ट डिजायर कर वड04 ढ0339 के सामने द्वारिकेश शुगर मिल के तिराहे से निकलकर अचानक ही तीव्र गति से आए बाइक सवार को बचाने के चक्कर में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल कॉर्बेट रेस्टोरेंट के समीप कार पलट गई कार में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत ही घायलों को कार से निकाला तथा 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया कार में



सवार मौहल्ला कुसुम खेड़ा हल्द्वानी उत्तराखंड निवासी मानव चंद गुसाईं 27 वर्ष पुत्र मोहन चंद गुसाईं तथा बृज बिहार कालोनी निवासी पूजा परगाई 30 वर्ष पत्नी पूरन सिंह परगाई, कुसुमखेड़ा निवासी रोहित त्रिपाठी पुत्र रमेश त्रिपाठी,नीरज रौतेला पुत्र लक्ष्मण सिंह रौतेला, सवार थे तथा भीमताल निवासी तनय पुत्र आनन्द सिंह कार चला रहा था जिसमें मानव चंद गोसाई व पूजा परगाई गंभीर रूप से घायल हो गए इसमें अत्यन्त गंभीर अवस्था देखते हुए दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया तथा तीन अन्य मामूली रूप से घायलों को छुट्टी दे दी गई घटनास्थल पर पहुंचे इंस्पेक्टर क्राइम राजेश कुमार सिंह ने घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई सूचना पाकर घायलों के परिजनों में कोहरा मच गया तथा घटना स्थल की ओर रवाना हो गए।

# मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट मृतक आश्रितों को नियुक्ति देने समेत निलंबन निरस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ/कालागढ़। शुक्रवार को कर्मचारी संगठन ने मृतक आश्रितों को नियुक्ति देने समेत प्रधान सहायक का नियम विरूद्ध किया गया निलंबन निरस्त करने की मांग की है।

मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट बरेली के मण्डलीय मंत्री निर्भय हिन्द आजाद ने विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर रामगंगा बांध मंडल कालागढ़ के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा गया है।उन्होंने अधीक्षण अभियंता के नाम भेजा गए पत्र में कहा है कि 12 जनवरी 2021 को पंप आपरेटर जगपाल सिंह की मृत्यु हो जाने के बावजूद आश्रित को नियुक्ति नहीं दी गई। इसके विपरित 15 अगस्त 2022 को आवेदक को उसके आचरण पर प्रश्न चिहन लगाते हुए नियुक्ति देने से इंकार कर दिया गया। इसके अलावा करीब 7 साल पहले बेलदार चम्पा देवी की मृत्यु होने के बावजूद उसके आश्रित को भी नियुक्ति नहीं दी गई।अलबत्ता इस प्रकरण में पटल एवं प्रधान सहायक डिगेन्द्र सिंह को द्वेषभावना के चलते मामले की जांच तथा आरोपों की पुष्टि किए बिना नियम विरूद्ध तरीके से निलंबित कर दिया गया। संगठन द्वारा विभागीय अधिकारियों की द्वेषभाव पूर्ण कार्यवाही की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रधान सहायक का निलंबन तत्काल निरस्त करने सहित लंबित मृतक आश्रित नियुक्तियों की कार्रवाई को शीघ्र पूर्ण कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग गई है। पत्र में समय रहते मांग पूरी न होने पर संगठन द्वारा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई है।

# ऑन लाईन व्यापार के विरोध मे व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने दिया ज्ञापन पीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर रखी व्यापारियों की हित की समस्या

**दैनिक समाज जागरण संभल।**

ऑन लाईन खरीदारी के विरोध मे व्यापारियों ने प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिसमे व्यापारियों ने अपनी मांगों को उजागर किया।

व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिला अध्यक्ष हाजी मौहम्मद कासिम व जिला चैयरमेन गौरी शंकर के संयुक्त नेतृत्व मे संगठन के पदाधिकारियों ने पीएम के नाम एसडीएम को दिये गये ज्ञापन में कहा कि वर्तमान समय में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ऑनलाइन बिक्री किए जाने के कारण देश का छोटा एवं मझोला व्यापारी समाज आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऑनलाइन व्यापार से सीधा असर छोटे व मझौले व्यापारियों पर पड़ रहा है। बढ़ते ऑनलाइन व्यापार



के कारण खुदरा व्यापारी त्रस्त। छोटे एवं मझौले व्यापारी को रोजी-रोटी का खतरा हो गया है तथा दुकान बंद होने की स्थिति आ गई है। देश का लघु- मध्यम वर्गीय व्यापारी देश की खुदरा अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है, आम उपभोक्ता तक उत्पाद पहुंचाने में व्यापारी वर्ग का बड़ा सहयोग होता है। करोड़ों लोग की आजीविका व्यापार से ही चलती है। वर्तमान में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बहुतायत ऑन लाइन बिक्री हो रही है जिससे खुदरा व्यापार पर दुष प्रभाव पड़ रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर ठगी एवं धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ रहे हैं। यदि ऑनलाइन व्यापार पर सरकार द्वारा अंकुश नहीं लगाया गया तो इस स्थिति में लाखों व्यापारी बेरोजगार हो जाएंगे। इस दौरान ज्ञापन देने वालों मे शाकिर हुसैन, प्रयांशु शर्मा, हाजी एहतेशाम, सादिक अंसारी, जसपाल सिंह, तौकीर आलम, मेहरान तुर्की, दबीर अहमद, अमित गुप्ता, नबील अहमद, फरजन्द अली वारसी, बब्लू गोयल, शोभित कुमार, अशरफ हुसैन, फुरकान वारसी आदि मौजूद रहे।

# प्रसव पीड़ा के दौरान नवविवाहिता की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

**शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

बढ़ापुर प्राप्त जानकारी के अनुसार बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव सिक्का वाला निवासी सुभाष की पत्नी कमलेश (उम्र 24 वर्ष) को शुक्रवार को प्रातः 6:00 बजे प्रसव पीड़ा के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजनों की भर्ती कराया था। इलाज के दौरान कमलेश की मृत्यु हो गई। परिजनो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर हंगामा किया। चर्चा है कि मृतक के साथ आई कुछ महिलाओं ने



अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मचारी के साथ

हाथापाई भी की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर शांत किया। हंगामे के स्वास्थ्य केंद्र से फरार हुए कर्मचारी - कमलेश की मौत के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लगभग सभी कर्मचारी भाग गए इसके बाद अन्य मरीजों व प्रसव के लिए आई अन्य महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिला सहकारी बैंक सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

**शावेज अहमद रामपुर**

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सही पोषण-देश रोशन थीम के साथ रामपुर शहर स्थित जिला सहकारी बैंक सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद घनश्याम सिंह लोधी सम्मिलित हुए। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई संस्कार, बच्चों का अन्नप्राशन, कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण और मार्च में आयोजित पोषण पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो सहायिकाओं और दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शासन द्वारा निर्धारित अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि से संबंधित चेक सौंपे। सरकार द्वारा कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों का शहरी एवं ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य



सुपोषण और सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से जन-जन को जोड़ने में अग्रणी भूमिका रहती है। सशक्त भारत के निर्माण के लिए देश के नागरिकों का स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। सरकार देशवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है और जन-जन तक पात्रता के अनुरूप हर योजना का लाभ अत्यंत पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा हैं। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर आम जनमानस के जीवन स्तर में बेहद सकारात्मक परिणाम देखे जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि कुपोषण के चक्र को तोड़ना बहुत जरूरी है। देश के स्वस्थ नागरिक ही देश की उन्नति में अग्रणी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से बच्चों और उनके परिजनों को व्यवहार में परिवर्तन, बच्चों की देखभाल को लेकर जागरूकता और उनमें सुपोषण स्तर को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, सीडीपीओ दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर शासन और प्रशासन कतई गंभीर नहीं - दिगंबर सिंह

## भारतीय किसान यूनियन ने महापंचायत से पूर्व पदयात्रा निकाली

**बिसौली आई एम खान।**

भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत में किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। नायब तहसीलदार गिरजाशंकर यादव ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर भाकियू पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को लिया। नगरपालिका पार्क में आयोजित महापंचायत से पहले किसानों ने गांव कुढ़ौली से कार्यक्रम स्थल तक पदयात्रा निकाली। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर शासन और प्रशासन कतई गंभीर नहीं है। बरेली मंडल अध्यक्ष चौधरी अरुण सिंह राठी एडवोकेट ने कहा कि यदि किसानों का उत्पीड़न नहीं रुका तो भाकियू आंदोलन के लिए मजबूर होगी। इस मौके पर रमेश चंद्र शर्मा जिला अध्यक्ष संभल, तेजपाल गंगवार जिला अध्यक्ष बरेली, क्रांतिकारी कौशल कुमार युवा प्रदेश प्रवक्ता, रामचंद्र सिंह यादव जिला अध्यक्ष बदायूं, राम लखन यादव एडवोकेट, अरीवा खांन, हसमत अली खान, राम तीरथ सिंह, प्रमोद मिश्रा, दीपक साहनी एडवोकेट, सौरभ मिश्रा रतिराम सिंह, निर्मल कठेरिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध कच्ची शराब में दो अभियुक्तों पुलिस ने किया चालान

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा अपराधियों पर लगाम लगाने के



लिए चलाएं जा रहे अभियान में शाकिब उर्फ राकिब पुत्र फुरकान कासमपुरगढी तथा अवनीश पुत्र प्रताप सिंह गांव सीरवासुचन्द दोनों के पास 40 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में आरक्षी प्रशांत कुमार, आरक्षी नेम सिंह, आरक्षी सचिन चौधरी, व आरक्षी सुरेश कुमार मौजूद थे

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा ग्राम पथरिया, गुन्नौर स्थित प्रतीक मिष्ठान भंडार का निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई ।जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा



ग्राम पथरिया, गुन्नौर स्थित प्रतीक मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर चंद्रभान से बर्फी का नमूना प्रयोगशाला में जांच हेतु संग्रहीत किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में अनाजों एवं दालों के उत्पादन में प्रयोग किए जाने वाले पेस्टिसाइड एवं अन्य केमिकलों के स्तर की जांच हेतु विशेष अभियान चला कर डीडी ट्रेडर्स चंदौसी से चने एवं उड़द की दाल का नमूना, मंडी चंदौसी से गेहूं का नमूना एवं मंडी बहजोई से मक्का एवं चावल का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। इन अनाजों के नमूनों को विशेष जांच हेतु मेरठ प्रयोगशाला में जमा किया जा रहा है। प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई निश्चित की जाएगी।

## मोदी जी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बोल रहा - पूनम यादव

बिसौली आई एम खान। नगर के तहसील कालोनी स्थित वार्ड संख्या 13 में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम भारत यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने अमृत कलश यात्रा निकाली। घर घर जाकर कलशों में मिट्टी व अक्षत संग्रहीत किए गए।

## तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को मुस्लिम महा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी चेतावनी

शावेज अहमद रामपुर। मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपनी जुबान को लगाम दें।

वह तमिलनाड के मच्छर तो खत्म नहीं कर पाये सनातन को खत्म करने की बात करते हैं। भारतवर्ष में सबसे पहले सनातन था सनातन हैं और सनातन ही रहेगा। कहा कि भारत में कोई भी किसी भी धर्म को मानने वाला सबसे पहले वह सनातनी हैं। फरहत अली खान ने कहा कि भारतीय मुसलमान जो इस्लाम को मानते हैं वह भी सनातनी मुसलमान हैं। इसलिए सनातन को अपशब्द बोलने वाले स्टालिन का पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं और सनातनी मुसलमान होने पर यानी भारतीय मुसलमान होने पर गर्व करते हैं। हम सब सनातन के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे। स्टालिन जैसे जाने कितने आए और यही सोच रखी आज दुनिया में और खास तौर से भारतवर्ष में कोई नाम लेने वाला नहीं हैं। यही हाल उदयनिधि स्टालिन का होगा।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका की लापरवाही को लेकर दिया ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

शावेज अहमद रामपुर। नगर पालिका की लापरवाही के कारण जिला रामपुर में जल भराव व गंदगी



को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की तरफ से जिला कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस विकट समस्या से अवगत कराया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी द्वारा बताया गया कि पिछले सप्ताह मात्र दो दिन हुई बारिश से पूरे रामपुर शहर में जगह-जगह जमकर जल भराव से अधिकांश दुकानों व घरों व गलियों व मुख्य सड़कों पर जल भराव से लाखों करोड़ों रुपए का व्यापारियों व आम जनता का आर्थिक नुकसान हो चुका हैं। ऐसी स्थिति में व्यापारी समाज व आम जनता को नुकसान की क्षतिपूर्ति व भरपाई का मुआवजा दिया जाना अति आवश्यक हैं। साथ ही व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पूरे रामपुर शहर के जो कि महीनों से बंद पड़े हैं नालों की सफाई करवाकर व गंभीरता पूर्वक निर्णय लेते हुए आम जनता व व्यापारी समाज को बारिश की भयंकर तबाही व नुकसान से बचाया जा सके। इस मौके पर जिला राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, सरदार रविंद्र सिंह टोनी, सरदार मंजीत सिंह सिंपल, सरदार सतपाल सिंह टीटू ,विजय अग्रवाल, मैराज हुसैन, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, सुदेश यादव, नजमी खान, अतुल शर्मा, दिलशाद अहमद, लालमन सैनी, शाहजेब खान, हरिओम सैनी, नाजिम अली, पप्पू खान, विष्णु सैनी, अमित गुप्ता आदि मौजूद थे।

# दबंग किसान ने दबंगई के दम पर चकरोड काटकर किया आवागमन ठप्प

## ▪ खेती किसानी बंद होने का खामियाजा भुगत रहे हैं आधा दर्जन किसान

### ▪ हल्का लेखपाल ने प्रकरण में अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है

अयोध्या : दबंग किसान की कारगुजारियों के चलते करीब आधा दर्जन किसान अपने खेतों की जुताई बुआई करने में अपने को लाचार पा रहे हैं क्योंकि बगल की ग्राम पंचायत का मनबढ़ दबंग किसान ग्राम पंचायत आदिलपुर द्वारा प्रधान द्वारा निर्मित चकरोड को काटकर खेत में मिला लिया है और शेष बचे चकरोड पर पिलर व कटीला तार और झटका मशीन लगाने से किसानों का रास्ता अवरूद्ध हो गया है। कई किसानों ने शासन प्रशासन से शिकायत की थी, जिस पर हल्का लेखपाल ने प्रकरण की जांचकर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दिया है। बताया गया कि तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र के ढेमा शिवबक्स सराय का दबंग किसान राममनोरथ पुत्र अयोध्या प्रसाद का बगल की ग्राम पंचायत आदिलपुर में खेत है कई माह पहले खेत के किनारे चकरोड का निर्माण आदिलपुर के प्रधान द्वारा किया गया था, जिससे किसान अपने खेतों तक बेरोकटोक आ जा सकें, किन्तु दबंग किसान को निर्माण रास न आया तो उसने निर्मित चकरोड का कुछ हिस्सा काटकर दिया और शेष बचे चकरोड के किनारे गंभे गाड़कर कंटीला तार और झटका मशीन लगा देने से किसानों को आवागमन में कठिनाइयां उठानी पड़ रही है। जिसके कारण खेती किसानी प्रभावित हो रही है यह चकरोड और नाली गाटा संख्या 278,279,282,283,284,294,297,299 के पूर्व उत्तर दक्षिण में है जिसकी शिकायत रामसूरत तिवारी ने उत्तर प्रदेश के समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल 40017723029395 पर और इस मामले में हरीराम 40017723029035 शिकायत दर्ज करवाई है ग्राम पंचायत के शिकायतकर्ता हरीराम, शिवबहादुर, राधेश्याम, वा विवेक त्रिपाठी और घुरेहटा ग्राम पंचायत के रामदयाल, राममूरत, रामधीरज, राम सुंदर, स्वामीनाथ, बद्रीप्रसाद, दयाराम आदि ने दबंग किसान के खिलाफ ठोस कार्यवाही की मांग की थी

जिसपर हल्का लेखपाल ने सन्दर्भ संख्या 40017723034941 पर 28-07-2023 एवं 02-09-2023 रिपोर्ट में लिखा है कि स्थल निरीक्षण से स्पष्ट हुआ है कि चकमार्ग गाटा संख्या 296 व 422 की पटाई पूर्व में हो चुकी है। मुख्य विवाद चकमार्ग के पूर्वी सिरे पर स्थित गांठें का कास्तकार राममनोरथ पुत्र अयोध्या प्रसाद नि. ढेमा शिवबक्शराय द्वारा चकमार्ग पर फसल सुरक्षा हेतु खूंटा गाड़कर तार लगा दिया है। विपक्षी दूसरे गांव और दूसरी तहसील का निवासी होने के कारण फोन से वार्ता कर फसल तैयार होने के उपरांत खूंटा उखाड़कर खेत में गाड़ने हेतु कह दिया गया है । वहीं विपक्षी कटे हुए स्थान और कंटीले तार आदि को हटाने पर सहमति जताई है। थानाध्यक्ष इनायतनगर और हैरिंग्टनगंज खण्ड विकास अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अनुतोष प्राप्त करें।

# अयोध्या में संजीव सिंह बने भाजपा के जिलाध्यक्ष

## कमलेश श्रीवास्तव को महानगर अध्यक्ष की कमान,अभिषेक मिश्र हटाए गए

**समाज जागरण**

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह के करीबी संजीव सिंह को भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर दूसरी बार चुना गया है। जबकि गुटबाजी से दूर हर वर्ग में अपनी घुसपैठ रखने वाले कमलेश श्रीवास्तव को महानगर अध्यक्ष का दायित्व मिला है। महानगर अध्यक्ष पद से हटाए गए अभिषेक अपने तीखे और बड़ बोले संवादों के जरिए विवादों में बने रहे। माना जा रहा है कि सांसद लल्लू सिंह और अधिकारियों की नाराजगी की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी है।

बीकापुर क्षेत्र से युवा चेहेरे संजीव सिंह संयमित भाषा शैली और सांसद लल्लू सिंह का विश्वास पात्र हमेशा बने रहे। उनसे पहले एक बार जिलाध्यक्ष रहे अवधेश पाण्डेय "बादल" रहे। वे भी इस पद पर तब तक रह पाए जब तक उन्हें लल्लू सिंह की कृपा बरकरार रही।



भाजपा के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र से पूर्व डीएम अनुज झां की नोकझोंक सहित जिले के कई अधिकारियों की समय-समय उनसे नाराजगी के विवाद उनके राजनीतिक विरोधी ऊपर तक पहुंचाते रहे। युवाओं सहित जिले के राजनेताओं खासकर लल्लू सिंह विरोधी माने जाने वाले खेमें में उनकी गहरी पैठ अभिषेक की पहचान रही। जिला पंचायत के चुनाव में अध्यक्ष पद पर रोली सिंह की जीत में उनकी मेहनत को नंजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महापौर के चुनाव में उनकी सक्रियता के बावजूद महंत गिरीश पति तिवारी और निवर्तमान महापौर ऋषिकेश उपाध्याय से भी उनकी नाराजगी सार्वजनिक रही। बताते चले कि महापौर पद के लगातार दो चुनावों में अभिषेक अपने टिकट की दावेदारी करते रहे। उनके इस अंदाज को उनका विरोध माना जाता रहा।

# अयोध्या में बिहार जा रही बस में दो की मौत

## आरटीओ चेकिंग के दौरान 3 घंटे तक खड़ी रही बस, गर्मी तथा उमस में यात्रियों की बिगड़ी हालत

अयोध्या। अयोध्या के थाना रौनाही के टोल प्लाजा के पास बिहार जा रही दो बस में दो लोगों के मौत हो गई है। बताया जा रहा है यह घटना आरटीओ चेकिंग के दौरान हुई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दिल्ली से बिहार जा रही बसों की रुदौली थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा के पास फ्ळ0 चेकिंग कर रहे थे। बिहार की यात्रियों का आरोप है कि इस दौरान करीब 3 घंटे तक बस टोल प्लाजा पर खड़ी रही। इस दौरान दो अलग-अलग बसों में दो यात्रियों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया है।

चेकिंग के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर से दोनों की मौत हुई है। नीतीश कुमार ने बताया कि पिता का इलाज कराने दिल्ली एम्स गए थे। उनकी तबीयत खराब थी। वापस घर ले जा रहा था। आरटीओ द्वारा करीब 3 घंटे रोके जाने के कारण गाड़ी में उमस बढ़ने से उनकी मौत हो गई है। आप यहां भी है की



तबीयत बिगड़ने पर इसकी सूचना बस ड्राइवर को दिया गया ड्राइवर ने आरटीओ द्वारा मरीज के इलाज को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई।

यात्री की मौत के बाद में बस के अन्य यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान पता चला कि एक अन्य बस में भी एक मरीज मर गया है। यात्रियों का आरोप था कि मरीज के मरने के बाद आरटीओ ने उस बस को तत्काल रवाना कर दिया।

हंगामा बढ़ता देख रौनाही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। इस दौरान पुलिस और आरटीओ के बीच नोक झोंक भी हुई। हालांकि आरटीओ ने सभी बसों को रवाना किया। आरटीओ प्रवर्तन प्रवीण सिंह ने बताया कि रूटीन चेकिंग के दौरान बसों की परमिट व अन्य कागजात की चेकिंग की जा रही थी। इस एक मरीज के मरने की सूचना है। जो पहले से बीमार था। बस ड्राइवर से जब यह पूछा गया कि मरीज को बस क्यों लाये तो उन्होंने बताया कि मरीज के परिजनों ने लिखित तौर पर दिया था कि यदि कोई घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी होगी। फिलहाल यह जांच का विषय है।

# धोखाधड़ी के मामले में सास समेत ग्राम प्रधान व चार अन्य पर केस दर्ज

अयोध्या। एक विवाहित महिला की मृत्यु के बाद मायके वालों को धन संपत्ति हड़पना महंगा पड़ गया। न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान सहित उसके चार अन्य मददगार के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। मामला हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मनऊपुर का है। पीड़ित कर्मवीर सिंह पुत्र स्व0 अखंड प्रताप ने शिकायती पत्र में कहा है कि पत्नी शीला गर्भवती थी। जिसका इलाज चंद्रा हॉस्पिटल लखनऊ में चल




रहा था। 6 अप्रैल को इलाज के दौरान उसके पत्नी की मौत हो गई। उसके बाद हिंदू रीति रिवाज के साथ दाह संस्कार और कर्मकांड किया। पीड़ित के पत्नी के बैंक ऑफ बड़ौदा हैदरगंज के खाते में 56000 रुपए थे।

आरोप है कि हैदरगंज ग्राम प्रधान राकेश गुप्ता पुत्र छोटेलाल, सास शिवकुमारी, गणेश कसौधन, संजय, सिद्धार्थ, रामतीरथ यादव ने मिलकर सेक्रेटरी माता प्रसाद के माध्यम से तारुन ब्लॉक से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर सास के खाते में पैसा ट्रांसफर करवा दिया। जबकि प्रार्थी के पास एक बेटा है। पत्नी के नाम जमीन भी है उसको भी फ्रॉड और कूटरचित दस्तावेज तैयार करके हड़पने के फिराक में हैं। वहीं 26 अप्रैल को गलत तरीके से जारी हुआ कथित मृत्यु प्रमाण पत्र ब्लॉक प्रशासन ने निरस्त कर दिया है।

प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अरशद ने बताया जे एम थर्ड के आदेश पर छः आरोपियों पर धारा 406, 419, 420, 467, 468, 471 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना जारी है।

# पूर्व विधायक संजय यादव को मिली बलिया भारतीय जनता पार्टी की कमान

## -भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जारी की सूची

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व ने संगठनात्मक परिवर्तन किया है। बलिया जनपद भी इसमें शामिल है। पूर्व विधायक संजय यादव को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है। पूर्व विधायक संजय यादव के भारतीय जनता पार्टी बलिया का



जिलाध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकताओं में काफी खुशी का माहौल है। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी की की जिला कमान विधानसभा बैरिया निवासी जयप्रकाश साहू के जिम्मे थी जो अब सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र में संजय यादव (पूर्व विधायक) के कंधों पर आ गई है। संजय यादव के जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी में संगठनात्मक तौर पर एक बेहतर तालमेल और माहौल दिखेगा। लोस विधानसभा चुनाव में निर्वाचित हुए किसी सदस्य को जनपद संगठन की कमान पहली बार भाजपा ने बलिया में दिया है।

# जागरूक हों तो शरीर को निरोगी रखने में मिलेगी मदद : जिलाधिकारी

## -कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता कर अभियान की रूपरेखा की दी जानकारी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने व उन्हें स्वास्थ्य विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 सितम्बर को कर चुकी हैं। इस अभियान के पांच प्रमुख घटक सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत आयुष्मान नगरीय वार्ड है।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता कर जिलाधिकारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि इसके सफल क्रियान्वयन के प्रति जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जनपदवासी इस अभियान का लाभ लें। इससे निश्चित रूप से अपने शरीर को निरोगी रखने में मदद मिलेगी। अभियान की शुरूआत में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन होगा। इसके तहत स्वच्छत भारत मिशन, रक्तदान महादान तथा अंगदान शपथ पर आधारित कार्यक्रम होंगे। समुदाय स्तर की संस्थाओं जैसे रोगी कल्याण समिति, जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, महिला आरोग्य समिति आदि के माध्यम से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित



होगी। कैम्प लगातार विभिन्न जगहों पर रक्तदान कार्यक्रम होगा। इसके अलावा जिला मुख्यालय, चिकित्सा इकाईयों, ग्राम सभा, स्कूल-कालेज, आफिस आदि में अंगदान महादान की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएमओ की ओर से स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत शत प्रतिशत पात्र व्यक्ति का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही होगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है।

### आयुष मेला में रहेंगे चिकित्सकीय विशेषज्ञ

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तीसरे घटक, यानि आयुष्मान मेला के तहत 16 सितम्बर से प्रत्येक शनिवार को जिले के 285 उपकेंद्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर तथा सभी 17 सीएचसी पर आयुष मेला का आयोजन होगा, जिसमें कार्ययोजना के अनुसार विशेषज्ञ डाक्टर भी सेवा देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसमें पहले हप्ते में गैर संचारी रोग, दूसरे हप्ते में टीबी, कुष्ठ व अन्य संचारी रोग, तीसरे हप्ते में मातृ एवं बाल स्वास्थ्य तथा पोषण तथा चौथे हप्ते में सिकल सेल तथा नेत्र देखभाल से सम्बन्धित स्क्रीनिंग व जांच की सुविधा दी जाएगी।

### हर ग्राम पंचायत में होगी आयुष्मान सभा

विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं व सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में 02 अक्टूबर को ग्राम स्वच्छता समिति एवं पोषण समितियों द्वारा आयुष्मान सभा का आयोजन होगा। इसमें बेहतर स्वास्थ्य के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को बताया जाएगा। अंतिम घटक आयुष्मान ग्राम के तहत, उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने निर्धारित छह मानकों पर शत प्रतिशत उपलब्धि पा लेंगे। इस दौरान सीएमओ डॉ जयंत कुमार, डीपीएम डॉ आरबी यादव, डॉ आनंद आदि थे।

# श्रद्धापूर्वक मनाई गई आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद की पुण्यतिथि

## -सांसद रवींद्र कुशवाहा ने भी श्रद्धासुमन चढ़ा किया शहीद को नमन

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : क्षेत्र के बिद्याभवन नारायनपुर गांव में आंतकवादियों से लोहा लेते हुए



शहीद सैनिक बिजेन्द्र बहादुर सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गई। शहीद की प्रतिमा पर सांसद रविन्दर कुशवाहा व अन्य लोगों ने फूल चढ़ाकर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि समारोह में एनसीसी कैडेट व स्कूल के बच्चों ने मार्च पास्ट कर शहीद सैनिक को सलामी देते हुए नमन किया। वर्ष 2017 में बीएसएफ के जवान बिजेन्द्र बहादुर सिंह पाकिस्तान आंतकवादियो से जम्मू कश्मीर के अररिया सेक्टर में लड़ाई के दौरान शहीद हो गये थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सैनिकों के भारत की रक्षा के लिए किए गए बलिदान के बल पर ही आज भारत देश सुरक्षित हैं। हम सभी को शहीद के बलिदान से प्रेरणा लेकर देश व समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। भाजपा नेता विवेक सिंह ने कहा कि शहीद बिजेन्द्र युवा पीढ़ी के युवकों के प्रेरणा स्त्रोत है, नौजवानों को उनके आदर्श से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह ने कहा कि देश के वीर सैनिकों के त्याग, बलिदान व तपस्या के बल पर ही हम सभी लोग सुरक्षित हैं। इनके आर्दश से प्रेरणा लेकर देश व समाज हित में कार्य करना चाहिए। इस मौके पर बबुआ सिंह, अशोक सिंह, अखिलेश सिंह, जेपी सिंह, राज प्रकाश सिंह , धमेंद्र सिंह आदि थे।

# गहमागहमी और कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ कोटे की दुकान का चयन

## -किसी अप्रिय घटना की आशंका को लेकर भारी मात्रा में पुलिस बल रहा मौजूद

**शंकर सिंह, समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर में कोटे की दुकान की चयन को लेकर खुली बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राखी स्वयं सहायता समूह को यह दुकान आवंटित कर दी गई।

विदित हो कि ग्राम पंचायत बसंतपुर में कोटे की दुकान का निलंबन 1 साल पहले हो चुका था। उसके बाद से नई दुकान की चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसको लेकर गांव में कई बार तनाव का माहौल बन चुका था। इसके पहले बुलाई गई खुली बैठक में कोरम के अभाव में दुकान का चयन नहीं हो पाया था। स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित दूसरी बार 15 सितंबर का दिन निर्धारित किया गया था। सहायक विकास अधिकारी आईएसबी रंजीत कुमार



और ब्लॉक के अन्य कर्मचारियों की मौजूद में दोबारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सभा के दो स्वयं सहायता समूहों ने अपने-अपने दावे प्रस्तुत किए। समूह में सदस्यों की संख्या के आधार पर वरिष्ठता क्रम का पालन करते हुए राखी स्वयं सहायता समूह को यह दुकान आवंटित कर दी गई। इस दुकान की चयन को लेकर गांव में हुए तनाव और विगत वर्ष दुर्जनपुर में दुकान के चयन के समय हुए गोली कांड और हत्या के मद्दे नजर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। स्थानीय थाने के साथ-साथ चितबड़ागांव, फेफना और सुखपुरा थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। शांतिपूर्ण तरीके से कोटे के चयन के बाद प्रशासन ने राहत के सांस ली। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंकित सिंह, सचिव अमित आनंद के साथ-साथ ग्राम सभा के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : केंद्र सरकार द्वारा "मेरी माटी, मेरा देश" अभियान की परिकल्पना आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने नेतृत्व में शुक्रवार को संपन्न हुआ।

बेलहरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मझौवा में मेरी मिट्टी, मेरा देश के तहत शहीदों को नमन, वीरों का वंदन कर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की सम्रुद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुद्रढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभायेंगे की शपथ ली गई। तदपश्च शहीद के दरवाजे पर जाकर कलश में पवित्र मिट्टी तथा चावल लेने साथ



ही गांव में घर घर की मिट्टी चावल ली गई। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल सिंह, युवा भाजपा नेता आदित्य नारायण तिवारी, बेलहरी ब्लॉक मंडल अध्यक्ष अश्वनी ओझा, अरविंद सिंह सेंगर, शिवदयाल सिंह, खंड विकास अधिकारी शकील अहमद, एपीओ अमित कुमार सिंह सचिव विनय कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, अनील सिंह, नन्दवहादुर सिंह, नन्दु सिंह , हरि सिंह, सनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम शामिल हुए सांसद डॉ महेश शर्मा।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

गौतमबुद्धनगरः जक्शन रोड खुर्जा पर आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम आयोजित किया गया। बडी.संख्या मे स्थानीय कार्यकताओं तथा ग्रामीणो ने स्थानीय लोगों से अमृत वाटिका निर्माण हेतू अमृत कलश मे मिट्टी एवं चावल एकत्र किया।

इस अवसर पर जिला गौतमबुद्धनगर



से भारतीय जनता पार्टी के सांसद व पूर्व मंत्री डॉ महेश शर्मा कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने कार्यकताओं के साथ मिलकर अमृत कलश मे मिट्टी तथा चावल संग्रहित किए, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को देश भक्ति से प्रेरित इस कार्यक्रम मे शामिल होने का आह्वान किया तथा शहीदों से प्रेरणा लेने की बात कही।

# 10.हजार के ईनामिया बदमाश को बांसडीह पुलिस ने दबोचा

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बलिया : वांछित, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बांसडीह पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने 10 हजार के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।



थाना बांसडीह पर पंजीकृत मुअसं- 228/2022 धारा 147/323/304/34 भादवि में फरार चल रहे 10 हजखर के पुरस्कार घोषित अपराधी आदित्य पाण्डेय पुत्र अजय पाण्डेय निवासी मिरिगिरी टोला कस्बा बांसडीह थाना बांसडीह को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के बाद अभियुक्त को न्यायालय के सिपुर्द कर दिया गया।

# पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल का भी मिशन था संजय यादव को कमान

**-भाजपा जनपद संगठन में परिवर्तन**
**-मिशन 2024 लोकसभा चुनाव में बलिया संसदीय सीट पर है आनंद स्वरूप का दावा**
**-टीम आनंद स्वरूप शुकल मान रही इसे अपनी कामयाबी की एक सीढ़ी**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**




बलिया : राजनीति में हर कदम पर राजनेता अपने दल के साथ अपनी कामयाबी के रास्ते की भी तलाश करते रहते हैं। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल भी बलिया भाजपा संगठन के बदलाव को इसी हिसाब से देख रहे हैं। पूर्व विधायक संजय यादव को जिलाध्यक्ष बनाने का मिशन भी पूर्व मंत्री चलाए थे। पूर्व मंत्री लोकसभा चुनाव में बलिया सीट पर दावेदारी है और उनकी टीम संजय यादव के जिलाध्यक्ष बनने के बाद अपनी सफलता की एक सोपान मान रही है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भुपेंद्र सिंह चौधरी ने जिलाध्यक्ष पद के लिए कुछ नाम जारी किए उसमें एक बलिया जिलाध्यक्ष के लिए पूर्व विधायक संजय यादव का नाम था। जनपद में उत्साह का माहौल बन गया। टीम आनंद स्वरूप शुक्ल और हर्षित दिखी। दावा था कि पूर्व मंत्री ने पूरे मनोयोग से यह प्रयास किया था और अंततः वही हुआ। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे आनंद स्वरूप शुक्ल की टीम संजय के जिलाध्यक्ष बनने को अपने नेता आनंद स्वरूप शुक्ल की उपलब्धि मान रही है।

# पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को सिकंदरपुर पुलिस ने पकड़ा

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : जिले में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में स्थानीय पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी के पाक्सो एक्ट के वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी दिनेश पाठक ने मय टीम पाक्सो एक्ट से सम्बंधित वांछित



अभियुक्त ओमप्रकाश राजभर पुत्र सुग्रीव राजभर ग्राम कठौड़ा थाना सिकंदरपुर को जमुई चट्टी से गिरफ्तार किया। आवश्यक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के सिपुर्द किया।

# रोटरी क्लब विराट शहडोल ने बुढार प्राथमिक पाठशाला में वितरण की शैक्षणिक किट।



शहडोल ।कप्तान हाई स्कूल बुढ़ार में रोटरी क्लब विराट शहडोल ने क्लास एक से लेकर पांचवी तक के बच्चों को शैक्षणिक किट का वितरण, मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनंद राय सिन्हा,और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमति शालिनी सरावगी के सानिध्य में किया। इस प्राथमिक विद्यालय की सन 1924 में स्थापना की गई थी ।इसशैक्षणिककिटमें,कॉपियां,रंगीनपेंसिल ,रबर,स्केल,ड्राइंग्स,पेंसिल ,कंपास बॉक्स,दफ्ती, पेन, कटर, गोंद, साथ में किटकेट आदि शामिल थे, सहायक आयुक्त महोदय ने इस अवसर पर कहा कि आपके स्कूल को मेने गोद लिया हुआ है इसके विकास की संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी है आपको किसी भी प्रकार का कोई भी सामग्री चाहिए तो मैं देने को तैयार हूं आपके प्रिंसिपल्स श्री देवेंद्र श्रीवास्तव एक अच्छे प्रिंसिपल हैं,नवीन कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं उन्होंने इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय स्टाफ से कहा आप एक मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन करें और लोगों को अधिक से अधिक मतदान देने के लिए जागरूक करें। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने इस विद्यालय के विषय में बतलाया कि मेरे पापा छोटेलाल सरावगी पूर्व विधायक थे उन्होंने भी इस प्राथमिक पाठशाला में अध्ययन किया है,इस अवसर पर बुढार के थाना प्रभारी संजय जयसवाल , पूर्व नगर पालिका अधिकारी अंजनी श्रीवास्तव वर्तमान नगर का अधिकारी एवं नगर के पार्षद, इसके अलावा बहुत से संकुल की शिक्षक ,रोटरी क्लब के अध्यक्ष नरेश कुमार सिंघल,सचिव अशोक बजाज,पूर्व सहायक प्रांत पाल विनय तिवारी, इलेक्ट प्रेसिडेंट सुशील खोडियार, कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन देवेंद्र श्रीवास्तव,पूर्व अध्यक्ष अशोक सराफ,साथ ही रोटेरियन शाहिद खान शेखर दंड, अजय शर्मा रहे, श्रीमती शालिनी सरावगी ने एक शाम शहीदों के नाम की शिलालेख का फीता काट कर शहीदों को नमन किया।

# सूरज दुवेदी को किसान मोर्चा के जिला मंत्री बनने पर लोगों ने दी बधाई

**समाज जागरण**

शहडोल/ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह व किसान मोर्चा के प्रभारी श्री शीतल पोददार तथा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी के सहमत से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला मंत्री पद पर सूरज दुवेदी को किया गया ।साथ ही इनके उज्वल भविष्य की कामना की ।सूरज दुवेदी एक मिलनसार मृदुभाषी, ईमानदार व्यक्तित्व के धनी अपने कार्य के प्रति सजगता पार्टी के लिए जिम्मेदारी से कार्य करने वाले सजग व्यक्ति है। काशी प्रसाद शर्मा, शिवेंद्र दुवेदी, सुरेश साहू,महेंद्र प्रताप सिंह और सूर्यप्रकाश सिंह ने इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# राहुल शर्मा बने मंडल अध्यक्ष



बुढार। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष कामाख्या नारायण राय की अनुशंसा एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह की सहमति से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मंडल बुढार के अध्यक्ष पद पर युवा भाजपा किसान नेता राहुल शर्मा सेमरा का मनोनयन किया है। राहुल के मंडल अध्यक्ष बनने पर राकेश पांडे ,लक्ष्मण प्रसाद गौतम, छबिलाल नापित, राजेश गिरी, अजय यादव, अभिलाष शर्मा लकी शर्मा, गोलू शर्मा, अनुपम अवस्थी, सचिन मिश्रा, आदि ने बधाई प्रेषित की है

# मंज़िल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है :- पवन कुमार चीनी

## छात्र पलक वाधवानी को पार्षद व समाजसेवी पवन कुमार चीनी ने कमिश्नर शहडोल संभाग राजीव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर के उपस्थिति में टैबलेट देकर किया सम्मानित

**समाज जागरण**

अनूपपुर। नवगठित नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद व समाजसेवी पवन कुमार चीनी के द्वारा नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 6 अमलाई में निवास करने वाले मनीष वाधवानी की भतीजी व स्वर्गीय विजय वाधवानी की पुत्री केंद्रीय विद्यालय धनपुरी कालरी की छात्र कक्षा 10 सीबीएसई बोर्ड की छात्रा पलक वाधवानी को पार्षद पवन कुमार चीनी के द्वारा कमिश्नर शहडोल संभाग राजीव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर की उपस्थिति में अमलाई कॉलरी स्टेडियम में राज्य स्तरीय शालेय बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन के दौरान टैबलेट प्रदान किया गया, समाजसेवी व पार्षद पवन कुमार-चीनी ने कहा कि मंज़िल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है हमेशा बड़ी जिम्मेदारी उठाने के बारे में सोचें, लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें, सफलता अपने-आप कदम चूमेगी, छात्रा पलक वाधवानी कक्षा 10वी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और अपने माता- पिता सहित शहडोल तथा अनूपपुर जिले को गौरवान्वित किया था। साथ ही केंद्रीय विद्यालय विद्यालय परिवार धनपुरी ने पार्षद व समाजसेवी पवन कुमार चीनी को इस नेक कार्यों के लिए पूरा विद्यालय परिवार धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसके पहले भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलाई कॉलरी की छात्रा सुमन दास पनिका को भी दसवीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाने पर टैबलेट प्रदान किया था साथ ही बोर्ड परीक्षा में मध्य प्रदेश में टॉप टेन में शामिल छात्र अमन पनिका को भी पार्षद पवन कुमार चीनी द्वारा लैपटॉप देकर सम्मान किया था, जिसके लिए उनके परिवार के द्वारा पार्षद समाजसेवी को धन्यवाद ज्ञापित किया था, नेक कार्यों में लोगों के प्रति आगे बढ़कर आना जैसे ब्लड डोनेट करना गरीब लोगों के यहां शादी विवाह में मदद करना उनकी आदत सी बन गई है खेल कूद हो या फिर धार्मिक कार्य हो सब में अपनी सहभागिता निभाना उनका महत्वपूर्ण कार्य हैं, कोरोना काल में सुबह शाम गरीब बेसहाये लोगों को भोजन उपलब्ध कराना उनकी आदत सी बन गई थी, अपने आप में एक मसीहा बनकर लोगों की मदद करना उनकी आदत सी बन गई है, जिसके लिए वह जाने व पहचाने जाते हैं उसका जीता जागता उदाहरण है, समाजसेवी व पार्षद पवन कुमार चीनी जिन्होंने वह करके दिखाया जिसके लिए पूरा विद्यालय परिवार सहित शहडोल तथा अनूपपुर जिला धन्यवाद ज्ञापित कर रहा है, फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान इंटक महामंत्री समाजसेवी अमरजीत सिंह, रवि दुबे एवं पूरे मध्य प्रदेश से आए हुए खिलाड़ी सहित शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल अमलाई कॉलरी के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे ।



# जन अभियान परिषद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था पसान द्वारा रैली का आयोजन

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा आज दिनांक 15 सितंबर 2023 को पसान जमुना कोलियरी के शा.हाई से.विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जन जागरूकता हेतु विद्यालय के छात्रों के सहयोग से रैली एवम नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

आज के इस कार्यक्रम में परामर्शदाता शिवानी सिंह नवांकुर प्रतिनिधि विकास कुमार प्रस्फुटन समिति जमुना के सदस्य शामिल पासी एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष छात्र राज जायसवाल ,ईश्वरी देवगन विद्यालय प्राचार्य सुचिता मैम,राहा सर समस्त विद्यालय स्टाफ छात्रों की सहभागिता रही। रैली एवम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




# अब दुश्मन की खैर नहीं, 45 हजार करोड़ के हथियार खरीदने की तैयारी, केंद्र की 9 प्रस्तावों को मंजूरी, स्वदेशी पर खास जोर

नई दिल्ली. रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को लगभग 45,000 करोड़



रुपये की लागत से विभिन्न हथियार प्रणालियों और अन्य उपकरणों की खरीद के नौ प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनमें हवा से सतह पर मार करने वाले कम दूरी के प्रक्षेपास्त्र ध्रुवास्त्र एवं 12 एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और डोर्नियर विमानों को अद्यतन करना शामिल हैं. ह्यमेक इन इंडियाह्न पहल के ढांचे के तहत खरीद प्रस्तावों को मंजूरी पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर चल रहे गतिरोध के बीच मिली है.

डोर्नियर विमानों की सटीकता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए वैमानिकी उन्नयन के भारतीय वायु सेना के प्रस्ताव को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इस साल की शुरूआत में कई मौकों पर विमान में तकनीकी खराबी की सूचना मिली थी. रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ह्नरक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये के नौ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए

# कबाड़ कोयला चोरी की रफ्तार तेज, स्थानीय पुलिस अंजान बनी, जिला पुलिस प्रषासन शीघ्र कबाड कोयला चोरी पर अंकुष लगाए,

बुढ़ार। जितेंद्र शर्मा द्वारा इन दिनों खुलेआम कोयला कबाड़ चोरी चरमसीमा पर हैं कब कितने समय कोयला चोरी का ट्रको में लोडकर जिले से बाहर पहुच जाए, कोई भरोषा नही, स्थानीय पुलिस न जाने क्यो कोयला चोरी पर रोक नही लगा रही, स्थानीय पुलिस जानती है कि कोयला चोरी का मास्टर माइंड प्रमुख कौन है फिर भी उसको रातो दिन देखने के बाद भी क्यो पकड़ से बाहर है, क्या पूर्व जिला प्रषासन की कार्यवाही कोयला चोरों को भूल गई समूचे कोयलांचल क्षेत्र की जनता ने जिला प्रषासन से आपेक्षा की है कि इन दिनों खुलेआम कोयला चोरी पर विराम लगाया जाए, कोयला चोरी पर लगाम न लगा तो कही कभी कोई बडी अप्रिय घटना न हो।

वही कुछ ही माह पहले धनपुरी थाना क्षेत्र के भूमिगत खदान से आधा दर्जन लोग कबाड़ चोरी में अपनी जान गवा चुके हैं, प्रषासन ने थाना प्रभारी पर कार्यवाही की, पर कबाड़ चोरों को नही रोक पायी आज भी दर्जनों कबाड़ के ठीहे धनपुरी, बुढ़ार अमलई खैरहा थाना क्षेत्र में चल रहे हैं, कबाड़ चोरी का मास्टर माइंड का जब नाम लिया जाता है, तो जन जन की आवाज है, कि बडडे नामक इसका मुखिया है, स्थानीय पुलिस उसका रहन सहन सारी गतिविधियों से अवगत है पर कार्यवाही शून्य दिख रही क्यो कोयलांचल क्षेत्र से कबाड़ कोयला चोरी में पूर्णतः विराम लग पायेगी।

# जमीनी विवाद को लेकर भ्रमक खबरों का लिया शरण, वर्षो किया फर्जी नौकरी, कई प्रकरण का है आरोपी रमेष

**समाज जागरण**

अनूपपुर वर्षो से जमीन का विवाद चला आ रहा है, जमीन विवाद में न्याय नही मिल पर रहा, क्योकि फर्जी रिकार्ड गलत दस्तावेजों का सहारा जॉच में सही सिद्ध नही हो पाया, पूर्व में सोहागपुर एरिया में फर्जी नाम से नौकरी कर रिटायर्ड हो जाने पर मोटी रकम के घमण्ड से गांव परिवार के साथ पड़ोसी के ऊपर हावी होकर रमेष यादव निवासी धिरौल खम्हरिया जो वर्षो पूर्व बेसाहू नाम से नौकरी अमलई ओ.सी.एम. में किया, नौकरी समय पर रिकार्ड था कि आए दिन हाल पैक डम्फरों से डीजल चोरी करना ओ.सी.एम. में सदैव सुर्खियो में रहा, विवादित रमेष यादव फर्जी नाम बेसाहू यादव जो आए दिन जे.सी.बी. मषीन को लेकर अपनी जमीन से लगी दूसरों की जमीन को जबरन दबगई से जमीन को अपने कब्जे में लेना जिसकी षिकायत भी देवहरा पुलिस चौकी में होने के बाद जगह जगह यह बोलता है कि पडौसी के ऊपर जे.सी.बी. चढ़ा देता तो ठीक था, रमेष यादव का आतंक पटेल परिवार में इन दिनों हावी हो चुका है, उसके आतंक से उमेष यादव, महेष यादव, जो भाई हैं, एवं पडोसी पटेल परिवार परेषान रहते हैं।

जब विवादित रमेष यादव को कहीं से बचाव नही मिला तो भ्रामक जानकारी देकर गलत खबरे प्रकाषित कराकर बाववाही लूटने में अपनी चालबाजी दिखा रहा है। भ्रामक जानकारी से खबरे कितने दिन लगेंगी रमेष यादव के फर्जी दस्तावेजों को लेकर स्थानीय नागरिको ने पूरा रिकार्ड खागाल लिया कि वही बेसाहू यादव है या रमेष यादव आज भी तहकीकात किया जाये तो घोर धोखाधड़ी की श्रेणी में आएगा, जब थाने कोर्ट कचेहरी में विवाद पहुच जाए, तो पुरानी रंजिष को लेकर भ्रामक खबरे प्रकाषित कराना न्याय संगत नही है। इस प्रकार सभी सचेत हो चुके हैं कि रमेष यादव द्वारा भ्रामक बाते बतायी जाती है, जिसका कोई आधार व सच्चाई नही है।

# रेलवे क्रासिंग पर दशकों में भी नहीं हुआ फाटक का संचालन

## *जोखिम उठाकर गुजर रही नेशनल हाइवे की आवाजाही*

**समाज जागरण**

शहडोल। अमलाई अंतर्गत ओपीएम की ओर जाने वाली रेलवे लाइन दशकों से आज तक असुरक्षित है। रेलवे लाइन से होकर हाइवे गुजरती है लेकिन यहां रेलवे फाटक का कोई इंतजाम नही है। हाइवे के वाहन लाइन को पार कर आते जाते हैं। यहां कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। यह रेलवे लाइन केवल ओपीएम की लगेज सुविधा के लिए संचालित है। यहां से केवल मालगाडियां गुजरती हैं। लेकिन फाटक की सुविधा नहीं होने के कारण आवाजाही चलती रहती है लोग इंजन के सामने से निकलते रहते हैं। यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**क्रासिंग पर फाटक अनिवार्य**

बताया गया कि रेलवे लाइन के ऐसे स्थल जहां से सडकों की भी आवाजाही चलती है वहां रेलवे द्वारा अनिवार्यतः जनसुरक्षा के लिए फाटक का संचालन कर कर्मचारी तैनात किए जाते है। फाटक के बिना आवाजाही जारी रखने की अनुमति नहीं रहती है। फाटक का संचालन इसलिए किया जाता है कि जिससे ट्रेनों के समय आवाजाही को एक ओर रोका जा सके और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। ओपीएम से भारी भरकम किराया वसूलने रेलवे ने पातें तो बिछा दीं, लेकिन आम आदमी के लिए एक फाटक की सुविधा देना भी उसे उचित प्रतीत नहीं हुआ। मानव के जान माल की सुरक्षा करना न तो रेलवे को जरूरी लग रहा है और न ओपीएम को।

**एनएच के अधिकारी भी निश्चिंत**

बताते हैं कि नेशनल हाइवे की आवाजाही जहां से होती है वहां रुकावटों और दुर्घटनाओं के संदर्भ विशेष ध्यान दिया जाता है। ताकि हाइवे की आवाजाही सुरक्षित और अबाध गति से चलती रहे। इसीलिए हाइवे समतल सपाट अंधे मोड़ों से रहित सीधे बनाए जाते हैं। रास्ते पर अगर कहीं रेलवे क्रासिंग हो तो वहां फ्लाईओवर बनाए जाने का प्रावधान किया जाता है। लेकिन यहां हाइवे की भी कोई ऐसी सुरक्षात्मक पहल दिखाई नहीं पड़ती है। हाइवे के अधिकारी इस संबंध में शासन को कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं।

**जान जोखिम में डालते हैं**

चूंकि रास्ता रेलवे लाइन से होकर गुजरता है इसलिए लाइन पार करना लोगों की मजबूरी है। उन्हे जान को जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ती है। कई बार तो ऐसा होता है कि लोगों को मालगाड़ी के नजदीक से गुजरना पड़ता है। ओपीएम जैसे विशाल औद्योगिक केन्द्र की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि उसके कारण किसी भी तरह से कहीं जानमाल का नुकसान नहीं हो। उसके द्वारा जन कल्याण के लिए भी महती प्रयास किए जाने चाहिए। लेकिन ओपीएम ने कभी इस दिशा में ध्यान नहीं दिया।

**जनप्रतिनिधियों का हस्तक्षेप नहीं**

जनता के चुने हुए विधायक व सांसद ने भी इसे बड़ी समस्या के रूप में कभी नहीं देखा। न तो जनता ने उनसे कभी शिकायत की और न जनप्रतिनिधियों की आंखो तले समस्या ठहरी। अगर उनके द्वारा बार बार डीआरएम का ध्यान आकृष्ट कराया जाता तो शायद कोई न कोई उपाय किया जाता। इस समस्या का समाधान करने के लिए रेल प्रशासन पर दबाव बनाया जाना आवश्यक है। जनता के सामने यह एक मुद्दा होना चाहिए और इसे रेलवे व प्रशासन के समक्ष निरंतर उठाया जाना चाहिए।

# दस दिवसीय गणेश महोत्सव की तैयारी जोरों पर

## जगह-जगह सज रहे पंडाल मूर्तियों को मनमोहक रूप दे रहे कलाकार

**समाज जागरण**

**धनपुरी। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से 10 दिनों का गणेश उत्सव मनाया जाता है। इस साल गणेश चतुर्थी का आरंभ 19 सिंतबर को होगा और 28 सिंतबर को अनंत चतुर्थी के दिन समाप्त होगा। गणेश चतुर्थी के मौके पर घरों और पंडालों में बड़े धूमधाम से गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। उनकी 10 दिनों तक विधि-विधान से पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि गणेश चतुर्थी पर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करने से गणेश जी भक्तों के सभी संकट दूर करते हैं और सुख- समृद्धि और संपन्नता का आशीर्वाद देते हैं।**

शहर में गणेशोत्सव की तैयारी जोरो पर है। मूर्तिकार सृष्टि के विघ्नहर्ता की प्रतिमा को आकार देने में जुटे हुए है। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चे व विभिन्न समिति के सदस्य भगवान श्रीगणेश के स्वागत में लगे हुए हैं। नगर के पूर्व स्थलों पर पंडाल का निर्माण समितियां के द्वारा जोर-जोर से तैयारी में लगे हुए हैं। गणेश चतुर्थी 19 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। श्रद्धालु भगवान गणपति के स्वागत में जुटे हुए हैं।

### सजने लगे पूजा पंडाल

शहर मे विभिन्न जगहो पर गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। स्वागत में आकर्षक व भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं। नगर में बाहर से आऐ कलाकार व स्थानीय मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमा को अंतिम आकार दे रहे हैं। मूर्ति देखने बच्चे व समिति के सदस्य मूर्तिकार के पास पहुंच रहे हैं। विघ्नहर्ता के आकर्षक रूप की मूर्ति की बुकिंग करा रहे हैं। श्रीगणेश की मिट्टी की मूर्ति का आकार लेता देखना बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

### महंगाई की मार

श्रद्धालु भगवान गणपति के स्वागत की तैयारी में है, लेकिन इस बार समितियों पर अधिक भार पड़ सकता है। मूर्ति बनाने के संसाधन मिट्टी, लकड़ी-बत्ता, पैरा महंगे हो गए हैं। मूर्तिकार ने बताया मिट्टी की कीमत बढ़ गई है। लकड़ी, बत्ता, बांस के दाम भी आसमान छू रहे हैं। मूर्ति सजावट के सामान एवं वस्त्र की कीमते भी बढ़ गई है।

### बनाई जा रही प्रतिमा

कलाकारों के द्वारा विभिन्न रूपों में मूर्तियां बनाई जा रही है। जिसे अंतिम रूप देने का कार्य भी कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। कलाकारों के द्वारा चूहे सवार, गणेश जी का बाल्य रूप, पान के पत्ते पर सवार गणेश की प्रतिमा, शेष नाग पर सवार गणेश जी, गणेश जी के साथ सरस्वती आदि रूपों में मूर्तियां बनाई गई है।

# राजनैतिक पार्टियों को कल्चुरी कलार की उपेक्षा भारी पड़ेगी

**समाज जागरण**

भोपाल,,,, विगत दिवस भोपाल में कल्चुरी कलार समाज की एक प्रभावशाली बैठक आयोजित हुई जिसमे उपस्थित जनों ने अपनी राजनैतिक उपेक्षा पर भारी रोष जाहिर करते हुए मध्यप्रदेश में प्रमुख राजनैतिक पार्टियों द्वारा विधानसभा चुनाव में समाजजनों को प्रत्याशी ना बनाए जाने पर अगली बैठक में एक रणनीति बनाकर कर इन राजनैतिको को सबक सिखाने की बात पर बल दिया है उपस्थित जनों ने कहा कि कई वर्षो से देखा यह गया है कि कल्चुरी कलार समाज के व्यक्तियों की चुनाव में टिकट देने में अनदेखी की जाती है जिसके परिणाम स्वरूप समाज के व्यक्ति निर्दलीय चुनाव लड़ कर विजय प्राप्त कर लेते हैं उसके बाद यही पार्टियां उन्हे अपने पाले में लेने के लिए एडी चोटी का जोर लगाती है आज चाहे दिनेश राय मुनमुन को लेलो या स्वदेश राय या प्रदीप जायसवाल या संदीप जायसवाल सभी कल्चुरी समाज के व्यक्ति अपने राजनैतिक कौशल एवम प्रबंधन तथा लोकप्रियता की दम पर निर्दलीय चुनाव जीते हैं पर जब जीते तो सभी पार्टियां इन्हे अपनी ओर मिलाने उठापटक करती रहीं। एक ओर जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह अपने आपको आधा किरार आधा कलार कहते हैं पर कलार समाज की उन्नति प्रगति या उत्थान के लिए कुछ भी करते नही हैं ।हमारी बहुप्रतीक्षित मांग कल्चुरी बोर्ड के गठन की एवम महेश्वर को तीर्थ क्षेत्र घोषित कर वहां हमारे आराध्य की 51 फुट ऊंची प्रतिमा लगाने की मांग को हमेशा अनदेखा किया है और हमारे समाज के उनकी पार्टी में चार विधायक होने के बाबजूद एक को भी मंत्री नही बनाया और दूसरी तरफ कांग्रेस के मुखिया कमलनाथ जिनके छिंदवाड़ा क्षेत्र में कल्चुरी कलार समाज गांव गांव में निवास करता है पर कभी भी कल्चुरी कलार समाज के लोगो को विधानसभा चुनाव में टिकिट देने में अपना इंट्रेस्ट नहीं दिखाते जबकि हमेशा कलार समाज की दम पर चुनाव जीतते रहे हैं और तो और कलार समाज के लोगो की संगठन में तो लेते पर उनकी उस संगठन में कोई तज्जबो नहीं रहती उनका राजनैतिक उपयोग भर करना जानते हैं इन्हीं सभी बातों की चर्चा के साथ उपस्थित समाजजनों ने भारी गुस्सा एवम रोष व्यक्त हुए निकट भविष्य में कल्चुरी समाज के सभी संगठनो के साथ बैठकर अपनी आगामी रणनीति तय कर कल्चुरी कलार समाज की अनदेखी करने बाली राजनैतिक पार्टियों को सबक सिखाने का मन बना लिया है जो भविष्य में इन पार्टियों को भरी पड़ेगा।

# कोतमा भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में नहीं दिखा उत्साह..

## अनूपपुरः-मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव का आगाज हो चुका है।

39 सीटों पर पार्टी पहले ही कैंडिडेट घोषित कर चुकी है।

जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से भाजपा पुनः सत्ता में आना चाहती है इसके लिए अलग-अलग पांच यात्राएं निकल रही हैं, बावजूद इसके भाजपा के प्रति लोग थकान और निराशा महसूस कर रहे हैं।

कोतमा क्षेत्र में भी यात्रा का आगमन हुआ। लेकिन जैसी संख्या और भीड़ का अनुमान पार्टी के शीर्षस्थ लोग लगा रहे थे उसके उलट कार्यक्रम फीका रहा।

## *वरिष्ठ भाजपा नेता*

## *अजय शुक्ला की उपयात्रा ने बचाई इज्जत..*

वरिष्ठ भाजपा नेता अजय शुक्ला ने दो सैकड़ा चारपहिया गाड़ियों के साथ लाव लस्कर लेकर यात्रा का स्वागत किया, जिससे सूनी पड़ी यात्रा में जान आई वर्ना पूरे कोतमा विधानसभा क्षेत्र में यात्रा सड़क ही नापती रह जाती। इससे साफ है अनूपपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ बहुत तेजी से गिर रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में

जिन नामों को लेकर मीडिया में पहले बात आई उससे भी निराशा का माहौल है और यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस को बैठे बिठाए कोतमा सीट अपने खाते में आती दिख रही है।

कांग्रेस अपने कंडीडेट से ज्यादा विपक्षी दल भाजपा के प्रत्याशी के लिए उत्सुक है, और भाजपा की पिछली गलती का इंतजार कर रही है। इसलिए कांग्रेस में कोतमा विधानसभा की टिकट हेतु दावेदारों की लंबी लंबी कतार लगी है।

कई प्रत्याशी तो बाहर से भी आकर चुनाव जीतने का दावा कर रहे हैं।

### भाजपा के लिए चुनौती..

कोतमा सीट सामान्य होने के बाद से पिछले तीन चुनाव में दो बार जायसवाल बिरादरी जिसकी बोट संख्या मात्र 2200 है से दिलीप जायसवाल को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारी जो पहली बार महज 1500 बोट से जीत सके,और दूसरी बार इतनी छोटी विधानसभा में 11500 बोट से हार गए।

वहीं दूसरी तरफ सोनी समाज जिसके लगभग 2500 वोटर कोतमा विधानसभा में निवासरत हैं से राजेश सोनी को मैदान में उतारा जो लगभग 1600 वोट से चुनाव हार गए।

वहीं कांग्रेस ने दो बार सामान्य वर्ग से मनोज अग्रवाल को तथा एक बार सुनील सराफ को मौका दिया। भाजपा का प्रयोग पुराने,थके लोगों पर होना भी कांग्रेस की जीत का प्रमुख कारण रही ।जिसमें से दो बार सीट कांग्रेस ने जीतकर अपने पक्ष में किया।

### बहुसंख्यक बोट की आबादी को नहीं मिला मौका

कोतमा विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण समाज की आबादी 27000 के आस पास निवासरत है तथा भाजपा व अन्य उसके संगठनों में में सर्वाधिक ब्राह्मण वर्ग सक्रिय रहकर भाजपा का माहौल बनाता रहा है। यही बड़ा वोट बैंक इस क्षेत्र में भाजपा के साथ रहकर हमेशा शहडोल संभाग में बढ़त देता रहा है। दूसरी तरफ ओबीसी वर्ग में केवट मतदाता भी 15000 के आसपास बताया जाता है, इस वर्ग में भी कई लोग भाजपा में सक्रिय हैं लेकिन उन्हें कभी भी उचित मौका पार्टी ने नहीं दिया। जिससे इस वर्ग में नेतृत्व नहीं खड़ा हो सका।

यह दोनों वर्ग विधानसभा चुनाव में असंतोष प्रकट करते रहे हैं जो विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार का कारण बनते हैं।

यदि इस बार भी भाजपा इस समीकरण को नहीं समझ सकी तो कांग्रेस की जीत पक्की लग रही है, जिससे कांग्रेस में भारी उत्साह दिखाई देता है,तथा जन आशीर्वाद यात्रा में भाजपा से उनके ही लोग किनारा काटते नजर आए।

# नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोधर ओझा ने मुजफ्फरपुर के बागमती में नाव पलटने से स्कूली बच्चो समेत एग्यारह लपाता

नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोधर ओझा ने मुजफ्फरपुर के बागमती में नाव पलटने से स्कूली बच्चो समेत एग्यारह लपाता लोगो के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के इतने वर्ष हो गये है लेकिन एक अच्छे विद्यालय के लिए वहा की जनता तथा नदी में एक अदद पुल के लिए तरस रहे है और नाव यात्रा करने को मजबूर है ! अभी गांव में उच्च विद्यालय नही है जो दुखद और खेद जनक है ! इसके लिए नीतीश जी बिहार के मुख्यमंत्री बिगत अठारह वर्षो से है ! मरनेवाले में अधिकांस यादव और मुसलिम बच्चे है ! जबकि जातिवादी राजनीति करने में अग्रणी है ! शिक्षा को चौपट करने में नीतीश जी नाम मुख्य रूप से लिया जाता है क्योकि लगातार सता इन्हीं के हाथो में रही है !

# बांके बिहारी मंदिर की भूमि को लेकर इलाहाबाद HC का बड़ा फैसला, जानें कोर्ट ने क्या दिया निर्देश

इलाहाबाद. यूपी की इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की छाता तहसील के शाहपुर गांव स्थित बांके बिहारी मंदिर के नाम दर्ज जमीन का राजस्व अभिलेखों समय समय पर इंदराज बदलने के आदेशों को रद्द कर दिया है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तहसीलदार छाता को दो माह में मंदिर की जमीन बांके बिहारी मंदिर के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने इससे पहले स्थिति स्पष्ट करने के लिए इससे जुड़े सभी रिकॉर्ड तलब किए थे.

कोर्ट में हाजिर एसडीएम, तहसीलदार व लेखपाल तहसील छाता ने गलती मानी थी. आवेदन मिलने पर इंदराज बदलने की जानकारी दी थी. अब याचिका स्वीकार कर ली है और गलती दुरूस्त करने का आदेश दिया है. यह आदेश जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने श्री बिहारी जी सेवा ट्रस्ट की याचिका पर दिया है.

# हरदा जिले को देश के आधुनिक विकास का रोल मॉडल जिला बनाएंगे: कृषि मंत्री कमल पटेल........

_हरदा/ भोपाल । कृषि मंत्री एवं किसान नेता कमल पटेल ने कहा है कि हरदा जिले को देश के आधुनिक विकास का रोल मॉडल जिला बनाएंगे। कृषि मंत्री पटेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अधोसंरचना विकास से मेरा तात्पर्य जिले का आर्थिक विकास जिसमें सड़क, बिजली पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र आते हैं। इन सभी क्षेत्रों में हरदा को हम देश का रोल मॉडल जिला बनाएंगे। कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि सड़कों के क्षेत्र में जिले में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। 2003 के पहले हरदा जिले में सड़कों की क्या स्थिति थी? यह किसी से छुपी नहीं। मेरे विधायक और उसके बाद मंत्री बनने के बाद जिले में सड़को को बनाने का कार्य युद्ध सर पर चल रहा है। जिले में 36 ओवर ब्रिज स्वीकृत हो गए हैं। इसका काम भी शीघ्र शुरू हो रहा है। पटेल कहते हैं कि पहले जिले में एक सब स्टेशन बिजली केंद्र था लेकिन अब एक दर्जन से अधिक विद्युत सब स्टेशन केदो की आधा-रशिला रख दी गई है। हरदा जिला बिजली के मामले में पूरे देश का रोल मॉडल बनेगा। जहा शत प्रतिशत 24 घंटे बिजली दी जाएगी। पानी को लेकर वे बताते हैं कि गंजाल मोरान दम से पूरे जिले के किसानों के खेतों में पानी की सप्लाई पहुंचने के लिए हर खेत जल योजना बनाई गई है। इसके तहत किसानों के खेत में पाइप द्वारा पानी दिया जाएगा। जिसका काम भी शीघ्र शुरू होने वाला है। सरकार ने बजट की स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में हरदा जिला पूरे देश में रोल मॉडल बना हुआ है। हरदा जिला प्रदेश का सबसे शत प्रतिशत सिंचित जिला भी होने जा रहा है। स्वास्थ्य ,शिक्षा के क्षेत्र में भी मंत्री पटेल कहते हैं कि इन दोनों सेक्टरों में आधारभूत काम शुरू हो चुके हैं। पहले लोगों को इलाज के लिए इंदौर, भोपाल, नागपुर जाना पड़ता था लेकिन अब जिला मुख्यालय पर ही जिला चिकित्सालय में अच्छे इलाज की व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही अत्याआधुनिक तरीके से चिकित्सालय को सुसज्जित किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जिले में सीएम राइस स्कूल की स्वीकृति सरकार ने दे दी है। एक तरीके से इस स्कूल का निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रहा है। जिसमें गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूल से भी अच्छी स्तरीय पढ़ाई की व्यवस्था रहेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी, विधायक पटवा ने उमरावगंज में 13 करोड़ से अधिक कार्यो का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

रायसेन। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के उमरावगंज में आयोजित लगभग 13 करोड़ रू के विकास कार्यो का भूमिपूजन तथा लोकार्पण कार्यक्रम का स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने ग्राम उमरावगंज में तीन करोड़ 06 लाख रू लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन भूमिपूजन किया तथा लगभग 10 करोड़ रू लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क मार्ग तथा पुलों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि उमरावगंज में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनाया जा रहा हैं। इस भवन के साथ एक नग जी एवं एक नग एच टाईप आवास गृह, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके बन जाने से ग्रामीणों को गॉव में ही इलाज की सुविधा होगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विभिन्न प्रकार जांचे निःशुल्क की जाएगीं और दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को त्वरित और बेहतर इलाज मिले, इसके लिए लगातार स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम में भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज लगभग 10 करोड़ रू लागत से निर्मित सड़क मार्गो तथा पुलों का लोकार्पण किया गया है। इनके बन जाने से नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। इसके अलावा विकासखण्ड के ग्राम उमरावगंज में तीन करोड़ 6 लाख रू लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमिपूजन किया गया। इस भवन के साथ एक नग जी एवं एक नग एच टाईप आवास गृह, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का भी निर्माण कराया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत



उमरावगंज में तीन करोड़ 6 लाख रू लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भी निर्माण कराया जाएगा। विधायक श्री पटवा ने कहा कि क्षेत्र के चहँमुखी विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। चाहे शिक्षा, सड़क, रोजगार, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों और सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया।
इन कार्यो का किया भूमिपूजन और लोकार्पण,,,,
स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी तथा विधायक पटवा द्वारा गौहरगंज 780.93 लाख रू लागत से टी-04 रोजडाचक से गुदावल व्हाया उमरावगंज तक निर्मित 11.40 किमी लम्बे सड़क मार्ग, 107.18 लाख रू लागत से टी-04 रोजडाचक से गुदावल लोकल नाले पर पुल निर्माण चैनेज 5500 मीटर तथा लम्बाई 32 मीटर और टी-04 रोजडाचक से गुदावल लोकल नाले पर 104.38 लाख रू लागत के पुल निर्माण चैनेज 1925 मीटर तथा लम्बाई 40.6 मीटर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# सूने मकान से चोरों ने नगदी समेत जेवरात पर किया हाथ साफ

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 16 सितंबर )जिले में बढ़ रही चोरियों की घटना पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। 14 सितंबर की देर रात जिले के ग्रामीण थाना अंतर्गत लिंगा के कुम्हारी मोहल्ला निवासी सैफ अली के सूने मकान से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के जेवरात और नगद रुपए की चोरी कर ली। बताया जाता है कि परिवार में अगले महीने में विवाह कार्यक्रम होना था। इसके लिए परिवार के लोगों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगद रुपए घर में रखे थे। जिस पर चोरों हाथ साफ कर दिया।घटना की जानकारी के बाद ग्रामीण थाना पुलिस ने रात्रि में घटनास्थल पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मकान मालिक सैफ अली ने बताया कि वह शाम को परिवार के साथ किसी काम से कही गये थे,घर पर कोई नहीं था। जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसमें सोने-चांदी के झुमके, अंगूठी सहित अन्य जेवरातों और नगद रुपए को मिलालकर लगभग 5-6 लाख रुपए की चोरी कर ली। इसकी शि-कायत ग्रामीण थाना में की है। बताया जाता है कि घटनास्थल में एक सब्बल मिला है। इससे चोरों ने ताला तोड़ने के लिए सब्बल का उपयोग किया और घर के अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर परिवार की जमापूंजी को चोर, चुराकर ले भागे।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दिया है।

# भारी बारिश से बैहर परसवाड़ा लामता मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन हुआ बंद,दो दर्जन से अधिक मकान हुए धराशाही

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 16 सितम्बर )मौसम विभाग ने बालाघाट जिले में येलो अलर्ट जारी किया था। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है। इसकी वजह से भारी बारिश हो रही है। 20 सितंबर तक इस नए सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश इलाकों में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की स्थिति बन सकती है।

**परसवाड़ा-बैहर मार्ग का टूटा संपर्क**

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से हालत काफी खराब है। लालबर्रा क्षेत्र के कंजई नाला उफान पर आने से जिले से सिवनी का संपर्क टूट गया है।वहीं परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लामता क्षेत्र अंतर्गत सलंगटोला में डेढ़ साल पहले बनी रोड में बनाए पुलिया के टूट जाने से लामता का परसवाड़ा और बैहर से संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। यही नहीं लामता क्षेत्र के सभी नदी नाले खतरे के निशान से ऊपर बह रहे है। इससे लामता, भोंडवा, अतरी पंचायत में हालत खराब है। क्षेत्र की महकारी नदी में उफान आने से लामता, बगीचाटोला, चमनटोला, भोंडवा, कुम्हारी, डोंगरबोड़ी, सीताडोंगरी, मोहगांव, भालेवाड़ा में ग्रामीणों के घरों में पानी घुस जाने से गृहस्थी और खानपान का सामान पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। यहां 24 से ज्यादा कच्चे मकानों के धराशाही होने की भी जानकारी मिल रही हैं। फिलहाल प्रभावित क्षेत्र में होमगार्ड और एस-डीईआरएफ की टीमें लोगों को रेस्क्यू अभियान में जुटी है। प्रभावितों को ग्राम के सामुदायिक भवन एवं पंचायत भवनों में रखा है।
अधिक बारिश से गिरा जर्जर मकान
नगरीय क्षेत्र के नया राम मंदिर के सामने क्रीड़ा अधिकारी जसबीर सिंह सौंधी के मकान से लगा एक जर्जर मकान धाराशाही होकर गिर गया। क्रीड़ा अधिकारी जसबीर सिंह सौंधी ने बताया कि हमारे मकान से लगकर राजकुमार खंडेलवाल का वर्षों पुराना मकान, जो जर्जर हो गया था, वह बारिश में धराशाही हो गया। मकान का मलबा गिरने से उनके रेलिंग, बाउंड्रीवाल और वॉशिंग मशीन को नुकसान पहुंचा है।

**लालबर्रा में सड़क संपर्क टूटा, कई मकान धाराशायी**

गुरुवार से लगातार हो रही बारिश का असर मुख्यालय सहित पूरे जिले में दिखाई दे रहा है। लगातार हो रही बारिश के चलते लालबर्रा क्षेत्र का कंजई नाला उफान पर होने से सड़क संपर्क कट गया है। वहीं घुसरी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नदी किनारे के लालबर्रा ब्लॉक के कई गांवों में जलभराव होने और कच्चे मकानों के गिरने की खबर मिल रही है।

# विरानी पब्लिक हाई स्कूल सीपत के बच्चो ने हिंदी दिवस पर बच्चों ने रैली निकाल व नुक्कड़ सभा कर हिंदी भाषा की महत्ता को बताएं

**समाज जागरण ब्यूरो**

सीपत। हिंदी दिवस पर विरानी पब्लिक हाई स्कूल सीपत के बच्चों ने रैली निकालकर और स्लोगन के साथ हिंदी की महत्व को बताएं ' सर्वप्रथम स्कूल से रैली निकालकर नवाडीह चौक में नुक्कड़ सभा कर आम लोगों को हिंदी की विशेषता वह गरिमा को बच्चों ने भावार्थ प्रकट किया लोगों ने भी बच्चों की इस संदेश को बड़े ही ध्यान से सुना और उनकी प्रशंसा की ' हिंदी दिवस पर प्राचार्य श्रीमती तारा गिरी ने बच्चों को संदेश दिया कि जीवन में हमें आगे बढ़ाने के लिए अंग्रेजी के साथ हिंदी की गरिमा और महत्व को बनाए रखना जरूरी है शिक्षा नौकरी व अन्य स्थानों पर इसकी महत्ता को कम आकी नहीं जा सकती हमें अपनी हिंदी भाषा पर गर्व है ' रैली में हाई स्कूल बच्चों के साथ शिक्षकगण पूनम मंडल टी एम नील्शा ओपी यादव विमल तिवारी संजय मिश्रा काजल सहित शिक्षक गण आदि उपस्थित थे ।

# सिलवानी विधायक ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पहनाई चरणपादुकाएं, पानी की बॉटल तथा साड़ी भी बांटी

रायसेन। सिलवानी स्थित जनपद पंचायत प्रांगण में विधायक रामपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विधायक श्री सिंह द्वारा कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका पहनाकर, साड़ी और पानी की बॉटल प्रदान की गईं। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग की चिंता करते हुए योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि तेन्दूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों को, तेंदूपत्ता संग्रहण में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहन तेंदूपत्ता इकठ्ठा करने के लिए जंगलों में जाते हैं। कई तेंदूपत्ता संग्राहकों के नंगे पांव होने की वजह से उनके पैरों में कांटे चुभने एवं छाले पड़ने सहित अनेक परेशानियां होती



हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की इन परेशानियों को दूर कर उनका जीवन सरल बनाने के लिए तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को चरणपादुकाएं, साड़ियां, पानी की बॉटल, छाता उपलब्ध कराया जा रहा है। वन मंडल अधिकारी सामान्य विजय कुमार ने बताया कि वन मंडल रायसेन अंतर्गत कुल 39610 परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं जिनके लिए शासन द्वारा निर्धारित कुल संग्रहको को ₹200 प्रति छाते के मान से रुपए संग्रहको के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर कर दिए गए हैं। प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को एक जोड़ी जूता, एक जोड़ी चप्पल, एक पानी की बोतल और परिवार की प्रत्येक महिला सदस्यों को साड़ी वितरित की जा रही है। जिला यूनियन रायसेन से 39610 पानी की बोतल, इतनी संख्या में जूते एवं चप्पल तथा 49950 साड़ियां वितरित की जाने का लक्ष्य है। इसके लिए सम्पूर्ण जिले में कार्यक्रम आयोजित कर तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरित की जा रही है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, वन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने की विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा

*कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधी नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न*

**रायसेन, 15 सितम्बर 2023**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी नोडल अधिकारियों से उन्हें सौंपे गए निर्वाचन संबंधित दायित्वों के बारे में चर्चा करते हुए अभी तक की गई तैयारियों तथा गतिविधियों की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन संबंधी दायित्वों का पूरी गंभीरता और सजगता से निर्वहन करें। निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों एवं पत्रों का भलीं भांति अध्ययन करें, जिससे कि दायित्वों के निर्वहन एवं तैयारियों में किसी प्र-कार की कठिनाइ ना आए। उन्होंने स्वीप प्लान के तहत आयोजित की



जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियां, मतदान केन्द्रों का निर-ीक्षण एवं जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता, मतपत्र मुद्रण, निर्वाचन व्यय लेखा, ईवीएम-वीवीपैट प्रबंधन, एमसीसी, एमसीएमसी, कंट्रोल रूम की स्थापना सहित निर्वाचन संबंधी अन्य विषयों पर चर्चा कर नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# रतनारा पुल से बहा युवक, तलाश में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 16 सितंबर )हट्टा थाना अंतर्गत रतनारा पुल से गिर कर नाला में बहे युवक को तलाशने में लगी पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली है।जिले में हो रही लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में नाले उफान पर होने के कारण लोगों की आवाजाही बंद है। जानकारी अनुसार हट्टा थाना अंतर्गत 15 सितंबर को दोपहर की करीब रतनारा पुल में स्थानीय 40 वर्षीय रमेश पिता सेवकराम गौतम,अपने एक साथी दिनेश गोंडाने के साथ नहाने गया था। इस दौरान उसका पैर पुलिया से अनियंत्रित होने के कारण वह नाले



में चला गया। जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला है। सूचना पर हट्टा थाना प्रभारी सहित पुलिस अमला घटनास्थल पहुंचा और घटना की जानकारी ली। जिसके बाद बालाघाट से एसडीईआरएफ की टीम को बुलाकर रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। हट्टा थाना प्रभारी का कहना है कि जानकारी मिलने के बाद रेस्क्यू टीम बुलाकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।समाचार लिखें जाने तक युवक को तलाशने में बचाव दल को सफलता नहीं मिली थी।

# पडोसी राज्य सी जी के साल्हेवारा में तालाब फूटने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न,कई मकान हुए तबाह

*बिरसा टी आई भरत नोटिया के नेतृत्व में एसडीईआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।( 16 सितंबर )क्षेत्र में दो दिनों से हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। जिले के कई तहसीलों से मार्ग क्षतिग्रस्त होने व निचली बस्तियों में पानी भरने की जहाँ सुचना मिल रही है वहीं पडोसी राज्य छत्तीसगढ़ के साल्हेवारा में उस समय चीख पुकार मच गयी जब बस्ती से सटा तालाब फूट गया जिसका पानी निचली बस्तियों के घरों में सामने लगा जिससे वहां निवास करने वालों में चीख पुकार मच गयी, जिसकी सुचना बिरसा टी आई भरत नोटिया को मिली,जो बिना समय गवाएं अपने हमराह स्टॉफ एवं एसडीईआ-रएफ टीम सहित साल्हेवारा पहुंच कर बचाव कार्य में जुट गए जिनकी प्रशंसा छत्तीसगढ़ के केसीजी कलेक्टर ने किया।हालांकि इस तबाही से कोई जन हानि तो नहीं हुई लेकिन कई मकान के ध्वस्त होने से लाखों का नुकसान होने की सम्भावना है। जानकारी अनुसार पडोसी राज्य छत्तीसगढ़ के साल्हेवा-



रा में दोपहर करीव एक बजे उस समय अफरा तफरी मच गयी जब पुलिस थाना साल्हेवारा के करीब स्थित एक तालाब फूट गया जिसमे से निकला पानी निचले बस्तियों में जाकर तबाही मचाने लगा जिससे लोगों में चीख पुकार मच गयी जहाँ स्थानीय पुलिस मदद कर रही थी लेकिन स्थिति की भयानकता को देखते हुए उच्च अधिकारियो ने बालाघाट पुलिस से मदद की गुहार लगायी, जिसकी सुचना बिरसा थाना को दी गयी, जहाँ से थाना प्रभारी भरत नोटिया अपने स्टॉफ के साथ पहुंच कर बचाव कार्य में जुट गए।बाहरहाल समाचार लिखें जाने तक बचाव कार्य पूर्ण कर बिरसा टी आई वापस लौट चुके थे और पानी का स्तर भी कम हो गया था। बचाव दल में बिरसा टी आई भरत नोटिया,एस आई राजेश पटेल, ए एस आई कलीराम उइके,विनोद भलावी,समारु मेरावी, रवनु चंद धुर्वे,सालेटेकरी चौकी प्रभारी धनसिंह धुर्वे व रमेश ठाकरे व अन्य स्टॉफ के साथ एस डी ई आर एफ की टीम मौजूद थी।

# विभिन्न मंडलों की बैठक लेकर विधायक बांधी ने कार्यकताओं को किया रिचार्ज

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी ने सीपत,लोहरसी, जयराम नगर गतौरा व मस्तुरी मंडल की बैठक ली, जिसमें उन्होंने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकताओं को मोबाइल एप्लिकेशन और नवाचारों का सहायक होने का तरीका बताया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि कार्यकताएँ नियमित रूप से सोशल मीडिया पर अपडेट दें और उन्हें वोटर्स के साथ संवाद में रहने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी



बूथ अध्यक्षों को वोटर लिस्ट उपलब्ध करा दी जाएगी। कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ टोली का निर्माण करेंगे और पन्ना प्रमुख बनाएंगे, विधायक बांधी ने कहा कि वर्ष 2023 में विधानसभा के होने वाले चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए कार्यकताओं को चाहिए कि वह अभी से जी तोड़ कोशिश करें और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें चुनाव जीतने के लिए सही मुद्दों पर केंद्रित रहना महत्वपूर्ण है और चुनाव प्रचार में सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से आदर्श और नैतिकता के साथ चुनाव प्रचार करने की सलाह दी और अपनी पार्टी की नीतियों को स-ार्वजनिक मेंटरिंग के माध्यम से प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी महत्वपूर्ण माना कि कार्यकर्ता चुनाव क्षेत्र में जुटकर वोटर्स के साथ अच्छे संवाद में रहें और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें। इस बैठक से कार्यकर्ता उत्साहित होकर चुनाव की तैयारी में जुट जाने के लिए प्रोत्साहित हुए। बैठकों के दौरान सभी मंडल अध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ शक्ति केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# बरखंदा, हाथीडोल, सलामतपुर, सुनारी सहित अनेक ग्रामों में पहुंचे विकास रथ

*ग्रामीणों को दी सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी*

**रायसेन, 15 सितम्बर 2023**

प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में विकास रथों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इन विकास रथों में लगी हुई एलईडी के माध्यम से शासन की योजनाओं तथा विकास कार्यो पर केन्द्रित वीडियो क्लिप के माध्यम से नागरिकों को स-रकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में 15 सितम्बर को उदयपुरा तहसील के ग्राम पड़राईखुर्द, बरखंदा, हाथीडोल



सहित अन्य ग्रामों में और रायसेन तहसील के सलामतपुर, सुनारी सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर विकास रथों द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, मुख्यमंत्री किसान कल्याण सहित अन्य योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी दी गई।

# शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित चित्र बनाकर दिया मतदान का संदेश

*स्वीप प्लान के तहत जिले में आयोजित की जा रही हैं विभिन्न जागरूकता गतिविधियां*

**रायसेन, 15 सितम्बर 2023**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिनमें रैली, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, निबंध लेखन सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा




रहा है। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वीप प्लान के तहत मतदान विषय पर केन्द्रित चित्र बनाकर मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 16 सितम्बर को

**रायसेन, 15 सितम्बर 2023**

जिला रोजगार कार्यालय में 16 सितम्बर 2023 को रोजगार मेला आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न कम्पनियां शामिल होगीं। इस रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 18 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की भर्ती विभिन्न कम्पनियों द्वारा की जाएगी। इच्छुक आवेदक 16 सितम्बर 2023 को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा।

# जिले में अब तक 999.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 16.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

रायसेन। जिले में 01 जून 2023 से 15 सितम्बर 2023 तक 999.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 517.8 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 15 सितम्बर 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 827 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1178.4, बेगमगंज में 1059.1, सिलवानी में 906.6, गौहरगंज में 735, बरेली में 1294.6, उदयपुरा में 1190, बाड़ी में 847.5, सुल्तानपुर में 830.3 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1127.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में 16.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 15 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 16.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 29 मिलीमीटर, गैरतगंज में 15.4, बेगमगंज में 16.3, सिलवानी में 51, गौहरगंज में 3.6, बरेली में 17.6, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 12.5, सुल्तानपुर में 9.3 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 05 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# बीजेपी प्रत्याशी भगत सिंह नेताम के प्रयास से वि.स. बैहर को मिला करोड़ों की सौगात

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।( 16 सितंबर )बैहर विधानसभा के बीजेपी प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम के अनुरोध को स्वीकार कर प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा बैहर की जनता को करोड़ों की सौगात देकर लाभान्वित किया है जिसमे पुल पुलिया सहित क्षेत्र वासियों को 1446 लाख रुपए से विद्युतीकरण का कार्य किया गया जिससे सैकड़ो घरों में अँधेरे से निजात दिला कर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता के दिलों को जीत लिया जिसकी मांग क्षेत्र वासी विगत कई वर्षो से कर रहें थे जिसका श्रेय बीजेपी प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम को जाता है जिसका क्षेत्र की जनता ने भगत सिंह नेताम को धन्यवाद दिया है।



लाभान्वित ग्राम

बैहर विधानसभा के अन्तर्गत ग्राम जैरासी के बरटोला, दमोह के झामुल, खुसीपार्र, मंदिरटोला, ग्राम मठारी के सूखा तालाबटोला, ग्राम घुम्मुर के भोंगा द्वार, ग्राम भंडरी के केरिकोना, ग्राम गोवारी के सराईटोला, लातरी, भेलवाटोला, पटेलटोला, तोरगा रोड, डाबरी के छापरटोला, केंदातोला के सुखन टोला, कीनिया के झिरियाटोला, कडला के जामटोला, रतनटोला, लहंगाकनार के सोनटोला, बैगाटोला, माना के भीमसेन मिनाही, गोहारा, मान्याटोला, लोरमी, ग्राम भूरुंक के नयाटोला, कोपरो, ग्राम पंचायत कुकर्रा के मंजरटोला, बखारीटोला, कटगटोला, पटपरा, काबराटोला, भीमा के डोडियाटोला, कनई के मरारीटोला, ग्राम माना के टिंगाटोला, बैगाटोला, कादला के मंदिरटोला, ग्राम जल्दीदांड, ग्राम पिपरिया, सराईटोला के दहियानटोला, ग्राम पंचायत आमगांव अन्तर्गत ग्राम भारी के माखनटोला, दुग्लाई, हतबन के छोटेटोला, ग्राम पंडरी पथरा के भालू डोंगरी मोहल्ला, कटंगी भूर्रूक के वार्ड नं 7, गोवारी के सुमेरिखे, बैगटोला, आमा टोला, देवर बेली के उलट नाला, धीरी के खुसीटोला, एवं अन्य टोलो व पारो के विद्युतीकरण से सभी बिजली संबंधी समस्याओं से निजात मिल सकेगी जिसमें निम्न टोला व मजरे शामिल है एवं शीघ्र बचे हुए अन्य ग्रामों में भी विद्युतीकरण कार्य किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने जनचौपाल में सुनीं फरियाद, मातहतों को दिया निर्देश

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

धमार्पुर, जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत सोनारी में जन चौपाल का आयोजन हुआ जहां पशु चिकित्सा अधिकारी ब्रजेश कुमार ने लम्पी वायरस के संक्रमण एवं इसके रोकथाम के संबंध में ग्रामवासियों को जानकारी देते हुये बताया कि गांव में अब तक कुल 116 पशुओं को लम्पी रोग का टीका लगाया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कल तक शत-प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण कर प्रशासन को अवगत कराये। जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत आई कि गांव में 14 पात्र लोग विभिन्न पेंशन के लाभ से वंचित है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी के प्रार्थना पत्र ले लिए जाय और जल्द इसका सत्यापन कराकर पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ दिया जाय। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि जिन भी लाभार्थियों के खाते में त्रुटिवश किस्ते नहीं जा रही है, इसका निस्तारण करने के उपरांत ही गांव से जायं। उन्होंने पंचायत सहायक को निर्देशित किया कि जितने भी प्रार्थना पत्र आये हैं, उनका ऑनलाइन आवेदन कर दिया



जाए जिससे ग्रामीणों को अन्यत्र न भटकना पड़े। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की भी समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोटेदार का सहयोग लेते हुए शत-प्रतिशत पात्र लोगों का चयन कर आयुष्मान कार्ड जल्द बना दिया जाय। गांव में हरिजन बस्ती में सड़क खराब होने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष आई जिस पर उन्होंने निर्देशित किया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा प्रस्ताव भेजकर सड़क की मरम्मत कराई जाय। चौपाल के उपरांत जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत भवन के मैदान में पौधरोपण किया। जन चौपाल में कैंप न लगाए जाने पर जिलाधिकारी के द्वारा खंड विकास अधिकारी और सचिव पर कड़ी नाराजगी भी व्यक्त की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी वी.के. यादव, खण्ड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पांडेय, एडीओ पंचायत लालजी राम, उमेश सोनकर सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कवियों ने जौनपुर में मनाया राष्ट्रीय हिन्दी दिवस

**दिलीप कुमार जायसवाले ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था कोशिश की गोष्ठी राजगढ कालोनी परमानतपुर में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस समारोह मनाने के लिए हुई जिसकी अध्यक्षता करते हुये प्रख्यात विधिवेत्ता और साहित्यकार प्रो. पी.सी. विश्वकर्मा ने कहा कि हिंदी अब साहित्य की भाषा तक सीमित नहीं है। अब यह भूमंडलीकरण के पश्चात विज्ञान और वाणिज्य की भाषा बन चुकी है। भाषा विज्ञानी सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने हिंदी की उपादेयता और उसकी व्याकरण सम्मत लिपि का उल्लेख किया। शायर निसार अहमद ने हिंदी को संस्कार और सरोकार से जुड़ा हुआ बताया तो वहीं रामजीत मिश्र ने हिंदी को उत्तर-दक्षिण को जोड़नेवाली सेतु कहा। प्रो. आर.एन. सिह ने बदलते परिवेश में हिदी के महत्व को रेखांकित करते



हुए इसे संवाद की दृष्टि से एक सहज भाषा बताया और कहा कि भाषा समिति की बैठक में एक वोट से हमारी हिंदी हार गई, वरन राष्ट्रीय भाषा बन गई होती। जनार्दन अष्ठाना ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय एकता और अखंडता की वाहिका है। इसी क्रम में गिरीश कुमार ने एक मुक्तक के माध्यम से मां भारती को नमन किया--- पुलक तिलक चंदन करते हैं/भाषा तव वंदन करते हैं। हिंदी माथे की विंदी है। शत-शत अभिनंदन करते हैं। संजय सागर ने पढ़ा-- हर विपदा को झेल गया मैं/सूर्य तेज से सिंचित था। राजेश पांडेय, अंसार जौनपुरी, सुशील दुबे ने हिंदी भाषा पर प्रकाश डालते हुए काव्य पाथ भी किया। संगोष्ठी का संचालन अशोक मिश्र ने किया।

# दुबिहां मोड पर चला विद्युत चेकिंग अभियान

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

***धारा 135 के तहत चार लोगों पर एफ आई आर***

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के दुबिहां मोड पर करीमुद्दीनपुर पुर सब स्टेशन के जेई अनिल कुमार राव एवं विभागीय टीम के द्वारा बिद्युत कनेक्शन की जांच में अनिल कुमार वर्नवाल, बिनोद कुशवाहा सिद्धनाथ शर्मा एवं काशी नाथ यादव के खिलाफ धारा 135 के तहत एफ आई आर दर्ज कराया गया है। दुबिहां मोड पर प्रमोद राय के कनेक्शन में अतिरिक्त भार



बढ़ाया गया।इस चेकिंग अभियान से दुबिहां मोड पर अवैध कनेक्शन वालों में हड़कंप मचा था। करीमुद्दीनपुर विद्युत उपकेंद्र के जेई अनिल कुमार राव ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि जिनका अवैध कनेक्शन है वह अपना कनेक्शन तुरंत करा लें।जिनका भार क्षमता बढ़ाना हो वह भी बिभाग से सम्पर्क कर के अपना भार क्षमता में वृद्धि करा कर परेशानी से बच सकते हैं।जांच के दौरान अनियमितता पाये जाने पर हर हाल में कारवाई होगी।

# "हेट स्पीच" सामाजिक ताना–बाना और लोकतान्त्रिक मूल्यों पर खतरा है

## *अन्तर्राष्ट्रीय लोकतन्त्र दिवस पर अन्तरराज्यीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश डेमोक्रेटिक यूथ फ्रंट की ओर से ऑनलाइन अंतरराज्यीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार और मध्य प्रदेश से 40 प्रतिभागियों और वक्ताओं ने भागीदारी की। मुख्य वक्ता भारत अपडेट जयपुर राजस्थान के सम्पादक बाबू लाल नागा ने कहा कि लोकतंत्र और राष्ट्र के वजूद के लिए हेट स्पीच पर नकेल कसना ही होगा। घृणास्पद भाषण की निरंतर और गहरी खुराक देकर सार्वजनिक चर्चा को बिगाड़ना भारत में चिंताजनक स्थिति तक पहुंच गया है। काजी फरीद आलम ने कहा कि नफरत फैलाने वाला भाषण एक विवादित क्षेत्र है, इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इसका गठन क्या है। इस पर कोई आम सहमति नहीं है। हालांकि विश्व स्तर पर एक सामान्य समझ है कि जो भाषण नस्लीय, धार्मिक या जातीय समूहों के खिलाफ हिंसा या भेदभाव को उकसाता है, वह नफरत फैलाने वाला भाषण है। अजित यादव ने कहा कि घृणास्पद भाषण हमेशा दोहराए जाने वाला भाषण होता है जो रूढ़िवादिता और बयानबाजी से अपनी शक्ति प्राप्त करता है। अलग-अलग घटनाओं को एक समान पैटर्न का पालन करने के लिए पेश किया जाता है। इस हिंसा के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों परिणाम होते हैं। घृणास्पद भाषण के शिकार व्यक्ति को तात्कालिक शारीरिक क्षति के अलावा यह सामाजिक स्तर पर अंतर-सामुदायिक संबंधों को भी हमेशा के लिए बदल देता है। समय के साथ नफरत के शिकार लोगों के खिलाफ भेदभाव, उनकी गरिमा को छीनकर, जड़ें जमा लेता है। सिकंदर बहादुर मौर्य ने कहा कि भारत में नफरत भरी भाषा के खतरे पर रोक लगाने के लिए संविधान के मूल्यों पर आधारित एक नई राजनीति की कल्पना करने के अलावा देश के पास कोई विकल्प नहीं है। संवैधानिक एवं नागरिक अधिकारों के लिए कार्य करने वाले मनोज तिवारी ने कहा कि "सामाजिक सद्भाव, राजनीतिक व्यवस्था की वैधता में जनता का विश्वास, उपचार की समानता और उत्पीड़न और धमकी के बिना किसी के जीवन जीने का अधिकार भी एक महत्वपूर्ण मूल्य है। वरिष्ठ पत्रकार एवं सौहार्द फेलो आनंद देव ने कहा कि नफरत फैलाने भाषण लोगों में जुनून जगा कर लोकतंत्र को कमजोर करता है।

# आयुष्मान भारत के तहत लगे प्रखंड स्वास्थ्य मेला में उमड़ी लोगों की भीड़

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)15 सितम्बर 2023:-सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा के पहल पर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयुष्मान भारत के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जहां निशुल्क चिकित्सकीय सेवा, जांच,टीकाकरण के साथ स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न परामर्श दिया गया। इसके लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में 21 काउंटर बनाया गया था। इसके पूर्व ज़िप अध्यक्ष ममता कुमारी जी, ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी जी व सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद जी ने फीता काटकर मेला का शुभारंभ किया। ज़िप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने विभागीय स्तर पर इस तरह के स्वास्थ्य मेला आयोजित किए जाने का सराहाना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी होना चाहिए। ताकि लोगों को समुचित लाभ मिल सके। वहीं सही समय पर इलाज कराने एवं अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहने पर बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। कहा कि स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को अपनी स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने को प्रोत्साहित करना है। वहीं इस मेले में चिकित्सकीय सेवा अंतर्गत सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, कान एवं नाक, दंत जांच, त्वचा जांच, मलेरिया, कुष्ठ, यक्ष्मा इत्यादि का निशुल्क इलाज किया जा रहा है।

# शहीद जवानों को आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से बुधवार को एक ऐसी खबर आई जिसने अनंतनाग में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 भारतीय सपूत जवान शहीद हो गये। आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इस हमले में वह घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में एयरलिफ्ट किया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, बटालियन कमांडिंग मेजर आशीष धोनैक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के ऊरढ हुमायूं भट, राइफल मैन रवि कुमार की शहादत से पूरा देश स्तब्ध है। आज हम सभी भारतीय नागरिक सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी अतुल तिवारी ने कहा कि हम सभी भारतीय नागरिकों के लिए बहुत ही दुखद खबर है। जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में सभी शहीद जवानों को हम सभी श्रद्धांजलि



अर्पित कर नमन करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में जिला सचिव शैलेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिला सचिव रंभा सिंह, आशुतोष मौर्या, केपी गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरि, खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सनी पाल, प्रमोद पाल, नीरज पाल, विशाल यादव, रोहित यादव, यूथ विंग के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिया लाल यादव, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल धर, अरविंद मिश्रा, शिवजी मिश्रा, अब्बुसाद, अमित विश्वकर्मा, अजीत, दिलीप कुमार, रमाकांत चौबे, इंद्रजीत यादव, प्रमोद सिंह, धीरज कुमार, महेश यादव, गोविंद, रविंद्र कुमार, अमित सिंह, शुभम पाल, प्रमोद, उमेश, विशाल कुमार, नीरज कुमार, महेश यादव, वीरेंद्र कुमार, राहुल रोहित, शामू यादव, सूरज गुप्ता, मनजीत, एडवोकेट कुलदीप यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मैं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में विश्वेश्वरैया की झलक देखना चाहती हूं : कुलपति

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

सिद्दीकपुर, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में इंजीनियर्स डे समारोह का आयोजन शुक्रवार को हुआ जहां कुलपति समेत संस्थान के शिक्षकों ने विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्विज में शैलेंद्र प्रताप सिंह और पोस्टर में वात्सल्य प्रथम स्थान पर रहे। बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने इंजीनियर्स डे पर बधाई देते हुए कहा कि एम. विश्वेश्वरैया देश के जाने–माने अभियंता थे। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया था। मैं अपने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में विश्वेश्वरैया की झलक देखना चाहती हूं। मेरी यही कामना है कि यहां के छात्र देश-विदेश में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने कहा कि विश्वेश्वरैया जी विश्वस्तरीय इंजीनियर थे। आजादी के पहले भी उन्होंने देश के लिए बहुत काम किया। वे हैदराबाद शहर के बाढ़ सुरक्षा प्रणाली के मुख्य डिजाइनर थे और मुख्य अभियंता के तौर पर मैसोर के कृष्ण सागर बाँध के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई थी। उनके अप्रतिम योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि जिंदगी भी इंजीनियरिंग का एक पार्ट है क्योंकि



इंजीनियरिंग फैक्ट पर चलता है। अगर इसे अनुमान पर चलाने की कोशिश करेंगे तो आशातीत सफलता नहीं मिलेगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जहां प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वालों को कुलपति ने पुरस्कृत भी किया। क्विज में शैलेंद्र प्रताप सिंह प्रथम, अनुराग प्रिया द्वितीय, आदित्य पांडेय तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह पोस्टर प्रतियोगिता में वात्सल्य प्रथम, आकांक्षा सिंह द्वितीय, काजल यादव तृतीय स्थान पर रहे। संचालन प्रो रजनीश भास्कर ने किया। धन्यवाद प्रो संदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो रवि कुमार, प्रो. नुपुर तिवारी, डॉ. राजकुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ विक्रांत भटेजा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. द्विवेन्दु मिश्र, कृष्णा सिंह, डॉ. दीपक सिंह, सत्यम उपाध्याय, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, रामजी सिंह, श्यामजी त्रिपाठी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज में हिंदी भाषा सप्ताह के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता चंदन गुप्ता मड़ियाहू**

मडियाहू , जौनपुर। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिलाओं में स्थित प्रतिष्ठित पंडित राज किशोर तिवारी महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें निबंध-लेखन, वाद-विवाद एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन प्राचार्य प्रो. सुरेश कुमार पाठक की अध्यक्षता में महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया जा रहा है क प्रतियोगिता के प्रथम दिन दिनांक 14 सितंबर को वाद-विवाद एवं काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के श्रीमती अशर्फी देवी सभागार में किया गया कप्रतियोगिता के दूसरे एवं अंतिम दिन आज दिनांक 15 सितंबर दिन शुक्रवार को निबंध-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कप्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया क सांस्कृतिक समिति के सदस्य छात्र-छात्राओं में आशुतोष, शिवांश, हनीफा, सरिता, प्रीती, दीपांजली अंजली आदि ने प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु वालंटियर्स के रूप में सहयोग प्रदान किया क प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. कुमार प्रणव वर्मा, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. आशुतोष



शर्मा, डॉ. सुजीत पटेल एवं डॉ अनीश वर्मा की देख रेख में संपन्न हुआ कमहाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेश कुमार पाठक ने कहा कि छात्र-छात्राओं का बहुआयामी विकास राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है तथा छात्र-छात्राओं के विकास में ऐसी प्रतियोगिताओं एवं अन्य पाठ्यक्रम सहगामी गतिविधियों के महत्त्व को रेखांकित किया क महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के प्रभारी एवं अंग्रेजी विषय के सहायक आचार्य डॉ. अमिताभ कुमार ने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सवार्गीण विकास हेतु ऐसी प्रतियोगिताओं एवं अन्य पाठ्यक्रम सहगामी गतिविधियों का नियमित अंतराल पर आयोजन करवाते रहने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की साथ ही सांस्कृतिक समिति के रूप में कार्य कर रहे अपने साथी शिक्षक साथियों डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. विवेक कुमार मिश्र, डॉ. बृजेश कुमार चौबे, डॉ. योगेश साहू, डॉ. कुहासा रानी आदि के प्रयास की सराहना की तथा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया

# डा राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम में हिंदी दिवस का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

हिंदी दिवस के अवसर पर डा राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशवंत सिंह यश रहे। जो एक प्रसिद्ध कवि हैं। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी को लेकर अपनी ताजा रचना सुनायी। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज गाजीपुर के मुख्य प्रबंध निदेशक प्रो आनंद कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में हिंदी के स्वरूप का विस्तार से उल्लेख किया । उन्होंने अतीत काल से लेकर वर्तमान काल तक हिंदी के साथ ही भारत की भाषिक विकासयात्रा को समझाया। उनके वक्तव्य का सार निम्न है-

हिन्दी भाषा का जन्म सातवीं सदी में हुआ। यह अपभ्रंशों से पैदा हुई थी। अपभ्रंश भाषाओं का जन्म पालि और प्राकृत भाषा से हुआ था। ये भाषाएँ संस्कृत भाषा के समानांतर चल रही थीं। इसके भी पहले वैदिक संस्कृत थी। हो सकता है भाषा का एक देहाती रूप तब भी चलता रहा हो।क्योंकि प्राकृत का अर्थ होता है ॠप्रकृति काॠ यानी नेचुरल। और उसके बरक्स संस्कृत का अर्थ होता है – जिसे सुसंस्कृत कर दिया गया। यानी प्राकृत भाषा में से जितने हिस्से को सुसंस्कृत कर दिया गया। उसे संस्कृत कहा गया। ये संस्कृत भी दो तरह की है - एक तो वो जिसमें वेदों के मंत्र रचे गए जिसे वैदिक संस्कृत कहते हैं। और दूसरी संस्कृत वो है जिसमें वैदिक काल के बाद पुराण लिखे गए और जिसमें रामायण और महाभारत भी लिखा गया।इसे लौकिक संस्कृत कहते हैं। वैदिक संस्कृत ऋषि मुनियों की भाषा रही होगी। लेकिन सामान्य जनता की भाषा तब भी प्राकृत ही रही।इसी का एक रूप पालि है जिसमें छठी ईस्वी पूर्व बुद्ध और महावीर ने उपदेश दिये।

बुद्ध ने और महावीर के समय कुछ उपनिषदों की रचना भी हो रही थी । वे सब संस्कृत में हैं। उस समय संस्कृत राजाओं और शिक्षित जनों की भाषा थी। यानी पढ़े लिखे वर्ग की भाषा ।जैसे आजकल हिंदी का एक रूप विद्वानों के बीच में है और एक रूप आम बोलचाल में है। मजदूर भी हिंदी बोलता है और विद्वान भी लेकिन दोनों में फर्क.है। लौकिक संस्कृत का समय ईसा से 1000 BCE से लेकर ईसा की 1000 AD तक फैला है । अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज के समय अफगानिस्तान से मुहम्मद गोरी जब आया था 1193 AD में। तब से इस्लाम का राज्य आया। (वैसे इस्लाम का हमला भारत के पश्चिमोत्तर प्रांत पर या सिंध पर सन 711 ईस्वी में हुआ था। लेकिन दिल्ली तक आते आते मुसलमान आक्रमण करने वालों को पाँच सौ साल लगे। जबकि अपने जन्म के सौ साल के भीतर ही इस्लाम में अधिकांश युरोप और पर्शिया तथा तुर्की पर अधिकार जमा लिया था।) । इन पाँच सौ सालों में इस्लामी आक्रमण करने वालों के हमले लगातार चलते रहते थे। वो दिल्ली पर अधिकार करना चाहते थे। बीच में सिंध और पंजाब पड़ता था। यूँ तो लगभग दो हजार साल तक यानी ईसा के एक हजार साल पहले और ईसा के एक हजार साल बाद तक संस्कृत चलती रही। इसमें साहित्य और दर्शन रचा गया।आयुर्वेद और ज्योतिष तथा विज्ञान के अनेक ग्रंथ रचे गए। लेकिन 600 AD तक आते आते संस्कृत का प्रभुत्व कम होने लगा और अपभ्रंश भाषाएँ सामने आने लगीं। अपभ्रंश भाषा यानी संस्कृत का बिगड़ा हुआ रूप । भ्रष्ट रूप। पहले ही बताया कि प्राकृत भाषाओं का विस्तार पहले से था जिससे संस्कृत बनी थी। अब फिर से संस्कृत का रूप बिगड़ा और उसी



से अपभ्रंश भाषाएँ बनीं। दक्षिण भारत की चार भाषाएँ हैं– (तमिल मलयालम तेलुगू कन्नड़ ) - ये द्रविड़ भाषाएँ कहलाती हैं। इनमें तमिल सबसे पुरानी है। संगम लिट्रेचर का जन्म ईसा की तीसरी शताब्दी से मिलता है। यह तमिल में है। इसके साथ ही उत्तर पूर्व की मिजो मणिपुरी बोडो नागा खस भाषाओं का विकास एक तरह की वनवासी आदिवासी बोलियों से हुआ है। इसके साथ ही जहां जहां आदिवासी वनवासी रहे हैं उनकी अपनी आदिवासी बोलियाँ रही हैं। सामान्य तौर पर उनमें कोई लिखित साहित्य नहीं मिलता और उनकी कोई लिपि भी नहीं है। जैसे राजस्थान और म प्र में भीलों की बोली भीली है। ये सब भी चलते रहे अपनी अपनी जगह पर। लेकिन अभी हम उनकी बात कर रहे हैं जिनकी अपनी लिपि थी और जिनका लिखित साहित्य है। और जिसमें राजकाज भी चला है। तो उस समय दक्षिण भारत और उत्तर पूर्वी भारत को छोड़कर हमारे देश के अलग अलग भागों में प्रांतों में अलग अलग प्राकृतें और अपभ्रंश भाषाओं का पहले से अस्तित्व था। हिंदी का संबंध हिंदीभाषी प्रदेश से है। इसमें कुल दस प्रांत आते हैं–दिल्ली उत्तरप्रदेश बिहार मध्य प्रदेश राजस्थान हिमाचल छत्तीसगढ़ उत्तराखंड झारखंड हरियाणा । इनमें हिंदी की 18 बोलियाँ थीं। इनमें हरियाणा और दिल्ली में हरियाणवी और खड़ी बोली ( जिसमें मैं लिख रहा) थी। दिल्ली के पास ही मेरठ मथुरा और वृंदावन का क्षेत्र है। यहाँ ब्रजभाषा थी। अब भी है। यह धीरे धीरे हिंदी साहित्य की भाषा बन गयी थी और खड़ी बोली में अठारहवीं सदी में जबसे साहित्य लिखा जाने लगा तब तक चलती रही। दिल्ली के उत्तर में हिमाचल प्रदेश है। वहाँ की दो बोलियाँ हैं - कुमाऊँनी गढ़वाली। ब्रज क्षेत्र से नीचे ग्वालियर झाँसी सागर भोपाल जबलपुर तक बुन्देली चलती है। इटारसी से आगे खंडवा बड़वानी धार में निमाड़ी बोली है। यहाँ से मराठी और गुजराती का क्षेत्र शुरू होता है। उज्जैन इंदौर झालावाड़ में मालवी है जो राजस्थानी से निकली है। मेवाड़ी मेवाती जयपुरी बीकानेरी भी राजस्थानी बोलियाँ हैं। बिहार में भोजपुरी मगही मैथिली बोलियाँ हैं। उत्तर प्रदेश में दिल्ली मेरठ के पास खड़ी बोली लखनऊ के पास अवधी, बनारस में भोजपुरी , इलाहाबाद से रीवा सतना तक बघेली और उसके नीचे छत्तीसगढ़ी चलती है। ये सब बोलियाँ हिंदी की बोलियाँ हैं। लगभग सात सौ से लेकर एक हजार AD के आसपास कुल तीन सौ वर्षों में इनमें से कोई बोलियों में साहित्य रचा गया । अवधी में रामचरितमानस लिखने वाले तुलसीदास , ब्रज में सूरसागर लिखने वाले सूरदास और मैथिली में विद्यापति बडे लेखक हुए। कबीर का साहित्य मिली जुली खिचड़ी भाषा में है। लेकिन उस पर भोजपुरी का प्रभाव भी है। यह हिंदी प्रदेश है। इसके बाहर जो प्रदेश है वहाँ की बोलियों और भाषाओं का जन्म भी अपभ्रंशों से ही हुआ । उसी समय यानी सातवीं सदी में। असमी बंगला और उड़िया और नेपाली अपभ्रंश की एक शाखा पूर्वी अपभ्रंश से निकली ।इसी अपभ्रंश से बिहार की भोजपुरी मैथिली और मगही भी निकली। शौरसेनी अपभ्रंश से राजस्थानी गुजराती और पश्चिमी हिंदी तथा पहाड़ी बोलियाँ ( कुमाऊँनी और गढ़वाली ) भी निकलीं। ब्राचड़ अपभ्रंश से सिंधी पंजाबी निकलीं। महाराष्ट्री अपभ्रंश से मराठी निकली ।हिंदी प्रदेश के चारों ओर उसकी सीमा पर ये भाषाएँ हैं- पंजाबी कश्मीरी नेपाली असमी बांग्ला उड़िया मराठी गुजराती । ये भी अपभ्रंशों से निकली हैं। ये सभी अपभ्रंश भाषाएँ प्राकृत भाषाओं से निकली हैं। प्राकृत भाषाएँ साधारण जनता की भाषा रही। उस समय विशेष लोगों की भाषा संस्कृत रही। जब इस्लामी यहाँ आए तो उनका परिचय हरियाणा दिल्ली राजस्थान की बोलियों को बोलने वाले लोगों से हुआ विशेष रूप से दिल्ली की बोली से। जब मुहम्मद गोरी ने दिल्ली पर अधिकार कर लिया 1193 AD में तब दिल्ली में खड़ी बोली भी एक बोली की तरह चलता थी। इसका क्षेत्र सीमित था। यह एक बोली ही थी जैसे ब्रजभाषा अवधी भोजपुरी वगैरह। बाहर से आने वालों ने उसे ही हिंद की बोली समझा। उसे हिन्दवी कहा। इसी से बाद में हिंदी हो गया। बाहरी आक्रमणकारी चार भाषाएँ बोलते थे- यानी चार तरह के लोग थे- अरब के अरबी, फारस या ईरान के फारसी, अफगानिस्तान के अफगानी या पश्तो और तुर्क के तुर्की बोलने वाले। इन्होंने दिल्ली के आसपास की बोलियों से संघर्ष किया युद्ध किया। लेन देन किया । शासन किया । तो इस तरह हिंदी में ये चार तरह के शब्द घुसने लगे। ये 1200 AD से 1700 AD तक चलता रहा। इसका प्रभाव ब्रज अवधी हरियाणवी बुंदेली पर उतना नहीं पड़ा जितना खड़ी बोली पर। मुसलमानों ने खड़ी बोली को अपना लिया और उसमें अपने शब्द मिला लिए। इस तरह एक खिचड़ी भाषा बनने लगी जिसे रेख्ता कहा गया। उसी में रहते रहते अरबी फारसी पश्तो और तुर्की के शब्दों के मिलकर जज्ब हो जाने से एक मिक्स भाषा पैदा हो गयी जिसे पहले रेख्ता ( खिचड़ी भाषा) और बाद में अठारहवीं शताब्दी में उर्दू कहा गया। मिर्जा गालिब अपने को रेख्ता का शायर कहता है। वह 1857 के विद्रोह के समय उपस्थित था। एक बात और समझनी है। 12 वीं 13 वीं सदी में जब इस्लामी राजाओं ने दक्षिण को जीतने का अभियान चलाया तब वो अपने साथ इसी खड़ी बोली को लेकर दक्षिण भारत तक गए। आंध्र में गोलकुंडा में बीजापुर में हैदराबाद में इस भाषा का बहुत प्रचार हो गया इसे दक्कनी हिंदी कहा गया। इसलिए आज भी हैदराबाद में दक्खिनी हिंदी चलती है। वह एक दम उर्दू नहीं है लेकिन मिश्रित है। असदुददीन ओबैसी इसी भाषा में बोलता है। दक्खिनी हिंदी का प्रचार खंडवा बुरहानपुर गुजरात तक था। मुगलों के समय में फारसी राजभाषा थी। लेकिन आम जनता अपनी अपनी बोलियाँ बोलती रहती थी। आपस में ये मुगल फारसी बोलते थे लेकिन उत्तर भारत की जनता से संवाद रेखता में और दक्षिण भारत में दक्खिनी में करते थे। अकबर के जमाने में थोड़ी छूट हो जाने से ब्रजभाषा का प्रभाव बढ़ने लगा था। कुछ मुगल राजा ब्रजभाषा में भी बोलते थे। सातवीं शताब्दी में ही अलग अलग अपभ्रंशों से अलग प्रांतों में मराठी बंगाली सिंधी असमी गुजराती उड़िया नेपाली पंजाबी आदि भाषाएँ पैदा हुईं। तमिल मलयाली तेलुगू कन्नड़ - ये चार भाषाएँ पहले से थीं जिनकी परिवार अलग है। इनके आधार में भी संस्कृत की संरचना है। इसी तरह नागा खास मिजो मणिपुरी बोडो आदि नार्थ ईस्ट की भाषाओं का जन्म आदिवासी भाषाओं से हुआ। मुगलों और ब्रिटिश के पहले उत्तर भारत की जनता सातवीं सदी से पहले अपभ्रंशों में बोलती थी। उसके पहले प्राकृत भाषाओं में। सातवीं से ग्यारहवीं सदी में हिंदवी में। या हिंदी में। लेकिन पंजाब के लोग पंजाबी में बंगाल के लोग बंगाली में मराठा लोग मराठी में में और इसी तरह अलग अलग क्षेत्रों के लोग अलग अलग जिनका नाम पहले लिखा है। हिंदी लगभग एक हजार साल से बोली जा रही है। हिंदी के कुल 10 प्रदेश हैं जिनका नाम ऊपर लिखा है। उनमें 18 बोलियों का जन्म हुआ। इन 18 बोलियों के लिए हिंदी एक ब्लैंकेट टर्म की तरह है। जैसे तुलसी ने अवधी में। रामचरितमानस लिखा सब्र ने ब्रजभाषा में सूरसागर लिखा कबीर ने भोजपुरी में मीरा ने राजस्थानी में विद्यापति ने मैथिली में ईसुरी ने बुंदेली में अमीर खुसरो ने खड़ी बोली में लिखा। ये साहित्य मिलता है । दूसरी बोलियों का साहित्य नहीं मिलता । हिंदी को सभी बोलियों का नाम है लेकिन आजादी की लड़ाई में खड़ी बोली हिंदी का प्रयोग सभी नेताओं ने किया। भारतेंदु हरिश्चंद्र जैसे साहित्यकारों ने खड़ी बोली में साहित्य रचा । अवधी और ब्रजभाषा पीछे चली गयी जो तब तक कविता की भाषा के रूप में चल रही थी। अठारहवीं सदी से खड़ी बोली हिंदी का प्रभाव बढा। इसी में अखबार निकले। अंग्रेजी को चुनौती इसी हिंदी में दी। इसलिए खड़ी बोली हिंदी को स्वीकार कर लिया गया ।सबसे सुंदर बात ये हुई कि हिंदी प्रदेश की सभी बोलियों ने खड़ी बोली को स्वीकार कर लिया और हिंदी बोलने वाली जनता ने अपनी बोली के साथ स्टैण्डर्ड रूप से राजकाज के लिए शिक्षकों लिए खड़ी बोली को महत्व दिया। जबकि पहले यह भी एक बोली थी जो दिल्ली के आसपास तक सीमित थी।संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में यह कहा गया कि हिंदी राजभाषा होगी और उसकी लिपि देवनागरी होगी। लेकिन इसी अनुच्छेद के (2) में कहा गया कि जब तक हिंदी राजकाज के लिए ठीक से तैयार नहीं हो जाती तब तक अगले पंद्रह वर्षों के लिए अंग्रेजी चलती रहेगी। यानी 1950 से 1965 तक । फिर एक कमीशन बनेगा जो हिंदी की स्थिति का पता लगाएगा कि यह कहाँ तक बढ़ी है। और इस तरह हर सरकार अगले पंद्रह वर्षों के लिए अंग्रेजी को बढ़ा देती है। प्रो आनंद कुमार सिंह ने अंत में यह कहा कि हिंदी दिवस पर हमें संकल्प लेना होगा कि अंग्रेजी को हटाकर हिंदी को राजभाषा के रूप में आदर दिया जाय और अंग्रेजी की निर्भरता को समाप्त किया जाय ।यही देश के हित में है। इसी से हमारी राष्ट्रीयता का विकास भी संभव हो सकेगा॥ कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ विजेंद्र सिंह ने किया ।

### रामपुरा हाउस का कोर वोटर ही अब तक सबसे बड़ा फैक्टर

# राव तुलाराम शहीदी दिवस के मौके पर कांग्रेस और भाजपा में घमासान की प्रबल संभावना

*बेशक राव इंद्रजीत के प्रभाव का क्षेत्र पर मतदाताओं की लुटिया घूम गई तो क्या होंगे आसार*

**विनोद कश्यप, प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री राव बिरेन्द्र सिंह और उसके बाद उनके उत्तराधिकारी राव इंद्रजीत सिंह लंबे समय से दक्षिणी हरियाणा में बेबाक राजनीतिक करते आ रहे है। इस बार रामपुरा हाउस के वोटर को भुनाने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों की नजर है। इसका मुख्य कारण बेरोजगारी, भुखमरी, मंहगाई और राव परिवार में एक दूसरे की टांग खींचने की इच्छा कहा जाता है। चुनाव में अगर मुद्दे रहे हावी तो अबकी बार इस क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना भी बन सकती है।

भाजपा के पाले में इन दिनों रामपुरा हाउस की राजनीतिक विरासत संभाल रहे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तो पहले से ही है ,क्योंकि 9 साल पहले वर्ष 2014 में जब उन्होंने मोदी लहर में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था तो हरियाणा में मुख्यमंत्री पद को लेकर कई धड़ों में जबरदस्त टकराव था। लेकिन, राव इंद्रजीत भाजपा की केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद दोनों ट्रम में राज्यमंत्री बनने में कामयाब रहे हैं। उनके अनुज यादुवेंद्र सिंह का झुकाव तब से भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की ओर ही माना जाता है। वो कोसली से विधायक भी रहे। इसी तरह दूसरे भाई अजीत सिंह के बेटे अर्जुन राव फिलहाल कांग्रेस में हैं।

#### हुड्डा के करीबी यादुवेंद्र तो सुरजेवाला के करीबी राव अजीत का बेटा

एक समय पूरा रामपुरा हाउस कांग्रेस में था, लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री राव बिरेन्द्र सिंह के तीनों बेटों ने अपनी राजनीतिक की राह अलग-अलग कर ली। इसे राजनीतिक विडम्बना ही माना जाता है कि राव इंद्रजीत सिंह लंबे समय तक कांग्रेस में रहने के बाद भेदभाव का आरोप लगाकर 2014 के लोकसभा चुनाव से एन वक्त पहले जनवरी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे ।यह दोहराने की जरूरत नहीं कि तब राव इंद्रजीत सिंह और भूपेन्द्र सिंह के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर छत्तीस का आंकड़ा बन गया था ।भाजपा इस लोकसभा क्षेत्र में अपने किसी प्रभावशाली को चुनाव मैदान में उतारने की ताक में भी थी और उन्हें राव इंद्रजीत सिंह ऐन मौके पर मिले। तब उनके छोटे भाई यादुवेन्द्र सिंह कांग्रेस में ही बने रहे और आज भी उनकी गिनती भूपेन्द्र सिंह हुड्डा गुट के नेताओं में होती है।

#### कांग्रेस (तिकड़ी गुट) और भाजपा में जीतने की होड़

जबकि राव इंद्रजीत के भाई अजीत सिंह के बेटे हुड्डा के राजनीतिक विरोधी कहे जाने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला के मार्फत कांग्रेस में शामिल हुए और उन्हीं की सिफारिश पर पिछले विधानसभा चुनाव में नारनौल की अटेली विधानसभा सीट से कांग्रेस का टिकट पा गए,पर जीत से दूर ही रहे। वो तब अपने ताऊ राव इंद्रजीत सिंह समर्थित भाजपा प्रत्याशी सीताराम यादव के हाथों बुरी तरह हार गए थे।

2024 के लोकसभा की तैयारी से ठीक कुछ समय पहले स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राव तुलाराम का शहीदी दिवस मनाने के लिए कांग्रेस और भाजपा में होड़ शुरू हो गई है। राव तुलाराम के वंशज रामपुरा हाउस का पूरे अहीरवाल इलाके में खासा प्रभाव है। पर हरियाणा में भाजपा विरोधी हालात के दृष्टिगत मतदाताओं की घूमती लुटिया किसके पाले में आकर ठहरेगी, अभी अनुमान लगाना मुश्किल है। 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले इस मौके को भुनाने के लिए कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी ने पहली बार इस दिन नारनौल में रैली करने का ऐलान किया है कि उनकी बेटी श्रुति चौधरी महेंद्रगढ़-लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ने की प्रबल दावेदार है।

उसी क्षेत्र के अंतगर्त नारनौल सीट आती है और यहाँ पर भी रामपुरा हाउस का बड़ा जनाधार है। इसके साथ ही रामपुरा हाउस के ही वंशज और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के भतीजे कांग्रेस नेता अर्जुन राव अटेली विधानसभा में इसी दिन रैली करने की तैयारी में जुटे हैं। वहीं 23 सितंबर को शहीदी दिवस के मौके पर ही रेवाड़ी के भालखी-माजरा में राव इंद्रजीत सिंह की तरफ से कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

वैसे तो 23 सितम्बर के इस शहीदी दिवस के कार्यक्रम को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इस कार्यक्रम में पलड़े का झुकाव बनाने के लिए राव की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। पर प्रधानमंत्री कार्यालय से अभी तक उनके इस आयोजन में शामिल होने के संकेत नहीं मिले हैं।
ऐसे में सियासी हल्का में चर्चा शुरू हो गई है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राव शहीदी दिवस के मौके को भुनाने की पुरजोर कोशिश में है। इसके पीछे सबसे बड़ा फैक्टर रामपुरा हाउस का कोर वोटर है।

# मानेसर क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा आईटी हब बनाने की दिशा में बढ़ रही है सरकार

*किसानों को बर्बाद फसल का ई- मुआवजा पोर्टल के माध्यम से देगी सरकार*

#### पंचायती चुनावों में महिलाओं को 50 फीसदी और खरखौदा मारुति प्लांट में हरियाणा के युवाओं को मिलेगा 75 फीसदी आरक्षण- दुष्यन्त चौटाला

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण, हरियाणा/पंजाब**

चण्डीगढ़,15 सितम्बरः हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा है कि मानेसर क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा आईटी हब बनाने की दिशा में सरकार ने तेजी से कदम बढ़ाए हैं ।इन औद्योगिक परिसर में निजी कंपनियां हरियाणा के युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार प्रदान करेंगी।

सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं और सरकार अमृत सरोवर योजना के तहत गांव के तालाबों की सफाई के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान दे रही है। उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि किसानों को उनकी खरीफ सीजन की फसल का भुगतान 48 घंटे के भीतर मिल जाएगा और फसल की राशि उनके खातों में जमा कर दी जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पंचायती राज चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सोनीपत के खरखौदा में मारुति का नया प्लांट लगाया जा रहा है और इस प्लांट में हरियाणा के 75 फीसदी युवाओं को रोजगार मिलेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार परिवार पहचान पत्र के जरिए राशन कार्ड जारी करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने एक साल में हरियाणा में 28 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मेवात मोबाइल के लिए सबसे बड़ी एटीएल बैटरी का हब भी बनेगा।

उनका कहना है कि हाल ही में हुई बारिश से बर्बाद हुई फसलों की भरपाई के लिए उन्होंने ई-मुआवजा पोर्टल के जरिए राहत देने का फैसला किया है। किसान अपनी क्षतिग्रस्त फसलों का विवरण ई-मुआवजा पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं।
उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन का जिक्र करते हुए कहा कि जब जननायक चौधरी देवीलाल ने वृद्धावस्था पेंशन की घोषणा की थी तो तत्कालीन विपक्ष ने भी इसका विरोध किया था और कहा था कि इसी तरह विपक्षी दल निजी क्षेत्र में 75 फीसदी युवाओं को नौकरी देने के खिलाफ हैं. हरियाणा के. कर रहे हैं।

राज्य में 1,80,000 रुपये से कम वार्षिक आय वाले सभी परिवारों को पीले राशन कार्ड ऑनलाइन जारी किए जा रहे हैं और अब उन्हें एडीसी कार्यालयों, पार्षदों और विधायकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### प्रदेशभर से पार्षद जुटे भिवानी में

# संवैधानिक पॉवर पाने के लिए अब नगर पार्षद चलेंगे संघर्ष की राह पर

*प्रशासन में अनदेखी से दुखी पार्षदों ने मुख्यमंत्री को चेताने की ठानी, संघर्ष के लिए बनेगी रणनीति*

**विनोद कश्यप, प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा में पंचों के बाद अब नगर पार्षद खुल कर सडकों पर आ रहे हैं। नगर पार्षदों में सरकार के प्रति रोष स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पार्षद प्रशासन में काम न होने से दुखी हैं। इसीलिए अब प्रदेशभर से पार्षद भिवानी में इकठे हो रहे हैं। सभी पार्षद मिल कर अपने हकों के लिए संघर्ष की रूप रेखा तैयार करेंगे और तय रणनीति के तहत अगला कदम उठायेंगे।
भाजपा के स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के भिवानी जिला संयोजक हर्षदीप डुडेजा का कहना है कि प्रदेशभर के पार्षद इकठे होकर मुख्यमंत्री से भी मिलने का समय मांगेंगे और पूरा स्थिति से उनको अवगत करवायेंगे। मिली जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से भिवानी के पार्षद आए दिन बैठकें कर रहे हैं और इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं।
इन नगर पार्षदों का कहना है कि वें पांच से दस हजार लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेकिन उनकी सुनावाई करने वाला कोई भी नहीं है। पार्षद से मतदाताओं को उम्मीदें ज्यादा रहती है। लेकिन पार्षद की कोई सुनवाई नहीं होती। अब तो हालात यह है कि नगर परिषद में भी पार्षदों के काम नहीं हो पाते।
एक पार्षद ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वें अपने वार्ड की पुलिया, नालों की सफाई और पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं करवा पा रहे हैं। पार्षदों के पास कोई संवैधानिक पॉवर नहीं है और अधिकारी उनको पहचानने से भी इंकार कर देते हैं। लेकिन दूसरी ओर उनके वार्ड के लोग सुबह ही काम लेकर उनके घर पर आ जाते हैं। इतना ही नहीं मतदाता भी पार्षदों की कोई बात सुनने को तैयार नहीं होते। अब तो एक नया ट्रेंड चल पड़ा है। अब लोग काम के लिए खुद फोन न करके अपनी पत्नियों से फोन करवाने लगे हैं। महिलाएं तो पार्षद की कोई बात सुनने व समझने को तैयार ही नहीं होती। फोन करने वाल महिलाएं यंहा तक कह देती है कि उन्होने उसको वोट देकर गलती की। साथ ही कहती हैं कि अगर शिविर का पानी नहीं रोका गया तो अगली बार उनकी गली में वोट मांगने मत आना। एक पार्षद तो ऐसी बातों से इतना दुखी हो गया है कि उसे लगने लगा है कि पार्षद बनकर उसने बड़ी गलती की है। नगर परिषद के चेयरमैन का चुनाव सीधा होने के बाद तो पार्षदों का चेयरमैन पर दबाव भी खत्म हो गया। पहले एक साल बाद दो तिहाई बहुमत से चेयरमैन को हटाए जाने का प्रावधान था। इसके चलते चेयरमैन पाषदों के दबाव में रहता था और पार्षदों के नगर परिषद में काम भी हो जाते थे। परन्तु अब चेयरमैन का सीधा चुनाव होने के बाद तो किसी भी पार्षद के नगर परिषद में काम नहीं हो पा रहे हैं। भिवानी से बाहर के एक पार्षद ने एक रोचक किस्सा सुनाया।

उन्होने बताया कि वह पहली बार पार्षद बना है। पूरा दिन वह वार्ड में रहता है। उसके वार्ड के एक घर में छोटा बच्चा बीमार था और बच्चे के पिता को दिल्ली जाना पड़ गया। दोपहर को इस व्यक्ति का पार्षद के पास फोन आता है कि उसके बच्चे के अब दस्त लगने शुरू हो गए हैं तो वो उसके बच्चे को डाक्टर के लेकर चला जाए?

पार्षद का कहना है कि अब तो मतदाताओं के बच्चों को डाक्टर के पास ले जाने का काम भी पार्षदों का रह गया है। ऐसी बातों से दुखी होकर हरियाणा के पार्षदों ने इकठा होने का निर्णय किया है। पार्षदों का कहना है कि वें चुने हुए जन प्रतिनिधि है पर उनकी निरंतर उपेक्षा हो रही है। जबकि चुनाव के समय वोटों के लिए प्रत्याशी पार्षदों के चक्कर लगाते हैं। पार्षद सरकार से पूछना चाहते हैं कि चुने हुए जन प्रतिनिधि होने के नाते उनको जिला प्रशासन में सम्मान क्यो नहीं मिल पाता?
अब पार्षद एक सूर में संवैधानिक पॉवर की मांग करेंगे ताकि छोटे छोटे कामों के लिए उनको विधायक या सांसद के पास न जाना पड़े।

प्रदेश के पार्षदों की होने वाली बैठक में तय किया जा सकता है कि अगर उनको पॉवर नहीं मिलती तो क्या वें सामुहिक त्यागपत्र मुख्यमंत्री को दें? अब देखने वाली बात यह रहेगी कि लोकसभा के चुनाव समीप आ गए हैं तो सरकार का इन पार्षदों के प्रति क्या रूख रहेगा? निसंदेह पार्षदों के पास वोट तो हैं ही, जो उनके कहने पर किसी भी दल को जा सकते हैं। ऐसे में इस सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि पार्षद अपने क्षेत्र में चुनाव का मोड बदल सकते हैं। तो क्या पार्षदों को लोकसभा चुनावी समय का लाभ मिलेगा?

# लोकसभा चुनाव के लिए चंडीगढ़ के नाराज व्यापारियों को ठगने की कोशिश में लगी है भाजपा

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चंडीगढ़, सितम्बर। नगर निगम चण्डीगढ़ के प्रदीप छाबड़ा पूर्व मेयर ने कांग्रेस के पार्षदों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग पने बड़े नेता के व्यावसायिक हितों को साधने के लिए गुप्त समझौते के तहत भाजपा का साथ दे रहे हैं। कांग्रेस-बीजेपी में ईमानदारी है तो लोकसभा चुनाव से पहले चंडीगढ़ की जनता के तमाम मुद्दों को हल करवाए । लोगों को झांसे में न रखे ।

प्रदीप छाबड़ा ने आज भाजपा और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए दोनों पार्टियों पर चंडीगढ़ की जनता की आंखों में धूल झोंकने का आरोप लगाया है, छाबड़ा ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस चंडीगढ़ की सियासी पिच पर फ्रैंडली मैच खेलते हुए व्यापारियों, कर्मचारियों, कालोनीवासियों, फड़ी वालों समेत तमाम चंडीगढ़वासियों को बेवकूफ बनाने में लगी हुई हैं।
छाबड़ा ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा यदि ईमानदारी की राजनीति कर रही है तो वह लोकसभा चुनाव-2024 से पहले व्यापारियों, कर्मचारियों, कालोनीवासियों समेत चंडीगढ़ की तमाम जनता के उन मुद्दों को हल कराए। जिनको लेकर वह जनहितैषी होने तथा उनका समाधान करने का प्रयास करने की बात कहकर लोगों को लगातार गुमराह कर रही है। पूर्व मेयर प्रदीप छाबड़ा ने जारी अपने एक बयान में कहा कि अब लोकसभा चुनाव के ठीक पहले चंडीगढ़ में भाजपा व कांग्रेस लगातार ऐसे मुद्दों को हवा दे रही हैं, जिनको लेकर वह पिछले चार साल में तथा गत लोकसभा चुनाव से पहले तक लोगों से झूठे वायदे करती रहीं तथा झूठ बोलकर लोगों से वोट लेती रहीं, भाजपा व कांग्रेस के झूठों के कारण गत नगर निगम चुनाव में चंडीगढ़ के लोगों ने भाजपा व कांग्रेस को सबक सिखाया और आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा सीटें जिताकर इमानदारी से जन कल्याण के काम करने के लिए जिम्मेदारी दी।

# हरियाणा की जनता मंहगाई की चक्की में रही है पिस

### देश में मंहगाई के मामले में राजस्थान के बाद हरियाणा का नम्बर

#### बिजली और पानी के बि दिए जा रहे हैं दाम बढ़ा कर- सुशील गुप्ता

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा में बढ़ती महंगाई को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हरियाणा महंगाई में राजस्थान के बाद नंबर दो पर है। प्रदेश के लोग महंगाई से त्रस्त हैं। ऊंची कीमतों का प्रभाव हरियाणा में आसमान छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई की चक्की में पीस रही है। जिस पर खट्टर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। पिछले 9 सालों में खट्टर सरकार महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हुई है।
उन्होंने कहा कि आंकड़ों के अनुसार अगस्त में हरियाणा में मुद्रास्फीति दर 8.27 फीसदी दर्ज की गई, जबकि जबकि दिल्ली में सबसे कम दर 3.1 फीसदी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के अलावा सभी मूलभूत सुविधाएं




मुफ्त हैं, वहीं सरकार पर एक पैसे की देनदारी भी नहीं है। बल्कि, 8000 करोड़ रुपये से ऊपर का सालाना मुनाफा कमाती है। जबकि हरियाणा में महंगाई ने जनता का जीना मुश्किल कर रखा है और सरकार की तरफ से भी कोई सुविधा नहीं दी गई है। परंतु 50000 करोड़ रुपये से ऊपर सालाना घाटा है ।
उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार को प्रदेश की जनता को मूलभूत सुविधाएं देना और महंगाई से राहत देना दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार से सीखना चाहिए।

#### गोहाना में दिनदहाड़े डबल मर्डर, 30 से अधिक राउंड फायरिंग, हत्यकांड के आ-रोपियों के पिता थे मृतक

सोनीपत. हरियाणा के गोहाना के सदर थाना के अंतर्गत आने वाला



गांव लाठ दोहरा हत्याकांड से शुक्रवार को दहल उठा. गांव के बस अड्डे पर दो व्यक्ति कहीं जाने के लिए खड़े थे करीब पांच छह बदमाश बाइक और कार में सवार हो कर आए. बदमाशों ने दोनो व्यक्तियों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी. बदमाशो ने करीब 30 से 35 राउंड फायर किए जिससे दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई. जैसे ही पुलिस को इस हत्याकांड की सूचना मिली पुलिस मौके पर पहुंची.

# एनडीआरआई में नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत सहकारी प्रशिक्षण

*परम्परागत रासायनिक खादों के विकल्प का विकल्प है नैनो उर्वरक*

**महेश शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

करनाल, सितम्बरः इफको करनाल द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र (राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान) करनाल के सभागार में नैनो उर्वरक जागरुकता अभियान के अन्तर्गत सहकारी कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग से डा. सुनील बजाड, गुणवता नियंत्रक निरीक्षक, करनाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि तथा कृषि विज्ञान केन्द्र से डा. मनीष कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।
कार्यक्रम में डॉ. निरंजन सिंह, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक इफको करनाल, विनय मणी, जेड.एम.ई. इफको झ एम.सी. महेश यादव, आर.एम.ई. इफको झ एम.सी. हरियाणा, श्री मोहित ढूकिया, क्षेत्र अधिकारी इफको करनाल, समेत 25 से अधिक पैक्स प्रबन्धकों ने भाग लिया। डॉ. निरंजन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए भागीदारों का स्वागत किया व बताया कि इफको द्वारा सहकारी समितियों के प्रबन्धकों और विक्रेताओं को कृषि से सम्बन्धित आधुनिक जानकारी देने व कृषि आदानों की बिक्री की योजना बताने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

इफको द्वारा विश्व में सबसे पहले परम्परागत रासायनिक खादों के विकल्प के तौर पर तैयार किए गए नैनो उर्वरक के कृषि में महत्त्व के बारे में सहकारी कार्यकत्ताओं को जागरुक करने को इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताया।
उन्होने बताया कि नैनो यूरिया इफको द्वारा एक नई खोज है जिससे किसानों की आमदनी दोगुनी करने में मदद मिलेगी। नैनो यूरिया की 500 एम एल की एक बोतल दानेदार यूरिया के एक बोरे (45 किलो) के बराबर कार्य करती है। और ये भी कहा कि क्योंकि इसका प्रयोग फसलों पर स्प्रे के रूप में किया जाता है, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे ,पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। यूरिया की तरह नैनो यूरिया भूमिगत जल, जमीन व वातावरण को प्रदूषित नहीं करता है।

# गांवों में भी लगने चाहिएं मेडिकल कैंप : डॉ. पुनीत गोयल

*श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट ने किया फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ*

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट बरवाला द्वारा अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर 7 में स्थित सीबीसी मैमोरियल स्कूल के प्रांगण में विशाल फ्री मेडिकल कैंप व आंखों के ऑपरेशन एवं चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिसार के चांसलर डॉक्टर पुनीत गोयल ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि चांसलर डॉ. पुनीत गोयल ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाना बहुत ही सराहनीय कार्य है, जिसके लिए इस कैंप के संयोजक रणधीर सिंह धीरू को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि रणधीर सिंह धीरू ने बरवाला क्षेत्र में मेडिकल की सुविधाओं को घर-घर तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है, लेकिन अभी भी सभी जगह स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो

# कोर्ट ने पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह की जमानत याचिका की मंजूर

#### 'जूनियर महिला कोच ने उच्च न्यायालय का द्वार खटखटाने का किया ऐलान

**विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, चण्डीगढ़ और पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह को बड़ी राहत मिली है। जिसमें कोर्ट ने संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। संदीप सिंह ने गिरफ्तारी के डर से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। कोर्ट के इस फैसले पर जूनियर महिला कोच ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।
माना जा रहा था कि, चंडीगढ़ कोर्ट की तरफ से संदीप सिंह की यह याचिका खारिज की जा सकती है लेकिन कोर्ट ने ऐसा नहीं किया। कोर्ट ने संदीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली।

बताया जाता है कि, मामले की जांच कर रही चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम यानि एस. आई. टी . भी संदीप सिंह को अग्रिम जमानत दिये जाने का विरोध कर रही थी। फिलहाल, कोर्ट के इस फैसले से सबसे बड़ा धक्का जूनियर महिला कोच को लगा है। बताया जा रहा है कि, चंडीगढ़ कोर्ट के इस फैसले के विरोध में जूनियर महिला कोच पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का रुख करेगी।

#### दिसम्बर 2022 में दर्ज हुआ केस

बता दें कि, चंडीगढ़ पुलिस ने पिछले साल दिसम्बर में जूनियर महिला कोच की शिकायत पर संदीप सिंह के खिलाफ आईपीसी की 354, 354ए, 354बी, 342 और 506 जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था और चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी थी। क्योंकि यह मामला काफी हाईप्रोफाइल है। एसआईटी मामले को लेकर मंत्री संदीप सिंह से पहले घंटों पूछताक्ष भी कर चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट में संदीप



सिंह के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है।

#### 354 और 354बी में गिरफ्तारी का डर?

बताया जा रहा है कि, मंत्री संदीप सिंह की गिरफ्तारी धारा- 354 और 354बी के तहत गिरफ्तारी होने का डर है। धारा- 354 गैर जमानती धारा है और इसमें एक से पांच साल तक की सजा का प्रावधान है। यह धारा तब लगती है जब कोई किसी महिला की इज्जत भंग करने के इरादे से उसके साथ जबरदस्ती करता है। जबकि धारा 354बी तब लगाई जाती है जब कोई किसी महिला को निर्वस्त्र करने या उसे नग्न होने के लिए मजबूर करने का इरादा रखता है। यह भी गैर जमानती धारा है और इसके तहत सात साल तक की सजा का प्रावधान है।

#### संदीप सिंह के मामले में धारा- 509 भी जोड़ी गई

बताया जाता है कि, चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम ने जांच के दौरान जहां धारा 354, 354ए , 354बी, 342 और 506 के तहत संदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया था तो वहीं जांच के बाद पुलिस ने धारा- 509 और जोड़ दी है। यानि चंडीगढ़ पुलिस ने संदीप सिंह को 509 के तहत भी आरोपी बनाया है। इस धारा में इलेक्ट्रानिक साधनों द्वारा किसी महिला से यौन उत्पीड़न का आशय करना, उसे इसके लिए मानसिक रूप से प्रेरित करना. जैसे मोबाइल या इंटरनेट पर ऐसी कोई टिप्पणी, अनुरोध, सुझाव, प्रस्ताव या फिर याचना (जो अश्लील, कामुक, गंदी, अभद्र हो) की जाये। इस धारा में कठोर सजा का प्रावधान है।

#### संदीप सिंह पर महिला कोच का क्या आरोप है?

पुलिस के सामने महिला कोच ने संदीप सिंह को लेकर चौंकाने वाली कई बातें बताईं थीं। महिला कोच ने संदीप सिंह पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न के आरोप लगाए। महिला कोच का कहना था कि, संदीप सिंह उससे अश्लील बातें करते थे और उसे बुरी नजरों से देखते थे। संदीप सिंह ने कई बार उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश की और उसके साथ बलपूर्वक जबरदस्ती की। यहां तक की उसके कपड़े भी फाड़े।

#### जनवरी में छोड़ दिया था खेल विभाग

मालूम रहे कि, महिला कोच के बेहद गंभीर और शर्मनाक आरोपों के बाद संदीप सिंह ने खेल विभाग छोड़ दिया था। संदीप सिंह ने इसी साल 1 जनवरी को खुद से खेल मंत्री का पद छोड़ने की बात कही थी। संदीप सिंह ने कहा था कि उनपर लग रहे सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उनकी छवि खराब हो रही है। इसलिए उन्होंने खेल मंत्री का पद खुद छोड़ने का फैसला किया है. उन्होंने सीएम को खेल मंत्री का पद सौंप दिया है।

## वाहन चेकिंग अभियान के तहत चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- बिहार के गया ज़िले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आशा सिंह मोड़ के समीप स्थानीय रामपुर थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की दो बाइक के साथ तीन आ-रोपियों को गिरफ़्तार किया है.इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कहे . उन्होंने आगे कहा कि रामपुर थाना के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में रामपुर के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा आशा सिंह मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे, इसी क्रम में चोरी की दो बाइक के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है.चोरी की दो अलग-अलग स्पीड बाइक एक प्लसर तो दूसरा एफजेड ब्लैक बाइक के साथ पकड़े गए अपराधियों में अभिषेक कुमार उर्फ गोलू पिता शत्रुघ्न शर्मा ग्राम सदीपुर डिहरी थाना ओबरा ज़िला औरंगाबाद, सोनल कुमार उर्फ भुन पिता पप्पू शर्मा ओबरा डिहरी थाना,संतन कुमार पिता नवलेश शर्मा ग्राम खैरा मोहन थाना गोह ज़िला औरंगाबाद समेत बंचन कुमार पिता जितेंद्र शर्मा ग्राम खैरामोहन थाना गोह ज़िला औरंगाबाद शामिल हैं. उन्होंने आगे कहा कि पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग में अपराधियों के साथ पकड़े गए बाइक पटना ज़िले के परसा से चोरी की गई थी। उक्त मामले में परसा थाने 119/23 एवं 138/23 केस दर्ज हैं.सिटी एसपी हिमांशु ने कहा कि रामपुर थानाध्यक्ष रवि कुमार समेत टीम में शामिल रामपुर थाना के दीपक प्रसाद, राजीव कुमार, सुशील कुमार, पूजा कुमारी चालक सह सिपाही पप्पू राय पु-रस्कृत किए जाएंगे.सिटी एसपी ने कहा कि जनवरी से अब तक रामपुर थाना के थाना अध्यक्ष रवि कुमार के नेतृत्व में रामपुर पुलिस टीम ने ज़िले में सबसे ज्यादा अब तक चोरी गई 68 बाइक की बरामदगी किया है.



## केंद्र और राज्य के अन्यायपूर्ण रवैये के खिलाफ संसद में सवाल उठाने को किसानों नें औरंगाबाद सांसद से लगाई गुहार।

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्रा बिहार झारखंड प्रदेश**

भारतमाला परियोजना के तहत निर्माण हो रहे वाराणसी कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे में अधिगृहित हो रहे जमीनों को लेकर बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले के किसान काफी हताश और निराश हैं। किसानों का मानना है कि जमीन के बदले मिलने वाला मुआवजा बेहद ही कम है और इसके लिये जिम्मेदार केंद्र और राज्य की दोनों स-रकारें हैं।

उचित मुआवजे को लेकर किसान अपनी बात सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाना चाहते हैं। इसी बाबत किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय कल किसानों के शिष्टमंडल के साथ औरंगाबाद लोकसभा के सांसद सुशील सिंह से मिले और अपनी समस्याओं को लेकर सदन में सवाल उठाने का आग्रह किया।

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय नें बताया कि जिस एमवीआर के हिसाब से हमलोगों को मुआवजा मिलना तय किया जा रहा है उसे पिछले आठ वर्षों से अपडेट ही नहीं किया गया है अर्थात आठ साल पुराने भाव से हमें आज मुअ-ावजा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें वर्तमान बाजार भाव के हिसाब से मुआवजा मिलना चाहिये जबकि दिया जा रहा एमवीआर के हिसाब से जो बेहद ही कम है। इस एमवीआर का खेल राज्य और केंद्र की दोनों सरकारें मिलकर किसानों के साथ खेल रही हैं जिसमें किसान मारा जा रहा है। अगले सवाल पर चर्चा करते हुए समिति के अध्यक्ष नें बताया कि अधिग्रहण हो रहे भूमि में पैंतीस प्रतिशत भूमि लगभग आवासीय भूमि है जिसका मुआवजा आवासीय के दर पर मिलना चाहिये लेकिन सरकार किसानों के प्रति बदनीयती दिखाते हुए सभी जमीनों का मुआवजा भीठ धनहर का देना चाह रही है।

दिल्ली कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का उदाहरण



देते हुए अध्यक्ष नें कहा कि जब एक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे में हरियाणा के किसानों को अलग अलग प्रकार के जमीनों के बदले अलग अलग मुआवजा दिया जा सकता है तब बिहार के किसानों के साथ यह भेदभाव क्यों ?

अध्यक्ष ने कहा दिल्ली कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे में हरियाणा के किसानों को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की एक एकड़ भूमि के बदले एक करोड़ बेरासी लाख चालीस हजार रु मुआवजा दिया गया है जबकि बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की भूमि के बदले लगभग पैंतीस लाख रु प्रति एकड़ दिया जा रहा है।

मौके पर उपस्थित किसान संघर्ष समिति के सचिव जगत सिंह नें किसानों पर हो रहे जुल्म को लेकर बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद केंद्र और राज्य की सरकारें मालिक गैरमजरूआ भूमि का मुआवजा किसानों को नहीं देना चाह रही हैं। जगत सिंह नें औरंगाबाद में पूर्व में एनटीपीसी हेतु हुए भूमि अधिग्रहण का हवाला देते हुए इस बात को भी संसद के पटल पर रखने का आग्रह किया कि जब एनटीपीसी में जमीन देने वाले किसानों को अच्छी मुआवजा के साथ आज भी जमीन के हिसाब से प्रतिवर्ष बोनस दिया जा रहा है और उसी जिले के किसानों को दूसरी जमीन के बदले बोनस क्यों नहीं दिया जा सकता ?

किसानों के शिष्टमंडल नें भूमिहीन हो जा रहे किसानों के लिये पुनर्वास और रोजगार तो विथापित हो रहे दलित परिवारों के लिये भी पुनर्वास रोजगार पर सवाल उठाने के लिये सांसद से आग्रह किया।

किसानों ने शर्त के आधार पर एक यह भी सवाल उठाने का आग्रह सांसद से किया कि यदि भविष्य में कोई सरकार इस सड़क को बेच देती या निजीकरण करती है तब सरकार उन्हें दुबारा से मुआवजा और दो गुणा बोनस दे। इस मौके पर किसान विकास कुमार सिंह, विजय पांडे, भोला पांडे, राजेश्वर पांडे, प्रेम पांडे, श्रीकांत पांडे, राजेंद्र तिवारी, पंकज तिवारी, बैजनाथ तिवारी आदि उपस्थित थे। उपरोक्त आशय की जानकारी किसान संघर्ष समिति के संयोजक राजकुमार कुमार सिंह नें दी है।

## स्वास्थ्य केंद्र गोह में सघन मिशन इंद्रधनुष का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)प्रखंड मुख्यालय गोह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार से शनिवार तक मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनव चंद्र ने बताया कि यह अभियान तीन चरण में चलेगा। जिसमें सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान प्रथम चरण में 11 से 16 सितंबर तक चलेगा। टीकाकरण से जो भी बच्चा या गर्भवती महिलाएं वंचित हैं, उन्हें हर हाल में मुक्त करना है। 0 से 2 साल के बच्चों के बीच 486 का लक्ष्य रखा गया। वहीं अढ़ाई साल से 5 साल के बच्चों के बीच में 60 बच्चा को मुक्त करना है तथा 189 गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण व जांच की सुविधा दी जाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य रूप से क्षेत्र में वैसे बच्चें जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। उन्हें मिशन इंद्रधनुष के तहत टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस टीका के बाद बच्चों में चेचक , टीवी, निमोनिया , पोलियो , दिमागी बुखार तथा अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए कारगर साबित होता है इसके लिए गोह क्षेत्र के दरधा,मलहद, भुरकुंडा, झिकटीया, हमीदनगर, चापुक, कुड़वां , घेजना, शेखपुरा सहित कई अन्य क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर ट-ीकाकरण किया जा रहा है। इस मौके पर यूनिसेफ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर (BMC) बब्लू चौधरी,सीता सुंदरी, गिरजा कुमारी, फुलवंती कुमारी, वीणा कुमारी, पल्लवी कुमारी, दुर्गावती कुमारी सहित अन्य लोग शामिल रहे।



## 10 लीटर शराब व बाइक के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर गुरुवार को देवहरा बाजार से पूरब छोटकी पुल के समीप पुलिस ने वाहन को जांच किया तो बाइक के पीछे प्लास्टिक की बोरे में रखा 5 - 5 लीटर का दो पोलीथिन में बंधा कुल दस लीटर देसी शराब व बाइक के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर थाना लाया है। प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीपति मिश्र ने बताया कि सूचना के आधार पर बाइक सवार शराब धंधेबाज की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के धुसरी गांव निवासी सुजीत चौधरी के रूप में हुई है। तलाशी के क्रम में शराब धंधेबाज की बाइक से 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। शराब धंधेबाज की बाइक भी जब्त की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में ए एस आई विकाउ राम के बयान पर कांड संख्य 307/23 दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार शराब धंधेबाज को शुक्रवार को जेल भेज दी है।



## विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से भेंटकर संस्था के कार्यो की दिया जानकारियां .

***भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विप्र फाउंडेशन के कार्यों को सराहा.**

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया( बिहार )- बीती शाम दिल्ली स्थित भारत के राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से विप्र फॉउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और उन्हें संस्था के विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में अवगत कराया. जयपुर में निमार्णाधीन सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च श्री परशुराम ज्ञानपीठ, अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम जी की दिव्य मूर्ति प्रतिष्ठा प्रकल्प, उदयपुर के स्वामी आत्मानंद सरस्वती विप्र लेक सिटी कॉलेज, सूरत के विप्र गौरव भवन, कोलकाता के केसर कुंज, वैद्य पंडित रामनारायण शर्मा विप्र उच्च शिक्षा सहयोग योजना, लालसोट की आदि शंकर ई-लाइब्रेरी, चंदादेवी गायत्रीदेवी कन्या विवाह शगुन योजना सहित विप्र फाउंडेशन की शिक्षा, संस्कार और रोजगारमूलक गतिविधियों को राष्ट्रपति जी ने बड़े मनोयोग से सुना और सराहना किया.ओडिशा के महेन्द्रगिरि पर्वत पर स्थित परशुराम विश्राम स्थल सहित देश के विभिन्न भागों में स्थित परशुराम तीर्थ के उन्नयन हेतु विप्र फाउंडेशन ने राष्ट्रपति जी से सहयोग और आशीर्वाद की अपील की.राष्ट्रपति भवन पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल में विप्र फॉउंडेशन के संरक्षक जगदीश मिश्रा भुबनेश्वर, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ सुनील शर्मा सीए मुम्बई, ओडिशा प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष महेश शर्मा रायरंगपुर, कमल शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष दिल्ली, गजानंद शर्मा भुबनेश्वर शामिल थे. इस अवसर पर राष्ट्रपति जी को विप्र फॉउंडेशन की तरफ से पुष्पगुच्छ, विफा का दुपट्टा, विफा की जानकारी हेतु विस्तृत प्रोफाइल और आध्यात्मिक पुस्तक एवम सम्मान चिन्ह भेंट किया गया .आशा है निकट भविष्य में राष्ट्रपति जी विप्र फाउंडेशन के किसी भी एक सेवा मूलक कार्य में अवश्य पधारेंगी. उक्त जानकारी संस्था के प्रदीप शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे.



## गया के जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार लगाकर ढाई सौ फरियादों को सुनकर त्वरित कार्रवाई करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिया निर्देश.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- जनता दरबार स्थगित रहने के बावजूद समाहरणालय में कई व्यक्तियों को आए देखते हुए जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने जनता दरबार लगाकर ढाई सौ से अधिक फरियादों को सुनकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया. को उनकी समस्याओं को सुना है.कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित का-र्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी,पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जनता दरबार के सुनवाई में आपदा विभाग के तहत विभिन्न लंबित आवेदन के विरुद्ध जांच करते हुए जिला आपदा पदाधिकारी उसे तेजी से अनुपालन करवाये। बिजली विभाग के बिजली बिल ज्यादा आने, घर का बिजली कनेक्शन जोड़ने सहित अन्य मामले पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बिजली पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल ज्यादा आना तथा एवरेज बिल आना इत्यादि के मामले ज्यादा आ रहे हैं, जिला पदाधिकारी ने कहा कि उस एरिया के संबंधित जे०ई० से जांच करवाएं तथा खराब बिजली मीटर को बदलवाने का कार्य करे। जहां भी ज्यादा बिल आने की शिकायत है उसे जांच करवाकर मीटर बदले। गुरारू के मलपा आहार के समीप नाला का निर्माण में अनियमितता को लेकर जिला पदाधिकारी ने लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता को स्थल जांच करने का निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अतरी के सहोडा में फाइन की सफाई हेतु सामूहिक आवेदन देने पर जिला पदाधिकारी ने लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता को जांच करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने का निर्देश दिए हैं। तेतर पंचायत के ग्रामीण ने फसल बीमा नहीं मिलने की आवेदन पर जिला पदाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र भेजते हुए विस्तार से जांच करवाने का निर्देश दिए हैं। जनता दरबार में बेला अंचल के आए फरियादी ने अतिक्रमण नहीं हटाने के संबंध में जिला पदाधिकारी को अवगत कराया जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी बेल को अतिक्रमण हटाने में रुचि लेने का निर्देश दिए हैं.



## जज की पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण सत्यदेव सिंह प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरूखिया - दाउदनगर मुख्य पथ के समीप निमार्णाधीन रिसोर्ट को देखने गई जज की पत्नी के उपर दबंगों के द्वारा गोली बारी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें थाना क्षेत्र के पचरुखिया स्थित धमनी गांव निवासी जज साहब की पत्नी सफलता कुमारी ने लिखित आवेदन हसपुरा थाना को दी थी। जिसमें हसपुरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के उच्छाहल बिगहा गांव निवासी अमरेन्द्र कुमार उर्फ मुनमुन यादव के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज किया था । इसी मामले में गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष अजय शंकर ने बताया कि आरोपित के खिलाफ कांड संख्या 251/23 के तहत आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। जिसमें उच्छाहल बिगहा गांव निवासी अमरेंद्र कुमार उर्फ मुनमुन को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है।वहीं पुलिस सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## गौरवपूर्ण व उत्साहवर्द्धक हैं शब्दाक्षर बिहार की साहित्यिक उपलब्धियाँ: पद्मनाभ

### - हिन्दी पखवाड़े के मौके पर देशभर में हो रहे शब्दाक्षर साहित्यानुष्ठान : डॉ रश्मि

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- शब्दाक्षर बिहार की जहानाबाद जिला इकाई की अध्यक्षा सावित्री सुमन को हिन्दी दिवस पर आयोजित एक सम्मान समारोह में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम माँझी ने अंगवस्त्र, पुष्पमाला, दैनन्दिनी एवं लेखनी प्रदान कर सम्मानित किया.शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह व समस्त शब्दाक्षर परिवार की ओर से श्रीमती सुमन को बधाइयाँ देते हुए उनके एवं जहानाबाद इकाई के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.श्रीमती सुमन की साहित्यिक सक्रियता पर प्रसन्नता जताते हुए शब्दाक्षर बिहार के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र 'पद्मनाभ' ने इसे प्रदेश इकाई के लिये अत्यंत गौरव का विषय बतलाया.श्री पद्मनाभ ने कहा कि 10 सितंबर को गया में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि के चौथे काव्य-संग्रह "उस पार क्षितिज के जाना है' के लोकार्पण समारोह के साथ हुए शब्दाक्षर काव्यानुष्ठान में गया के प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्थानों एवं शब्दाक्षर बिहार प्रदेश की गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर आदि जिला इकाइयों से आये जाने-माने कवियों ने अपनी रचनाएँ पढ़ीं, जो शब्दाक्षर की एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक उपलब्धि है. श्री पद्मनाभ ने शब्दाक्षर बिहार की साहित्यिक उपलब्धियों को गौरवपूर्ण एवं उत्स-ाहवर्द्धक बताया.डॉ रश्मि ने शब्दाक्षर द्वारा बिहार में चलायी जा रही सा-हित्यिक गतिविधियों पर खुशी जताते हुए कहा कि हिन्दी पखवाड़े के तहत संपूर्ण भारतवर्ष में शब्दाक्षर की विभिन्न प्रदेश एवं जिला समितियों द्वारा साहित्यानुष्ठान किये जा रहे हैं. साहित्यिक कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में आगामी 17 सितंबर को भारत भवन, शक्ति ज्ञानपीठ विद्यालय,आजमगढ़ में 12.30 बजे से शब्दाक्षर जिला समिति आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) द्वारा आजमगढ़ जिलाध्यक्ष डॉ अंकुर सहाय श्रीवास्तव अंकुर एवं सचिव हँसमुख आर्यावर्ती के नेतृत्व में "हिन्दी: कल, आज और कल" विषय पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है. इसमें शब्दाक्षर पंच प्रदेश प्रभारी (उप्र) व प्रसिद्ध कवि ओमपाल सिंह निडर एवं शब्दाक्षर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रसिद्ध हास्य कवि श्यामल मजूमदार भी शि-रकत करेंगे.




## मातृभूमि की रक्षा करते हुए भारत चीन सीमा पर शहीद जवान रोशन कुमार की पैतृक आवास केसपा में मंत्र उच्चारण के साथ तृतीय श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

टिकारी (गया बिहार) - मातृभूमि की रक्षा करते हुए भारत- चीन सीमा पर अरुणाचल प्रदेश में तीन वर्ष पूर्व केसपा गांव का लाल रोशन कुमार शहीद हो गया था. आज उसके केसपा स्थित पैतृक आवास पर धार्मिक मंत्रोंच्चारण के साथ तृतीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस श्रद्धांजलि सभा में शहीद के परिवारजनों, ग्रामीणों एवं बड़ी संख्या में आसपास के गांव के लोग एवं जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से शहीद जवान के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया. स्थानीय समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा है कि, रौशन कुमार की शहादत के उपरांत गांव में जन सैलाब उमड़ पड़ा था, एवं नेताओं द्वारा वादों की झड़ी लगा दी गई थी, लेकिन अफसोस है कि आज भी वादे अधूरे है. तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक अभय कुशवाहा एवं बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार ने शहीद के सम्मान में शहीद द्वार का निर्माण, परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं गांव के विद्यालय और स्टेडियम का नामकरण शहीद के नाम पर करने की घोषणा किया था,लेकिन एक भी वादा पूरा नही हो सका है.ग्रामीणों के सहयोग से शहीद की आदमकद प्रतिमा लगाई गई,एवं प्रतिवर्ष शहादत दिवस पर उनकी शहादत को याद किया जाता है. शहीद जवान रोशन कुमार की स्मृति में प्रतिवर्ष गांव में वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है. आज इस श्रद्धांजलि सभा में शहीद के पिता नागेन्द्र शर्मा, माता संजू देवी, भाई आलोक कुमार, समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, सरपंच प्रतिनिधि राहुल कुमार, डॉ गिरजेश नन्दन शर्मा, पूर्व जिला पार्षद सतेन्द्र नारायण,जिला पार्षद सुरेश यादव, सुनील पाठक, बंटी यादव,अनिल यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.



## हिंदी दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सह अप्पू आर्ट के निर्देशक को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने किया सम्मानित.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया मगध प्रक्षेत्र के जहानाबाद में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान अप्पू आर्ट के निर्देशक अजय कुमार विश्वकर्मा को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने अंग वस्त्र पुष्प का माला पहनाकर एवं सम्मानित पत्र देकर सम्मानित किया. पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि हिंदी हम सबों के लिए मातृभाषा है. हम लोगों को अपने भाषा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है. सम्मानित समारोह के दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.



## हत्या के जुर्म में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

दैनिक समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार - झारखंड प्रदेश। बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे प्रथम पंकज मिश्र ने जम्होर थाना कांड संख्या -32/20 में शुक्रवार को सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए भादंवि धारा 302 ओर 201 में 05/09/23 को दोषी ठहराए गए अभियुक्तों को सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी रविंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त कपिल पासवान मखरा जम्होर, सुनील पासवान मगरहीया बारूण को भादंवि धारा 302 में आजीवन कारावास और पचास हजार जुमार्ना लगाया है। वही भादंवि धारा 201 में तीन साल की सजा और बीस हजार जुमार्ना लगाया है,इस अवसर पर अधिवक्ता रामनरेश प्रसाद और शिवपूजन पासवान उपस्थित थे। उपरोक्तास की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी के सूचक रुदल पासवान मखरा जम्होर ने 12/06/20 को प्राथमिकी में कहा था कि उनका बारह साल का लड़का सुरज कुमार क्रिकेट देखने गया था सुबह में उसकी लाश पास के खेत में मिली, उसके गर्दन पर काले निशान थे उसका पोस्टमार्टम कराया गया था ,संदेह के आधार पर गांव के कुछ लड़के को नामजद किया था, थानाध्यक्ष जम्होर शमीम अहमद ने अनुसंधान के क्रम में घटनास्थल से गैर नामजद कपिल पासवान का वोटर कार्ड जप्त कर नये सिरे से जांच कर कपिल पासवान और सुनील पासवान पर आरोप पत्र 31/07/20 को न्यायालय में पेश किया था दोनों अभियुक्त आपस में सार बहनोई है



## नबीनगर से चार एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 15 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से अलग अलग गांव में छापा मारकर चार एनबीडब्लयू वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने बताया कि चारो अभियुक्तों के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था ये सभी फरार चल रहे थे।।पुलिस द्वारा बताया गया कि बारा गांव से सुदय मिस्त्री पिता नौरंगी मिस्त्री को,बाघी गांव से सू-रजमल पासवान पिता हीरा पासवान को,ग्राम पांडेपुरा से मंगल कुमार पिता रामाश्रय सिंह को और ग्राम खरौंघा से शमशेर अंसारी पिता सरफुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस छापेमारी दल मे नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे,एस आई अरविंद कुमार,एस आई सुदर्शन चौधरी,एस आई पिंकी कुमारी ,ए एस आई तारकेश्वर तिवारी, ए एस आई दीपक कुमार सिंह एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी अभियुक्तों को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस दल गठन कर उनके घरों से गिरफ्तार किया गया है।सभी को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है।



## नबीनगर के अलग अलग क्षेत्रों से पांच शराबी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगावाद)**

नबीनगर (बिहार)15 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से आए दिन शराबियो की गिरफ्तारी की जा रही है वावजूद शराबी शराब पीने से बाज नहीं आ रहे हैं ।एस आई मदन उपाध्याय एवम टीम द्वारा पुलिस गश्ती के दौरान नवीनगर रोड से नशे की हालत में जयराम बैठा पिता स्वर्गीय बिंद्रा बैठा ग्राम मोहर कर्मा थाना माली जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार किया गया।

इधर ए एस आई दीपक कुमार सिंह एवम टीम द्वारा पुलिस गश्ती के दौरान नशे की हालत में नंद कुमार तिवारी पिता विश्वनाथ तिवारी ग्राम मुरली बेलाई थाना नबीनगर को गांव से गिरफ्तार किया गया।

उधर नहर किनारे से पुलिस गश्ती के दौरान एस आई अमित कुमार एवम सशस्त्र बल ने नशे की हालात में मोहम्मद जुबेर आलम पिता मोहम्मद अतिम अंसारी ग्राम शि-ावराजपुर थाना नबीनगर और सूरजमल कुमार पिता सरवन पास-ावान ग्राम घोघरा थाना रिसियप को गिरफ्तार किया'।

इधर थाना क्षेत्र के भवानोखाप से सुधीर बंजारा पिता रंजीत बंजारा को गांव से नशे की हालत में पी एस आई अनित कुमार एवम सशस्त्र बल द्वारा पुलिस गश्ती के दौरान गिरफ्तार किया गया

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी को रेफरल अस्पताल नबीनगर मे शराब पीने की पुष्टि के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।



# बीसीसीएल प्रबंधक के खिलाफ आक्रोश

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा/अलकडीहा। एटक नेता सत्येंद्र गुप्ता पर झूठा मुकदमा करने के खिलाफ यूनियन की ओर से लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष आउटसोर्सिंग प्रबंधन और बीसीसीएल प्रबंधन का पुतला जलाकर विरोध जताया। मुख्य रूप से एटक नेता सुजीत कुमार मंडल ने बताया कि 15 अगस्त को कजामा



आउटसोर्सिंग परियोजना में घटना हुई वहां हमारे क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र गुप्ता गए भी नहीं थे इसके बावजूद जानबूझकर उनका नाम मुकदमा में जोड़ दिया गया इसी के खिलाफ हम लोग का आंदोलन जारी है आने वाले दिन में डिस्पैच ठप करेंगे। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के कुछ दलाल अफसर भी हैं जो आउटसोर्सिंग प्रबंधन का दलाली करते हैं इनके खिलाफ भी हमारी लड़ाई है। नॉर्थ साउथ डिपार्टमेंटल परियोजना को आउटसोर्सिंग परियोजना में देने की साजिश हो रही है किसी भी कीमत पर इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन होकर आउटसोर्सिंग प्रबंधन महा प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई मौके पर महेंद्र देव उचित महतो योगेश यादव रामस्वरूप पासवान गणेश पासवान मार्जन अंसारी जातुर खान कौशिक राजन बरहन यादव आदि लोग थे।

# रेल प्रशासन अपने कर्मियों के हितों पर भी ध्यान दे- ईसीआरकेयू

## *पी एन एम बैठक में ईसीआरकेयू ने उठाई कई महत्वपूर्ण मांग*

**दैनिक समाज जागरण**

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के साथ मंडल रेल प्रबंधक धनबाद की पी एन एम की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा ने किया। संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अजीत कुमार तथा संचालन सहयोग मंडल कार्मिक अधिकारी श्री रतन राकेश लकड़ा ने किया। रेलकर्मियों के पक्ष की अध्यक्षता ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष कॉम डी के पाण्डेय ने तथा संचालन पी एन एम प्रभारी सह अपर महामंत्री कॉम मो ज्याऊद्दीन ने किया। मौके पर सहायक महामंत्री ओमप्रकाश तथा केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने पूरी सक्रियता से रेलकर्मियों के विभिन्न मांगों को उठाने काम किया।

बैठक में धनबाद मंडल के रेलकर्मियों से जुड़े कई समस्याओं पर नीतिगत निर्णय लिए गए। मंडल रेल प्रबंधक सेशन में प्रमुख विषयों पर केन्द्रीय पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी -

मंडल के अधीन स्थानांतरण आवेदनों पर अविलंब प्रक्रिया शुरू की जाए, मंडल के अंतर्गत ही स्थानांतरण आवेदनों का निष्पादन करने, हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल के साथ रेफरल अनुबंध करने, बरकाकाना क्रू लाबी में रनिंग कर्मचारियों को बैठने और बैग रखने की व्यवस्था करने, रनिंग कर्मचारियों को साईडिंग में काम करने पर मिनिमम किमी स्वीकृति देने, पेट्रोल मैन को अकारण चार्जशीट देना बंद करने, समयबद्ध तरीके से एम ए सी पी देने, काफी दिनों



से बीमार और ईलाजरत कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड द्वारा जल्द यथोचित निर्णय लेने, रेलवे क्लबों के जीर्णोद्धार करने, डी आर एम बिल्डिंग में केन्द्रीकृत आर वो प्लांट लगाने, नये वाकी टाकी की आपूर्ति करने, हजारीबाग रनिंग रुम को जल्द शुरू करने, यात्रा भत्ते की समयबद्ध भुगतान करने, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने, टोरी में चिकित्सक की पदस्थापना करने, कुछ विभागों के सुपरवाइजर द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बेवजह प्रताड़ित करने, टी टी ई रेस्टरूम को वातानुकूलित करने आदि की मांग रखी गई है।

बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि यूनियन की मांग पर गोमो, बरकाकाना तथा चोपन के टी टी ई रेस्टरूम को वातानुकूलित करने और बरकाकाना क्रू लाबी के लिए अलमारी की व्यवस्था प्रगति पर है। मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संभाषण में कहा कि रेलवे अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, आवश्यक उपकरणों और दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, मंडलीय अस्पताल को वातानुकूलित किया जाएगा, कालोनी निरीक्षण तंत्र को सक्रिय किया जाएगा, नये आवास अब बड़े और संसाधन युक्त स्टेशनों पर बनवाया जाएगा।इसके अलावा ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रशासन कदम उठाने के लिए तत्पर है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

इस वर्ष की चौथी पी एन एम बैठक में रेल प्रशासन के महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों सहित ईसीआरकेयू के शाखा सचिवों तथा प्रतिनिधियों के रूप में सी पी पाण्डेय, उमेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, अजीत कुमार मंडल, आर एन चौधरी, महेन्द्र प्रसाद महतो,बी बी सिंह, सोमेन दत्ता, आर के सिंह, रूपेश कुमार, बी के साव, नेताजी सुभाष, ए के तिवारी, बसंत दूबे तथा महिला प्रतिनिधि श्रीमती मीना कुण्डू उपस्थित रहे।

उपरोक्त जानकारी ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास द्वारा दिया गया।

# बेलगड़ीया कॉलोनी में चोरों का आतंक

**दैनिक समाज जागरण**

बलियापुर प्रखंड अंतर्गत पलानी पंचायत के बेलगरिया कॉलोनी टाउनशिप के पार्क के समीप फेज वन के साथ नंबर ट्रांसफार्मर को गुरुवार की रात में 30 की संख्या में अपराधियों ने चुरा कर ले गया । ये पहला घटना नहीं है आए दिन बेलगड़ियां में चोर मचाता है सोर। आखिर क्यों नही होगा चोरी ? बेलगड़िया में न पुलिस की गस्ती होता है और नही अस्थाई ओपी है ।



बलियापुर थाना लगभग 12 किलोमीटर दूर हैं । ये चोर बड़े इलेक्ट्रीशियन से कम नहीं है ।चलती करंट वाला ट्रांसफार्मर को किस तरह खोलकर ले जाता है । साथ ही आपको बता दे । वहीं के समाजसेवी सीमा देवी के द्वारा जानकारी मिली थी । चोरी की खबर मिलते ही सीमा देवी मोहन भुइया तथा अन्य बलियापुर थाना पहुंचकर आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है साथ में जेरेडा प्रबंधक को भी लिखित रूप से आवेदन देकर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत बहाल करने की मांग की है

# 21 एसआई, 30 एएसआई 275 पुलिस कर्मियों का तबादला

**दैनिक समाज जागरण**

एसएसपी ने जारी किया आदेश, 245 ने पुलिस लाइन में दिया था योगदान

धनबाद :एसएसपी संजीव कुमार बड़े पैमाने पर जिले में तबादला और पोस्टिंग की है. शुक्रवार की देर शाम इससे संबंधित आदेश जारी किया. जारी लिस्ट में 21 एसआई, 30 एएसआई समेत 275 पुलिसकर्मी का तबादला और प्रतिनियुक्ति की गई है. 245 पुलिकर्मी ऐसे हैं. जिन्होंने पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर पुलिस लाइन में योगदान दिया था. उन्हें टाइगर, सैट, यातायात, थाना में प्रतिनियुक्त किया जा रहा है. पुलिस केंद्र में जमे 21 एसआई को विभिन्न थाना में तबादला किया गया है. पुलिस केंद्र समेत अन्य विंग में तैनात 30 एएसआई को विभिन्न थानों में तबादला किया गया है. इस संबंध में सार्जेंट मेजर दीपक कुमार प्रसाद ने बताया कि जैसे एसआई, एएसआई समेत 245 पुलिस कर्मी आ रहे है, वैसे ही तबादला किया जा रहा है.

# हाथियों के झुंड ने डुमरी प्रखंड के कुलगो उत्तरी पंचायत के सरैयाटांड़ में मचाया उत्पाद

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 15 सितंबर 2023 :- डुमरी प्रखंड के कुलगो पंचायत सरैयाटांड़ के आसपास के गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने दो दिनों से लगातार उत्पाद मचा रहा है । बताया जाता है कि गुरुवार रात हाथियों के झुंड ने जहां एक बार सोमर महतो के घर को तोड़ा था , वहीं दोबारा जीवाधन महतो के खेत में लगे सोलर प्लेट , ग्रीन हाउस , पंप हाउस , एवं लगभग 5 एकड़ में लगा धान , मकई , भिंडी एवं अन्य फसलों को बर्बाद कर दिया जीवाधन महतो के लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है । हाथियों के झुंड ने कामदेव साव का मकई , मडुवा , कुद्रुम के फसलों को नष्ट कर दिया , एवं अनिल कुमार साहू के बारी में लगे मकई , कुद्रुम , राहर , एवं उनके खेत में लगे धान के फसलों को भी नष्ट कर दिया , जबकि जेठालाल साहू के खेत में लगा धान और छोटेलाल महतो का जमीन में लगा धान तुलसी महतो के बारी में लगा मकई एवं बुद्धेश्वर महतो के भी



जमीन में लगा हुआ मड़वा को हाथियों ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया । हाथियों के उत्पाद की जानकारी पीड़ितों द्वारा वन विभाग को दी गई है बता दें कि हाथियों के झुंड ने इसके पूर्व भी रात भर गांव में धावा बोला और उत्पात मचाया जिसमें कई किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है । जंगली हाथियों के झुंड को अब भी बड़की टांड के इर्द-गिर्द जंगलों में विचरण करते देखा जा रहा है

# प्रधानमंत्री सड़क योजना मद से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 15 सितंबर 2023 :- गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं सदर विधायक सुदीप कुमार सोनू ने प्रधानमंत्री सड़क योजना मद से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़ कर किया ।इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र जयपुर में 6 करोड़ 71 लाख की राशि से प्रस्तावित सड़क निर्माण योजना एवं गिरिडीह डुमरी रोड स्थित बरहमोरिया रोड में 3 करोड़ 63 लाख के लागत से प्रस्तावित योजना का शिलान्यास किया गया ।इस दौरान सांसद एवं विधायक ने संयुक्त रूप से कहा कि हर हाल में ग्रामीण इलाकों को जिला मुख्यालय से जोड़कर ग्रामीणों के परेशानी को दूर करना ही हमारा लक्ष्य



है , और लगातार इस दिशा में हम लोगों के द्वारा पहल किया जा रहा है । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में झामुमो और आजसू के समर्थित और ग्रामीण उपस्थित थे।

# भादो अमावस्या में संस्कृति कार्यक्रम एवं पूजा पाठ का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

तिसरा। भादो अमावस्या को लेकर रानी सती दादी मंदिर प्रांगण जयरामपुर मोर गोलकडीह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पूजा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें भोजपुरी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक जलवा विखेरा।



सिंदरी से आए व्यास उदय यादव अमवा लगवल महुआ लगलव काहे ना लगवल निमिया के डार। काली मैया आ जाना। हे हनुमान जी तोहरे महिमा अपरंपार बा, गणेश वंदना आदि का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति में हो गया वही मंटू राय व्यास और जय मंगल सिंह व्यास ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी भजन कीर्तन गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। रानी सती माता की जय आदि का नारा गुजरा रहा इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर सियाधार सिंह अशोक शर्मा रामप्रवेश रवानी जय नाथ रवानी सोनेलाल राय परमेश्वर साव राजीव कुमार चंचल यादव आदि लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, एक टी0बी0 मरीज का हुआ पहचान

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को झारखंड सरकार की स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने फीता काट कर किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों से संबंधित कुल 12 काउंटर लगाया गया। जिसमें क्षय रोग, फाइलेरिया ,चर्म व कुष्ठ, जांच लैब , आंख जांच , महिला एवं शिशु संबंधित रोग का स्टोल लगाया गया। मेला में होम्योपैथी व आयुर्वेदिक चिकित्सा व मुफ्त दवा का वितरण किया गया।वहीं विधायक ने सभी स्टालों में जाकर जानकारी लेते हुए निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मेला में जांच से एक महिला का क्षय रोग का पहचान किया गया। महिला को विधायक के हाथों एयर वर्ण कीट दवा प्रदान किया गया। वहीं एक फाइलेरिया रोगी को शेल्फ केयर कीट प्रदान



किया गया। वहीं दो क्षय रोगीयों को बीडीओ किकु महतो द्वारा गोद लिए जाने से विधायक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों को औषधीय पौधा देकर स्वागत किया गया। बीडीओ किकु महतो द्वारा डेंगू, मलेरिया व मौसम जनित रोगों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि 12 स्टालों में मरीजों का विभिन्न रोगों का जांच व इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य मेला में काफी लाभ मिल रहा है व मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 दीपक कुमार मांझी, डा0 अनुपम घोषाल,डा0 शेखर,डा0 सोनिया, प्रोग्राम मैनेजर रोशन झां, विष्णु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में एम विश्वेश्वरैया की जयंती मनाई गई

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड) 15 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के लुपुंगडीह स्थित नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में इंजीनियरिंग दिवस के अवसर पर एम विश्वेश्वरैया की जयंती मनाई गई। इस अवसर एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटा शंकर पांडे ने कहा कि विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितम्बर 1860 को मैसूर रियासत में हुआ था। इनके पिता श्रीनिवास शास्त्री संस्कृत विद्वान और आयुर्वेदिक चिकित्सक थे और माता वेंकचाम्मा एक धार्मिक महिला थी। जब विश्वेश्वरैया 15 साल के थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया था। चिकबल्लापुर से इन्होंने प्रायमरी स्कूल की पढाई पूरी की, और आगे की पढाई के लिए वे बैंगलोर चले गए। 1881 में विश्वेश्वरैया ने मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज, बैंग्लोर



से बीए की परीक्षा पास की। इसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। 1883 में एल सी ए और एफ सी ए परीक्षा में वे प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंजीनियरिंग पास करने के बाद विश्वेश्वरैया को बॉम्बे सरकार की तरफ से जॉब का ऑफर आया, और उन्हें नासिक में असिस्टेंट इंजिनियर के तौर पर काम मिला। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने बहुत से अद्भुत काम किये। उन्होंने सिन्धु नदी से पानी की सप्लाई सुक्कुर गाँव तक करवाई, साथ ही एक नई सिंचाई प्रणाली ह्यब्लाक सिस्टमह्न को शुरू किया। इन्होंने बाँध में इस्पात के दरवाजे लगवाए, ताकि बाँध के पानी के प्रवाह को आसानी से रोका जा सके । उन्होंने मैसूर में कृष्णराज सागर बांध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे बहुत से और कार्य विश्वेश्वरैया ने किये, जिसकी सूची अंतहीन है। इस अवसर पर एडवोकेट निखिल कुमार, जोयदीप पांडे, शांति राम महतो, पवन महतो, अजय मण्डल आदि उपस्थित थे।

# पहले आपस में बहस फिर गाली गलौज और चाकू बाजी में तीन युवा घायल

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद पुटकी थाना क्षेत्र पर कुछ युवक आपस में गाली गलौज करते हुए बात इतनी बढ़ गई की चाकू बाजी तक पहुंच गया बताया था तीन युवक बुरी तरह घायल है जिसे रठटउल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया

# बिष्णुगढ़ प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम चलंगा, चेडरा, विलंडी में कार्यक्रम किए गए

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 15 सितंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम पंचायत चेडरा के चलंगा बिरहोर टोला एवं ग्राम पंचायत बनासो के बिलंडि बिरहोर टोला में मतदाता जागरूकता अभियान इलेक्शन किट के माध्यम से खेल खेलते हुए ग्रुप के माध्यम से चलाया गया । जिसमें बताया गया



कि मतदाता पंजीकरण फार्म 6 , 7 , 8 व्यवस्थित करने तथा चुनावी प्रक्रिया मतदान के महत्व यादि के बारे में खेल-खेलाकर जानकारी दी गई , इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिष्णुगढ़ अंचलाधिकारी रामबालक कुमार एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र दांगी एवं ग्रामीण शामिल थे ।

# बाइक रैली निकाल कर रेल टेका मे हजारो की संख्या में सामिल होने का किया अपील

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला**

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़, कुकड़ु व नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी कुड़मी समाज के जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो के नेतृत्व में आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा सुदूरवर्ती गांवों में मोटरसाईकिल की एक विशाल रैली निकाली गई । इस रैली के माध्यम से लोगों को आह्वान किया गया कि कुड़मी को एसटी में शामिल करने की मांग को लेकर 20 सितंबर से नीमडीह स्टेशन में अनिश्चितकालीन रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन में प्रत्येक घर से कम से कम एक या दो सदस्य आंदोलनकालीन हर दिन उपस्थित रहकर एकता का प्रदर्शन करेंगे। । यह रैली नीमडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव जानुम, पलाशडीह, छातारडीह,से आगे कुकड़ू प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों से होते हुए ईचागढ़ प्रखंड के हाड़ात, बारदाडीह, चोगा, आदरडीह, मातकमडीह, सिमलटांड़ होते हुए जारगोडीह गांव में रैली का समापन किया गया। प्रभात कुमार महतो ने कहा कि कुड़मी समाज



लगातार 73 सालों से कुड़मी जनजाति अपने समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए लगातार आंदोलनरत हैं। इस मुहिम के अंतर्गत ही कुड़मी समाज के लोग झारखंड के प्रत्येक प्रखंड एवं प्रत्येक जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया था। जिसका जवाब या आश्वासन गृह मंत्रालय अथवा केंद्र सरकार के माध्यम से अब तक समाज को नहीं मिला। इसलिए पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आदिवासी कुड़मी समाज ने दिनांक 20 सितंबर 2023 से रेल चक्का जाम करने ,रेलवे लाइन पर अनिश्चितकालीन के लिए निर्णय होने तक धर्ना प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के अगुवाई में सीमांत कुमार महतो, भोलानाथ महतो, प्रियरंजन महतो, द्वारिका महतो, उमाकांत महतो अधीनचंद्र महतो, डॉ चंद्रशेखर महतो, दुलालचंद्र महतो, शिवचरण महतो, दीपक चंद्र महतो, उपेंद्र विभीषण जोगेंदर, गुरुपद आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# हाथी पीड़ितों को मार्च से नहीं मिला मुआवजा, हेमंत सोरेन को वन विभाग छोड़ना चाहिए : हरेलाल महतो

*कुकड़ू प्रखंड के ग्रामीणों के बीच आजसू नेता हरेलाल महतो ने टॉर्च, पटाखा व मोबिल वितरण किया*

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 15 सितंबर 2023 : शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड के लेटेमदा में ग्रामीणों के आग्रह पर बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना। इन दिनों हाथियों के प्रकोप को देखते हुए हरेलाल महतो ने निजी स्तर से ग्रामीणों के बीच टॉर्च लाइट, पटाखा तथा मोबिल का वितरण किया। इसमें कुकड़ू प्रखंड के लेटेमदा, दारुदा, नूतनडीह, मुंडाटांड़ आदि गांव के लोगों को सामग्री वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने हाथियों द्वारा किए जा रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की। किसानों ने हरेलाल महतो को बताया कि मार्च माह के बाद से किसी भी हाथी पीड़ित को वन विभाग से मुआवजा नहीं मिला है।



अभी धान का फसल खड़ा हो चुका है, ऐसे समय में फिर से हाथियों का आगमन शुरू हो गया है। वन विभाग हाथियों के ऊपर नियंत्रण करने में विफल है। वन विभाग द्वारा किसानों को टॉर्च व पटाखे नहीं दिए जा रहे हैं। इस मौके पर हरेलाल महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास वन विभाग भी है लेकिन वह इस महत्वपूर्ण विभाग को संभालने में विफल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब मार्च माह से हाथी पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिला है तो हेमंत सोरेन को इसपर ध्यान देना चाहिए था। जब वह वन विभाग संभालने में सक्षम नहीं है तो छोड़ देना चाहिए और किसी दूसरे को वन मंत्रालय सौंप देना चाहिए। हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा के समस्याओं के समाधान के लिए जनता ने जिन्हें जिम्मेदारी सौंपी है वह कमीशन वसूली में व्यस्त हैं। पूरे विधानसभा में एक भी अच्छी सड़क नहीं है, हाथियों के प्रकोप से जनता भयवित है, स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं है। फिर भी हेमंत सरकार अखबारों में विज्ञापन छपवाकर अपनी पीठ थपथपा रही हैं। बैठक को सांसद प्रतिनिधि सचिदानंद महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत महतो, अश्विनी महतो, बबलू महतो, मेघनाथ महतो आदि ने संबोधित किया।

# मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 15 सितंबर 2023 :- मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत सरिया प्रखण्ड के बरसोती नदी में बालहेडीह- चौबे पथ पर पुल का



शिलान्यास किया गया। उक्त पुल से सरिया पश्चिमी क्षेत्र के दर्जनों ग्राम को चौबे रेलवे स्टेशन जाने की सुविधा होगी। चौबे क्षेत्र के ग्रामीणों को अमनारी क्षेत्र में आने में सुविधा होगी। उक्त पुल के बन जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी शिलान्यास के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में हमारा हर समय प्रयास होता है कि आवागमन लोगों को कैसे सुदृढ़ हो इस ख्याल से रोड पुल पुलिया को दुरुस्त करना हम प्राथमिकता रखते हैं । इस अवसर पर हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष जुटे हुए थे

# मारपीट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां : खरसावां पुलिस ने मारपीट कर कर एक युवक को गंभीर रुप से घायल करने के तीन आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस संबंध में खरसावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार महथा ने बताया कि गिरफतार किये गये युवक सीनी ओपी क्षेत्र के सरमाली गांव के कुश सरदार (18) व जोजो गांव के जय मोहन सरदार (20) तथा नंदुडीह गांव के कमल सरदार (24) है. तीनों को न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया है. उन्होंने



बताया कि विगत चार सितंबर को दया हजाम खरसावां के बाजारसाही में अपना सैलुन का दुकान बंद कर साइकिल से खेजुरदा स्थित अपने गांव वापस लौट रहा था. इस दौरान किसी बात को लेकर तीन युवकों के साथ उसकी कहा सुनी हो गयी. तीनों युवकों ने दया हजाम की पीटाई कर गंभीर रुप से घायल कर दिया. इस पर खरसावां पुलिस ने मामले दर्ज कर तीन युवकों को गिरफतार किया है.

# दुर्घटना को दावत देता टिकर पुल, भ्रष्टाचार का पोल खोल रहा टिकर रांगामाटी रोड

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़:- सिल्ली -राँगामाटी रोड जहाँ ईचागढ़ व कुकरू प्रखंड की लाइफ लाइन है जो उद्योग परिवहन का मुख्य मार्ग बनता जा रहा है।आए दिन इस मार्ग पर परिवहन बढ़ता जा रहा है।वही 1998 में बना 25साल पुराना पुल तत्कालीन बिहार सरकार के अलग-अलग फंड को जोड़कर बनाया गया था ,आज वह जर्जर हो चुका है ।जीसके पिलर भी पत्थर का बना है ,जिसका निर्माण तत्कालीन विधायक अरविंद कुमार सिंह के अथक प्रयास से ग्रामीण रोड के अनुरूप तैयार किया गया था ,परंतु बर्तमान में भारी भरकम वाहन चलने से पुल अपना दम तोड़ रहा है। पुल के ऊपर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। पुल का रड भी निकल आया है। पुल के ऊपर 6 महिने पहले ही पीच बनाया गया था,वह भी मात्र 6 महिने में ही उखड़ गया। यह पुल बड़ा दुर्घटना को दावत दे रहा है।यहां कभी भी दुर्घटना हो सकता हैं।सिल्ली राँगामाटी रोड की बात करे तो टिकर से सिल्ली तक का रोड वर्ष 2017 में बना जो अभी भी जस के तस है और वर्ष2022 में बना टिकर से राँगामाटी रोड निर्माण के बाद की पहली वारिश भी झेल नहीं पाया ।जो इस रोड में हुए भ्रष्टाचार का पोल खोल रहा है। सैकड़ों वाहन दिन रात चलने वाले इस सड़क व पुल का तत्काल मरम्मती नहीं कराया गया तो सड़क पर वाहन चलना बंद हो सकता है।